THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 340 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र कृ.4, 2082 शनिवार, 7 मार्च-2026

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

CASAGRAND
building aspirations

Launching
CASAGRAND
CRESTWOOD

TS Rera: P02200010193
rera.telangana.gov.in
Building Permit No. 0816/HMDA/SWDL/2025 | *T&C Apply

WELCOME TO

A life in vogue

जगह–समृध्द 3800+स्क्वे.फीट्स 5 बीएचके विल्लाज

अचानक रु.2.99 करोड* से शुरु

मात्र प्रथम 15 बुकिंग्स करने पर रिजर्व किया जायेगा



LAUNCHING
CASAGRAND
CRESTWOOD

मेडचल एग्जिट 6 से केवल 10 मिनट की दूरी
ग्रेटर हैदराबाद का अगला जुबिलि हिल्स

- 12-एकड कम्युनिटी पर मात्र 130 विल्लाज उपलब्ध
- हरेक विल्ला में 1200 फीट्स युक्त विशेष प्राइवेट गार्डन
- 20 फीट्स युक्त विस्तृत ग्रैंड मास्टर सुइट्स
- 3x अधिक प्रकाश व हवा के लिए 9 फीट्स की विशाल खिड़कियाँ
- 55+ विश्व स्तरीय सुविधाएं एवम् 17000 स्क्वे.फीट्स क्लबहाउस
- 100% वास्तु के अनुरूप मकान उच्च श्रेणी विनिर्देशन सहित

एक नया बेजोड विल्ला डिस्ट्रीक्ट, पास में सभी वस्तुओं से लैस

मेडचल चेकपोस्ट (एनएच-44) से मात्र -05 मिनिट्स --कोम्पल्ली व बाचुपल्ली से मात्र -20 मिनिट्स

सिकंदराबाद सेंटर, पूर्व & पश्चिम मारेडपल्ली से मात्र–35 मिनिट्स– गच्ची बावली आयटी हब्स एवम् फाइनानशियल डिस्ट्रिक्ट से मात्र 45–50 मिनिट्स

जिनोम वैल्ली से मात्र 20 मिनिट्स (जीवन विज्ञान अनुसंधान और विकास व स्वच्छ निर्माण के प्रति देश का पहला संगठित क्लस्टर)

82200 60472 | Exclusive site visit available. Visit model house at site.

CASAGRAND
building aspirations
CHENNAI | BENGALURU | HYDERABAD | COIMBATORE | PUNE | DUBAI

LAUNCHING

# CASAGRAND CRESTWOOD

TS Rera: P02200010193 rera.telangana.gov.in | Building Permit No. 0816/HMDA/SWDL/2025 | *T&C Apply

## जगह–समृध्द 3800+स्क्वे.फीट्स 5 बीएचके विल्लाज, अचानक रु.2.99 करोड* से शुरु

मेडचल एग्जिट 6 से केवल 10 मिनट की दूरी

ग्रेटर हैदराबाद का अगला जुबिलि हिल्स





खास 17,000 स्के.फीट्स क्लबहाउस पर विलासिता का आनन्द लें।



लाउंजेस तथा इससे अधिक सहित 1500 स्के.फीट्स युक्त छत पर तैराकी पूल व्यवस्था



हरेक विल्ला के चारों तरफ 1200 स्के.फीट्स का खास प्राइवेट गार्डन



मार्केट में विशालतम वाक- इन वार्डरोब सहित 20 फीट्सयुक्त विस्तृत बेडरूम

## कासाग्रैंड क्रेस्टवूड पर विल्ला खरीदने के लिए कई अहम कारण

LOCATION MAP




ओआरआर के समीप अर्थात् ग्रेटर हैदराबाद सहित मुख्य जिलों के सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्कृष्ट कनेक्टिवीटी व्यवस्था।

- हवाई अड्डा
- फाइनानशियल डिस्ट्रीक्ट
- गच्ची बावली, हायटेक सिटी
- सिकंदराबाद सिटी सेन्टर
- समीपीय जिले जैसें कामारेड्डी, निजामाबाद, करीमनगर

### आगामी & अन्य विकासशील गतिविधियां-

- मेडचल से मलकाजगिरी तक हायवे & मेट्रो हेतु डबल–डेकर उन्नत गलियारा या कार्रिडोर
- इण्डिया का विशालतम मेडिकल डिवाइसेज पार्क ओआरआऱ 4 पर स्थित है। यह इण्डिया का सबसे विशालतम पार्क लगभग 302 एकड में फैला हुवा है, 40 मिनिट्स भीतर की दूरी पर स्थित।

### ग्रेटर हैदराबाद स्थित इस तेजी से उभरते हुए विल्ला हब में महत्वपूर्ण पूंजी वृध्दि की उम्मीद है।

**Why Casagrand is South India's Leading Developer?**

- Top 7 — Ranked in India
- Top 2 — Ranked in South India
- No.1 — Ranked in Chennai for last 8 years*
- 22+ years — of Trust & Legacy
- 7000+ — Homes sold in FY'24 - 25
- 6 cities — Chennai, Bengaluru, Hyderabad, Pune, Coimbatore & Dubai
- 2 months — Guaranteed rental
- 6 months — Guaranteed resale
- 7 years — Warranty
- 10 years — Maintenance by us
- 2000+ — Quality checks
- On-time — Delivery of projects

**82200 60472** | Exclusive site visit available. Visit model house at site.

CASAGRAND building aspirations

Casagrand Premier Builder Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its equity shares and has filed a draft red herring prospectus ("DRHP") with the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"). The DRHP is available on the website of our Company, at www.casagrand.co.in, the SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the websites of the book running lead managers Motilal Oswal Investment Advisors Limited and DAM Capital Advisors Limited at www.motilaloswalgroup.com and www.damcapital.in respectively, and the websites of the stock exchange(s) at www.nseindia.com and www.bseindia.com, respectively. Any potential investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see "Risk Factors" of the RHP, when available. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI for making any investment decision.





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 340 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र कृ.4, 2082 शनिवार, 7 मार्च-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट स्पेस के लिए 'कैब' बनाने को तैयार

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। स्पेस स्टार्टअप्स में भारत दुनिया के दिग्गज देशों से बराबरी का मुकाबला कर रहा है। उसी क्रम में भारत का उभरता हुआ स्पेस स्टार्टअप्स 'स्काईरूट एयरोस्पेस' अपने स्पेशल बिजनेस मॉडल और महत्वाकांक्षी योजनाओं के जरिए अंतरिक्ष सेक्टर में धूम मचाने की तैयारी कर रहा है। कंपनी के को-फाउंडर पवन कुमार चंदना का कहना है कि उनका लक्ष्य बड़ी स्पेस कंपनियों से सीधे मुकाबला करना नहीं है, बल्कि स्पेस मार्केट के उस हिस्से पर फोकस करना है, जिस पर किसी की नजर नहीं पड़ी है।

# 'कृषि क्षेत्र के निर्यात को बढ़ाना जरूरी'

## पीएम मोदी ने किसान योजना का किया जिक्र

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एग्रीकल्चर एंड रूरल ट्रांसफॉर्मेशन' विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है। इसे अधिक प्रतिस्पर्धी व निर्यात उन्मुख बनाने की जरूरत है।



**पीएम किसान निधि योजना से कितने किसानों को मिला लाभ :**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय और सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 10 करोड़ किसानों को पीएम किसान निधि योजना के तहत 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है। वहीं पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत करीब 2 लाख करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया गया है। इससे किसानों का जोखिम कम हुआ है और उन्हें बुनियादी आर्थिक सुरक्षा मिली है।

**उच्च मूल्य वाली कृषि को लेकर क्या बोले मोदी :**

मोदी ने कहा कि इस साल के बजट में उच्च मूल्य वाली कृषि पर विशेष जोर दिया गया है। क्षेत्र विशेष के उत्पादों जैसे नारियल, काजू, कोको और चंदन को बढ़ावा देने की बात कही गई है। उन्होंने बताया कि केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में नारियल के पुराने पेड़ों के कारण उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है, इसलिए किसानों को अतिरिक्त लाभ दिलाने के लिए बजट में नारियल क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमालयी राज्यों में टेम्पर्ड नट फसलों को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया है। इससे निर्यात उन्मुख उत्पादन बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रोसेसिंग व वैल्यू एडिशन के जरिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि भारत की विविध जलवायु और अलग-अलग कृषि-जलवायु क्षेत्रों का लाभ उठाकर कृषि को वैश्विक बाजार से जोड़ा जा सकता है। इसके लिए गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों को मजबूत करना जरूरी है ताकि भारतीय कृषि उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकें।

**रसायनिक मुक्त और प्राकृतिक खेती पर दिया जोर :**

प्रधानमंत्री ने रासायनिक मुक्त और प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और ऑर्गेनिक तथा केमिकल-फ्री खाद्य उत्पादों की मांग बढ़ रही है। ऐसे में प्राकृतिक खेती भारत के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंचने का एक बड़ा अवसर बन सकती है। इसके लिए सरकार प्रमाणन और प्रयोगशालाओं जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के दूसरे चरण में प्रवेश के साथ कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करना जरूरी है। बजट में उत्पादकता बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा तय की गई है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि वेबिनार में आए सुझावों से बजट प्रावधानों को तेजी से लागू करने में मदद मिलेगी और कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

## केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में नहीं घटेंगे 'आईपीएस' के पद

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) में 'आईपीएस' अफसरों की प्रतिनियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार, वैधानिक संशोधन की तैयारी में है। अब यह मामला, गृह मंत्रालय से 'पीएमओ' में जा चुका है। पीएमओ की सलाह के बाद ही आईपीएस प्रतिनियुक्ति के 'नियमों में बदलाव' होगा।

विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि फिलहाल पीएमओ, किसी भी तरह से केंद्रीय बलों में आईपीएस की प्रतिनियुक्ति का कोटा घटाने के मूड में नहीं है। इसके पक्ष में सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। साथ ही अर्धसैनिक बलों के कैडर अफसर, जो पदोन्नति के मोर्चे पर पिछड़ रहे हैं, उन्हें भी कुछ राहत दी जा सकती है। सीएपीएफ अफसरों के कैडर रिव्यू में विभिन्न रैंकों के लिए तय अपग्रेडेशन के प्रतिशत में बढ़ोतरी किए जाने की उम्मीद है।

# अनुज अग्निहोत्री बने ऑल इंडिया टॉपर

## दूसरे नंबर पर राजेश्वरी का कब्जा




नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक सिविल सर्विसेज एग्जाम (सीएसई) 2025 का अंतिम परिणाम आखिरकार जारी कर दिया गया है। 6 मार्च 2026 को आयोग ने फाइनल रिजल्ट घोषित किया। इस बार अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम रहीं, जबकि तीसरा स्थान एकांश ढुल ने प्राप्त किया है। चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला और पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर रहे। इस वर्ष कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न केंद्रीय सेवाओं के लिए चयनित किया गया है। इन अभ्यर्थियों की सिफारिश इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आईएएस), इंडियन फॉरेन सर्विस (आईएफएस), इंडियन पुलिस सर्विस (आईपीएस) तथा अन्य ग्रुप 'ए' और ग्रुप 'बी' सेवाओं के लिए की गई है। लिखित परीक्षा अगस्त 2025 में आयोजित की गई थी, जबकि इंटरव्यू प्रक्रिया दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच संपन्न हुई।

## अनिल अंबानी से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई : मुंबई-हैदराबाद में छापेमारी

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़े धन शोधन मामले में मुंबई और हैदराबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक एजेंसी की करीब 15 टीमें इस कार्रवाई में लगी हैं और कंपनी व उसके अधिकारियों से जुड़े लगभग 10 से 12 स्थानों की तलाशी ली जा रही है।

**किस मामले को लेकर हो रही है जांच :**

ईडी की यह जांच उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़ी कई कंपनियों के खिलाफ कथित बैंक लोन फ्रॉड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (एफईएमए) के तहत वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, 66 वर्षीय अनिल अंबानी से इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून के तहत पहले भी दो बार पूछताछ की जा चुकी है। इस मामले की जांच के लिए ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एजेंसी ने शीर्ष अदालत को दी जानकारी में बताया है कि अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) से जुड़े बैंक लोन फ्रॉड और अन्य वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए अब तक तीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले दर्ज किए गए हैं।

## ईरान ने 22वीं बार इजराइल पर मिसाइलें दागीं

तेल अवीव/तेहरान, 6 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। इस दौरान रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं।

दूसरी ओर ईरानी सेना ने कहा कि उसके जमीनी बलों ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक कई विनाशकारी ड्रोन अमेरिकी बेस की ओर भेजे गए। ईरानी सेना ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे हमले जारी रहेंगे। इस दौरान ट्रम्प ने खामेनेई के बेटे को उनका उत्तराधिकारी मानने से इनकार किया। अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान में 1332 लोगों की मौत। ईरान में अब तक 1300 हमले हुए, 14 मेडिकल सेंटर निशाना बने। ईरान में कई जगह पानी और बिजली सप्लाई ठप हुई। इजराइल ने ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर तबाह किए। ईरान बोला- कुवैत-बहरीन और यूएई में 20 अमेरिकी बेस को नुकसान हुआ।

# 'कोई देश खुद को नहीं कह सकता सर्वोच्च ताकत'

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज कोई भी देश पूरी तरह से हावी नहीं है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि 20वीं सदी के मध्य से एक निश्चित विश्व व्यवस्था बनाए रखने की वैश्विक अपेक्षा 'अवास्तविक' थी, और अब शक्ति विभिन्न आयामों में काफी हद तक फैल गई है।

रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने पिछले सात दशकों में वैश्विक शासन के विकसित होते स्वरूप पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, जब हम इन 70 वर्षों को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो मुझे लगता है कि 1945 या 1989 को हमेशा के लिए स्थिर करने की उम्मीद एक बहुत ही अवास्तविक उम्मीद थी। दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग 2026 में जयशंकर ने कहा कि 1945 या 1989 के बाद बने विश्व व्यवस्था को हमेशा के लिए बनाए रखने की उम्मीद करना अवास्तविक था। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल को अगर इतिहास के नजरिए से देखें तो यह भारत के हजारों साल के इतिहास का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है, इसलिए दुनिया का बदलना स्वाभाविक है। जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें काम कर रही हैं तकनीक (टेक्नोलॉजी) और जनसंख्या का स्वरूप (डेमोग्राफी)। आने वाले दशक में यही दोनों कारक दुनिया की दिशा तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज वैश्विक राजनीति का विश्लेषण अक्सर अमेरिका के इर्द-गिर्द किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दुनिया धीरे-धीरे कई ताकतों में बंट रही है। अब कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो हर क्षेत्र-जैसे अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति, तकनीक या कूटनीति में पूरी तरह से हावी हो। विदेश मंत्री के मुताबिक आज ताकत का मतलब सिर्फ जीडीपी या सैन्य शक्ति नहीं रह गया है।

# 'समुद्र बन रहे वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र'

> पश्चिम एशिया संकट पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ




कोलकाता, 6 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बदलती वैश्विक राजनीति में समुद्र एक बार फिर दुनिया की शक्ति संतुलन का केंद्र में आ गए हैं। अब यह भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास और पूरी क्षमता के साथ समुद्री क्षेत्र में नेतृत्व करे। राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रम को असामान्य बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस इलाके के हालात पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाल सकते हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह सामान्य नहीं है।

इस समय यह कहना मुश्किल है कि वहां के हालात आगे किस दिशा में जाएंगे। रक्षा मंत्री ने होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह इलाका दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। जब भी इस क्षेत्र में कोई रुकावट आती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की सप्लाई पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि आज सिर्फ ऊर्जा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूसरे सामानों की सप्लाई चेन में भी रुकावटें आ रही हैं। इन अनिश्चितताओं की वजह से वैश्विक व्यापार को नुकसान हो रहा है। सिंह ने कहा कि मौजूदा हालात ने एक बार फिर समुद्रों की अहमियत को साबित किया है।

उन्होंने कहा, बदलती वैश्विक राजनीति के इस दौर में समुद्र शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं। एक बड़े समुद्री देश के तौर पर भारत को साफ विजन के साथ आगे आना होगा। हालांकि, रक्षा मंत्री ने श्रीलंका के पास अमेरिकी हमले में ईरानी युद्धपोत के डूबने का सीधा जिक्र नहीं किया। बता दें कि ईरानी युद्धपोत 'आईआरआईएस डेना' भारत की मेजबानी वाले मिलान नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था, तभी उसे निशाना बनाया गया।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने का प्रस्ताव

> 118 सांसदों ने किया समर्थन

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। विपक्ष ने उन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। कांग्रेस ने कहा है कि यह प्रस्ताव नियमों और परंपराओं के अनुसार है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी विपक्षी दलों ने स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर 9 मार्च को चर्चा होगी। जयराम रमेश ने यह भी बताया कि इस नोटिस पर 118 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। जयराम रमेश ने कहा, यह एक स्वस्थ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हमने जो प्रस्ताव दिया है, वह नियमों और परंपराओं के मुताबिक है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। उदाहरण के लिए, 1954 में महान स्पीकर जी वी मावलंकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।

**कांग्रेस ने कहा : प्रस्ताव पर बहस होनी चाहिए :**

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, ये संसदीय लोकतंत्र के साधन हैं। विपक्ष को इसका पूरा अधिकार है। इस पर बहस होगी, देखते हैं उसके बाद क्या होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने स्पीकर के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के खास उदाहरण दिए हैं, जबकि विपक्षी सदस्यों पर झूठे आरोप लगाए गए। हमने पूरा संदर्भ बताया है और इस पर बहस होनी चाहिए। अगले सोमवार को लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान वह अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।

# प्रधानमंत्री समझौतावादी हैं : राहुल गांधी



नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश नीति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाते हुए टिप्पणी की है।

राहुल गांधी के आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर 11 फरवरी को लोकसभा में दिए गए भाषण का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया है, भारत की विदेश नीति हमारे लोगों की सामूहिक इच्छा से उत्पन्न होती है। यह हमारे इतिहास, हमारी भौगोलिक स्थिति और सत्य एवं अहिंसा पर आधारित हमारी आध्यात्मिक विचारधारा में निहित होनी चाहिए। आज हम जो देख रहे हैं, वह नीति नहीं है। यह एक भ्रष्ट व्यक्ति के शोषण का परिणाम है। राहुल गांधी ने जो वीडियो पोस्ट किया है, उस पर लिखा है, 11 फरवरी 2026 को लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा के खतरे में होने की चेतावनी दी। अमेरिका ही तय करेगा कि हम किससे तेल खरीद सकते हैं और किससे नहीं। चाहे रूस से खरीदना हो या ईरान से, अमेरिका ही फैसला करेगा। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री फैसला नहीं करेंगे। एक दिन पहले 5 मार्च को भी राहुल गांधी ने कहा था, विश्व एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है। आगे भयंकर संकट मंडरा रहा है। भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी बदतर है। संघर्ष हमारे पड़ोस तक पहुंच गया है, हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत डूब गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ऐसे समय में हमें एक स्थिर नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके विपरीत भारत के पास एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो समझौतावादी हैं और रणनीतिक स्वायत्तता को त्याग दिया है।

हालांकि पिछले सप्ताह इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 15 प्रतिशत से अधिक उछाल देखा गया था, लेकिन शुक्रवार सुबह तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इसकी मुख्य वजह यह रही कि अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट देने का फैसला किया है।

# '16 साल से कम के बच्चों के लिए करेंगे सोशल मीडिया बैन'

## बजट भाषण में बोले कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया



बेंगलूरू, 6 मार्च (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को अपना 17वां बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार संघीय शासन व्यवस्था का पालन नहीं कर रही है। इस वजह से कर्नाटक के साथ अन्याय हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार विकास की ऐसी रणनीति अपना रही है, जिसमें जन कल्याण योजनाओं और बुनियादी ढांचे में निवेश के बीच संतुलन बनाया गया है।

बजट भाषण के दौरान सीएम ने बच्चों को मोबाइल के बुरे असर से बचाने के लिए 16 साल से कम उम्र के किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाने का भी एलान किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि वह राज्य की मांगों के प्रति अधिक संवेदनशील बने। साल 2026-27 का बजट पेश करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि कर्नाटक देश के विकास में सबसे आगे है। यह देश को सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले प्रमुख राज्यों में से एक है। उन्होंने जानकारी दी कि साल 2026-27 के लिए कुल खर्च 4,48,004 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। सिद्धारमैया के राजनीतिक करियर का यह 17वां बजट है। बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कई बड़ी घोषणाएं भी की है। उन्होंने बताया कि आईआईएससी, इसरो और कीओनिक्स मिलकर बैंगलोर रोबोटिक्स और एआई इनोवेशन जोन नाम का एक खास कैंपस बनाएंगे। यह कैंपस रोबोटिक्स और एआई तकनीक को बढ़ावा देगा।

# 'भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को करूंगी बेनकाब'

## एसआईआर के खिलाफ धरना शुरू करते हुए बोली ममता बनर्जी




कोलकाता, 6 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनावों से ठीक पहले मतदाता सूची से कथित तौर पर मनमाने ढंग से नाम हटाए जाने के विरोध में एक धरना शुरू किया। इस कदम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और चुनाव आयोग के बीच टकराव और बढ़ गया है।

कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू करते हुए, बनर्जी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और उन्हें बेनकाब करने की कसम खाई। टीएमसी सुप्रीमो ने विरोध प्रदर्शन की शुरूआत में कहा, मैं बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को बेनकाब करूंगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संशोधित मतदाता सूची में कई मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया है। बनर्जी ने कहा, मैं उन मतदाताओं को, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर दिया है, इस विरोध स्थल पर प्रस्तुत करूंगी। यह धरना, जो मध्य कोलकाता में दोपहर 2:15 बजे शुरू हुआ। इसकी घोषणा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पहले ही कर दी थी। उन्होंने चुनाव आयोग पर राजनीतिक रूप से प्रेरित अभ्यास करने का आरोप लगाया था, जिससे लाखों योग्य मतदाता मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

**कैस शुरू हुआ विवाद :**

यह विवाद चुनाव आयोग की नई वोटर लिस्ट आने के बाद बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर से एसआईआर शुरू होने के बाद से 63.66 लाख नाम लिस्ट से हटा दिए गए हैं। यह कुल मतदाताओं का लगभग 8.3 प्रतिशत है। इसके कारण बंगाल में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। इसके अलावा, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को जांच के दायरे में रखा गया है।

## एक साथ 12 लक्ष्यों को भेदता है रूस का घातक हथियार भारत ने किया सौदा

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने नौसेना की हवाई सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए बड़ा रक्षा सौदा किया है। रक्षा मंत्रालय ने कुल 5,083 करोड़ रुपये की खरीद को मंजूरी दी है, जिसमें एएलएच एमके-III (एमआर) हेलीकॉप्टर और वर्टिकल लॉन्च शितल एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम (वीएल-श्टिल) शामिल हैं।

मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना ने 2,182 करोड़ रुपये में सतह से हवा में मार करने वाले वीएल-श्टिल मिसाइल सिस्टम की खरीद के लिए रूस की कंपनी जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ समझौता किया है। इस प्रणाली के शामिल होने से भारत की समुद्री रक्षा क्षमता और मजबूत होगी और पाकिस्तान जैसे नजदीकी दुश्मनों से आने वाले हवाई खतरों से निपटने में मदद मिलेगी। यह प्रणाली एक साथ 12 लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता रखती है।

# 'रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम'

> ओडिशा में बोले अमित शाह



नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

**शाह ने रेड कॉरिडोर को लेकर क्या कहा :**

ओडिशा के कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से लेकर नेपाल के पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा एजेंसियों ने नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है और अब देश लाल आतंक को समाप्त करने के करीब पहुंच गया है। शाह ने सीआईएसएफ की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह बल देश के प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा देकर आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने देश की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी प्रगति की है।

## 6 प्रत्याशियों के 3 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक, चुनाव आयोग का एक्शन

लखनऊ, 6 मार्च (एजेंसियां)। यूपी में 6 प्रत्याशियों के 3 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2022 में लड़ने वाले इन 6 प्रत्याशियों ने अपने निर्वाचन खर्च का विवरण जमा नहीं किया था। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर अपने खर्च के बिल जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा कराने होते हैं। इन प्रत्याशियों को नोटिस भी भेजा गया था, लेकिन उन्होंने चुनाव आयोग को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद आयोग ने कार्रवाई करते हुए तीन साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया।

## पकड़ी गई 2166 करोड़ की आईटीसी गड़बड़ी

# बोगस फर्मों पर 345 एफआईआर दर्ज; 9731 करोड़ की वसूली

लखनऊ, 6 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में राज्य कर विभाग की ओर से सभी जिलों में कराए गए व्यापारी संवाद कार्यक्रम का असर दिखने लगा है। विभाग ने फरवरी में 9731 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह कर उपलब्धि हासिल की है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 352 करोड़ रुपये अधिक है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 103779 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया है जो बीते वर्ष की समान अवधि से 402 करोड़ ज्यादा है।

राज्य कर विभाग ने जीएसटी 2.0 के तहत ई-इनवॉइस, ई-वे बिल और ऑनलाइन रिटर्न फाइलिंग प्रणाली को




मजबूत कर करदाताओं के लिए अनुपालन को आसान बनाया है। इससे कर चोरी पर अंकुश लगाने के साथ-साथ स्वैच्छिक कर भुगतान को भी प्रोत्साहन मिला। प्रदेश के सभी 75 जिलों में हुए व्यापारी संवाद कार्यक्रमों में जीएसटी सुधार, रिटर्न फाइलिंग, ई-इनवॉइस और ई-वे बिल जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यालय स्तर पर जीएसटी हितधारकों और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के साथ भी बैठकें की गईं। राज्य कर विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित रिटर्न स्क्रूटनी प्रणाली लागू की। इसके तहत 1.59 लाख करदाताओं के 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन संबंधी डाटा का विश्लेषण किया गया। बोगस फर्मों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया।

विभाग ने 2166 करोड़ रुपये की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) गड़बड़ी का खुलासा किया। इस मामले में कुल 345 एफआईआर दर्ज की गईं। इनमें 228 केंद्रीय स्तर और 117 राज्य स्तर की कार्रवाई शामिल है। 86 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। 137 करोड़ रुपये की आईटीसी को ब्लॉक किया गया।

प्रवर्तन और विशेष अन्वेषण इकाइयों की सक्रियता के चलते अब तक 1642 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जमा कराई गई है। जीएसटी में 2406 करोड़ और वैट के तहत 711 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। कुल मिलाकर 3117 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1939 करोड़ अधिक है। ईंट-भट्ठा कारोबार से जनवरी 2026 में 47.62 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो दिसंबर की तुलना में दोगुने से अधिक है।

## 17 साल के भतीजे ने चाची की हत्या की

मेरठ, 6 मार्च (एजेंसियां)। मेरठ में सुबह 17 साल के भतीजे ने 32 साल की चाची की हत्या कर दी। भतीजा अचानक बेडरूम में घुसा। कनपटी में सटाकर तमंचे से 2 गोली मारी। फिर मौके से भाग गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद उसने मवाना थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। बोला- आए दिन चाची झगड़ा करती थी, इसीलिए गोली मार दी। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 9:20 बजे सभी घर के कामों में बिजी थे, तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिवार के लोग दौड़े तो पूजा त्यागी बेडरूम में फर्श पर पड़ी तड़प रही थी। इतने में 17 साल का भतीजा तमंचा लेकर भागता दिखाई दिया। थोड़ी ही देर में पूजा ने दम तोड़ दिया। 4 साल पहले मोदीनगर की रहने वाली पूजा की शादी धर्मेंद्र त्यागी से हुई थी।

## बिक रहा मिलावटी तेल 38 कंपनियों को नोटिस

उन्नाव, 6 मार्च (एजेंसियां)। यूपी में खाने के तेल में बड़े पैमाने पर मिलावट हो रही है। सरसों के तेल में घटिया तेल मिलाया जा रहा है। रंग और झाग के लिए केमिकल मिलाकर बनाया और बेचा जा रहा। इसका खुलासा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग (एफएसडीए) की कार्रवाई में हुआ है। एफएसडीए की जांच के दौरान कुछ चौंकाने वाले खुलासे हुए। उन्नाव और मुजफ्फरनगर में एफआईआर दर्ज की गई है। 38 तेल कंपनियों और फर्मों को नोटिस जारी किया गया है।

क्यों कार्रवाई यह हुई? किस तरह की मिलावट या कमियां मिलीं? अभियान के दौरान कितनी फर्म की जांच की गई? कितना तेल जब्त किया गया? यूपी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की आयुक्त रोशन जैकब ने होली और रमजान को लेकर पूरे प्रदेश में खाने की सामग्री को लेकर एक बड़ा अभियान चलाया।

## गायत्री प्रजापति छह माह से अस्पताल में भर्ती



लखनऊ, 6 मार्च (एजेंसियां)। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति छह महीने से लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल के निजी वार्ड में भर्ती हैं। डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी है। लेकिन, लंबे समय तक अस्पताल में उनके भर्ती रहने पर अब सवाल उठने लगे हैं। बता दें कि, 1 अक्तूबर 2025 को जेल में एक अन्य कैदी ने गायत्री प्रजापति पर हमला कर दिया था। इसमें उनके सिर में चोट आई थी। शुरुआती इलाज केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में चला।

इसके कुछ दिनों बाद उन्हें बलरामपुर अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया। तब से वह अस्पताल के प्राइवेट रूम में भर्ती हैं। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, पूर्व मंत्री केवल सिर की चोट ही नहीं, बल्कि कई पुरानी बीमारियों डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, गुर्दे से जुड़ी बीमारी और कमर दर्द से भी जूझ रहे हैं।

चर्चा इस बात की है कि यदि छह माह में भी बीमारी काबू में नहीं आई है, तो डॉक्टर उन्हें न तो किसी उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर कर रहे हैं और न ही वापस जेल भेजने की स्थिति स्पष्ट कर रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से उनके कमरे के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है। अस्पताल की निदेशक डॉ। कविता आर्या ने बताया कि पूर्व मंत्री का इलाज विशेषज्ञों की निगरानी में चल रहा है। मरीज की वर्तमान शारीरिक स्थिति को देखते हुए ही उपचार की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। डॉक्टरों की सलाह पर ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## पेंट फैक्ट्री में भीषण आग

गाजियाबाद, 6 मार्च (एजेंसियां)। गाजियाबाद में रात पेंट बनाने वाली की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लपटें करीब 2 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थी। इससे कर्मचारियों में अफरा-तफरा मच गई। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। अंदर रखे केमिकल से भरे ड्रम तेज धमाकों के साथ फटे, जिससे आग और विकराल हो गई।

आग लगने की सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। शहर के अलग-अलग फायर स्टेशनों से कुल 12 गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं। तब जाकर काबू पाया जा सका। घटना मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में हुई। कर्मचारी काम खत्म कर घर चले गए थे। उस समय फैक्ट्री में केवल गार्ड और सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। फैक्ट्री में पेंट बनाने के लिए ड्रम में केमिकल रखा हुआ था। इसी दौरान अचानक आग भड़क गई और देखते ही देखते लपटें फैलने लगीं।

## सीओ सौम्या अस्थाना के वायरल ऑडियो पर डीजीपी ने मांगा स्पष्टीकरण



मेरठ, 6 मार्च (एजेंसियां)। सीओ ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना का एक 29 सेकेंड का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। ऑडियो में सीओ अपने अधीनस्थों से कह रही हैं कि थाने के अंदर किसी भी पत्रकार के वीडियोग्राफी करने पर मुकदमा दर्ज किया जाए। ऑडियो पर डीजीपी ने सीओ से स्पष्टीकरण मांग लिया है। हालांकि पुलिस की तरफ से भी बताया गया कि ऑडियो आंशिक है पूर्ण नहीं है। एक गैर मान्यता प्राप्त पोर्टल संचालक के द्वारा थाने में दो पक्षों की निजी बातचीत का वीडियो बनाया जा रहा था। इसके लिए सीओ ने अपने सर्किल के थानों को दिशा निर्देश दिए थे। वहीं, एसएसपी अविनाश पांडेय ने कहा कि सीओ ने यह बयान पोर्टल वालों के लिए दिया था। प्रिंट मीडिया के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। ऑडियो में सीओ ब्रह्मपुरी बोल रही है, सभी थाने ध्यान दें, किसी भी थाने के अंदर किसी भी पत्रकार द्वारा वीडियोग्राफी की जाए तो तुरंत मुकदमा दर्ज कर दिया जाए।

टीपीनगर थाने के अंदर कोई प्रकरण चल रहा था। वहां पर बता दिया गया है कि मुझे थाने के अंदर दिखाई दे गए तो कार्रवाई करा दूंगी। किसी भी हालत में मेरे किसी भी थाने के अंदर पत्रकार द्वारा वीडियोग्राफी नहीं की जाएगी। अगर ऐसा होता है, डे अफसर व थाना प्रभारी से बात होगी।

## भाजपा नेता ने पड़ोसी के सीने पर तानी पिस्टल

अलीगढ़ अलीगढ़ में होली का चंदा न देने पर पड़ोसी और भाजपा नेता का नाबालिग बेटा आपस में भिड़ गए। पड़ोसी डंडा लेकर मारने दौड़ा तो भाजपा नेता के नाबालिग बेटे ने पड़ोसी पर फायरिंग कर दी। गोली उनके कान के पास से होकर गुजर गई। पड़ोसी बाल बाल बचा। पत्नी ने फोन करके भाजपा नेता को जानकारी दी। वह थोड़ी ही देर में घर पहुंच गए।

आरोप है कि उन्होंने बेटे को समझाने के बजाए पिस्टल पड़ोसी के सीने पर तान दी। शोर गुल सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों को अलग कराया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। भाजपा नेता और उनके बेटे को पकड़कर थाने ले आई। थाने के बाहर से ही नाबालिग बेटा भाग गया। पुलिस अब भाजपा नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना बन्नादेवी थाना क्षेत्र की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

## एम्स डॉक्टर के भाई की मौत मृतकों की संख्या बढ़कर हुई दो

गोरखपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। चार फाटक ओवरब्रिज हादसे में गंभीर रूप से घायल डॉक्टर के भाई की शुक्रवार सुबह एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इससे पहले बीआरडी मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। शाहपुर के जेल रोड पर रहने वाले 50 वर्षीय उमेश शर्मा ठीकेदारी करते थे। हादसे के बाद गंभीर हालत में एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां वह कोमा में थे।

इस मामले में उमेश के भाई, पार्क रोड स्थित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ। कमलेश शर्मा ने शाहपुर थाना पुलिस को तहरीर देकर फॉर्च्यूनर चालक गोल्डेन साहनी पर जान से मारने की नियत से स्कूटी में टक्कर मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने उनकी तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अब उमेश शर्मा की मौत हो जाने के बाद मुकदमे में धारा बढ़ाई जाएगी और हत्या के प्रयास के मुकदमे को गैर इरादतन हत्या में तरमीम किया जाएगा। स्वजन के अनुसार, उमेश शर्मा बुधवार की शाम मोहद्दीपुर में रहने वाली अपनी बहन से मिलने आए थे।

## फेसबुक पर कोर्ट-जजों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

प्रयागराज, 6 मार्च (एजेंसियां)। प्रयागराज में सोशल मीडिया पर कोर्ट और जज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोर्ट ने पुलिस को 16 मार्च तक आरोपी को ट्रेस कर कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट चौकी प्रभारी विनय कुमार शुक्ला की तहरीर पर कैंट थाने में आरोपी फेसबुक अकाउंट 'अश्वनी अंबेडकर मूलनिवासी' के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि 'अश्वनी अंबेडकर मूलनिवासी' नाम के फेसबुक अकाउंट से देश की अदालत और न्यायाधीशों के बारे में अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थीं। मामला सामने आने के बाद इसे गंभीर माना गया। मामला संज्ञान में आने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। कैंट थाना पुलिस सोशल मीडिया अकाउंट के आधार पर आरोपी की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है। इसके लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है, ताकि फेसबुक अकाउंट चलाने वाले व्यक्ति की सही पहचान हो सके। कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सांसद प्रिया सरोज ने सुपर फास्ट शटल एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई



जौनपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज ने जलालगंज से शटल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शुक्रवार से इस ट्रेन का ठहराव जलालपुर शुरू हो गया है। वाराणसी-लखनऊ शटल ट्रेन का ठहराव जलालगंज रेलवे जंक्शन पर शुक्रवार से शुरू हो गया। सांसद ने बताया कि निरंतर प्रयासों और जनहित में उठाई गई आवाज का ही यह परिणाम है। प्रिया सरोज ने बताया कि ट्रेन का यह ठहराव क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी और इसकी स्वीकृति मिलना पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर सांसद प्रिया सरोज ने कहा कि यह ट्रेन सेवा क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सुविधा लेकर आएगी, जिससे यात्रा करना और भी आसान हो जाएगा। सांसद ने बताया कि क्षेत्रवासी भी जलालगंज रेलवे जंक्शन पर अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन के दौरान पहुंचे थे।

उन्होंने बताया कि यह एक ऐतिहासिक दिन है जब क्षेत्र के लोग इस नई ट्रेन सेवा का लाभ उठा सकेंगे। सांसद प्रिया सरोज ने इसके साथ ही रेल मंत्रालय का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस जनहित की मांग को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि यह ठहराव न केवल यात्रा की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस ट्रेन सेवा के शुरू होने से जलालपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लाभ होगा। इससे न केवल यात्रा का समय कम होगा, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

सांसद ने कहा कि यह क्षेत्र के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम है और हम सभी को मिलकर इस सेवा का लाभ उठाना चाहिए। जलालगंज रेलवे स्टेशन पर शटल एक्सप्रेस का ठहराव क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसकी वजह से अब वाराणसी के साथ ही जौनपुर के आंचलिक लोगों का लखनऊ से सीधा संपर्क हो सकेगा।

## जेडीयू बचानी है तो निशांत को चेहरा बनाएं नीतीश कुमार : सांसद पप्पू यादव



पटना, 6 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्णिया से निर्दलीय सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने कहा है कि आगे निशांत कुमार बिहार की कमान सौंपी जानी चाहिए। पप्पू यादव ने जदयू को सुरक्षित रखने के लिए निशांत से अच्छा चेहरा नहीं हो सकता है। पप्पू यादव ने आईएएनएस से बात करते हुए नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, कार्यकर्ता हमेशा नीतीश कुमार के साथ रहे। बिहार की जनता ने भी उनका साथ दिया है, तो अभी धोखा क्यों? कांग्रेस नेता ने पूछा, नीतीश कुमार को इतनी जल्दबाजी क्या थी? होली के दिन एक दूसरे से मोहब्बत करते हैं और दुश्मन को भी दोस्त बना लेते हैं। ऐसा कौन-सा भारत-पाकिस्तान युद्ध चल रहा था कि आपको होली के अवसर पर ही अपना फैसला लेना था? नीतीश कुमार पहले भी अस्वस्थ थे, फिर उन्हें क्यों मुख्यमंत्री बनाया गया था?

क्या यह डील पहले हो गई थी? कांग्रेस नेता ने कहा, जनता कल नीतीश कुमार से सवाल कर सकती है और पूछ सकती है कि हमने आपको मैंडेट दिया, हमने दूल्हा आपको बनाया आपने किसी और को कैसे बना दिया? नीतीश कुमार से मेरा आग्रह है कि जब जनता ने दूल्हा आपको बनाया, आपको मैंडेट दिया तो आप इसे ट्रांसफर क्यों कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार को धोखा नहीं दिया, बल्कि नेताओं ने जनता व कार्यकर्ताओं को धोखा दिया है। आस्तीन का सांप जदयू के अंदर ही था। इसी दौरान, पप्पू यादव बोले, नीतीश कुमार अपने बेटे निशांत या जदयू के किसी बेहतर नेता को मुख्यमंत्री बनाएं।

जदयू को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो निशांत से अच्छा सीएम चेहरा और कोई नहीं हो सकता है। पप्पू यादव ने अपनी बात दोहराते हुए कहा, बिहार में एनडीए को नीतीश कुमार के नाम पर जनसमर्थन मिला, लेकिन भाजपा कैसे जनता के साथ वादाखिलाफी कर सकती है। मेरा मानना है कि निशांत को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। इससे जनता के जनादेश के लिए नीतीश कुमार का चेहरा बचेगा और सहयोगी दल को धोखा न देने के लिए भाजपा की छवि भी बचेगी।

## तेंदुए का आतंक, मासूम बच्ची को बनाया शिकार

बहराइच, 6 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम तेंदुए के हमले में सात वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, खैरीघाट थाना क्षेत्र के बाजपुरवा गांव में शाम करीब पांच बजे आफरीन (7), पुत्री तसव्वर, अपने घर के बाहर खेल रही थी।

इसी दौरान झाड़ियों से निकले तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बच्ची की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और शोर मचाते हुए लाठी-डंडों के साथ तेंदुए की ओर बढ़े, जिसके बाद जंगली जानवर वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने घायल बच्ची को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया।

## सहारा समूह से जुड़े लोगों की बढ़ेंगी मुश्किलें

# बिक रहीं संपत्तियां; ईडी के छापे में हैरान करने वाला खुलासा

लखनऊ, 6 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में सहारा समूह से जुड़े लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि समूह की संपत्तियों की बिक्री की जा रही है। इसका खुलासा ओडिशा समेत तीन राज्यों में ईडी की कार्रवाई से हुआ है। अंदेशा है कि और भी प्रदेशों की संपत्तियों को बेचा जा रहा है या फिर बेचने की कोशिश हो रही है। ईडी मामले की तफ्तीश कर रही है। जल्द कार्रवाई हो सकती है।

दरअसल, ईडी ने 26 फरवरी को कोलकाता आंचलिक कार्यालय की टीम ने ओडिशा के बहरामपुर व भुवनेश्वर, आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और कर्नाटक के बेल्लारी स्थित परिसरों में तलाशी अभियान चलाया था। इसमें पता चला था कि बहरामपुर स्थित सहारा प्राइम सिटी लिमिटेड की 43 एकड़ भूमि में से लगभग 32 एकड़ जमीन दिसंबर 2025 में बेच दी गई है। यह विक्रय एक निरस्त बोर्ड प्रस्ताव के आधार पर एक सहारा कर्मचारी के पक्ष में किया गया।

इसमें कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी की गई। एजेंसी को संदेह है कि यह सौदा समूह के वरिष्ठ प्रबंधन के निर्देश पर किया गया। मामले की जांच जारी है। वहीं अब जांच एजेंसी यूपी समेत अन्य राज्यों के शहरों में स्थित सहारा समूह की संपत्तियों के बारे में तफ्तीश शुरू की है। अंदेशा है कि इस तरह का खेल और भी जगहों पर किया गया है। जहां भी सहारा की संपत्तियां बेची गई होंगी, ईडी उन मामलों में कार्रवाई करेगी।

## कांशीराम जयंती पर बीएसपी का शक्ति प्रदर्शन, लखनऊ में बड़ी रैली की तैयारी

लखनऊ, 6 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी 15 मार्च को कांशीराम जयंती के मौके पर अपना शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में जुट गई हैं। राजधानी लखनऊ में इस अवसर पर पार्टी की ओर एस बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा। जिसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने लखनऊ चलो को आह्वान किया है। इस कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती भी शामिल हो सकती हैं और पार्टी की आगे की रणनीति की तस्वीर पेश कर सकती हैं। कांशीराम जयंती पर लखनऊ में पुरानी जेल रोड पर स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा,

जिसमें बसपा कार्यकर्ताओं का भारी जमावड़ा देखने को मिलेगा। इस कार्यक्रम को सभी 12 मंडलों से पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आखिरी रूप रेखा तैयार की जा रहा है। लखनऊ के अलावा बसपा नोएडा और राजस्थान के भरतपुर में भी विशाल रैली का आयोजन करेगी। कांशीराम जयंती आयोजन को बहुजन समाज पार्टी के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है। लखनऊ के कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती भी शामिल हो सकती हैं

## बंगाल में इस्तीफा, बिहार में हटाए गए राज्यपाल, सपा ने उठाए गंभीर सवाल

लखनऊ, 6 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्य में चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस के इस्तीफे ने राजनीति में भूचाल ला दिया है। इस पर अब समाजवादी पार्टी की तरफ प्रतिक्रिया सामने आई है। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने इस पर सवाल उठाए हैं और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा, जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी ने बिना सोचे-समझे और चुने हुए मुख्यमंत्री से सलाह किए बिना गवर्नर को हटाया, उससे गंभीर सवाल उठते हैं। यही मुद्दा ममता बनर्जी उठा रही हैं।

इस बात की भी चिंता है कि जिन राज्यों में गैर- बीजेपी सरकारें हैं, वहां बीजेपी गवर्नर के जरिए उन सरकारों के काम में दखल दे रही है। इसलिए, समाजवादी पार्टी का मानना है कि ममता बनर्जी की चिंताएं जायज हैं। तमिलनाडु के राज्यपाल संभालेंगे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, राज्यपाल सीवी आनंद बोस के इस्तीफ पर सीएम ममता बनर्जी ने हैरानी जताई है। अब सीवी आनंद बोस के इस्तीफे के बाद तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सभालेंगे।

## डिजिटल अरेस्ट से बाल-बाल बचे भाजपा एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह

# ठगों ने एटीएस अधिकारी बन किया फोन

सुल्तानपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो गए। गनीमत ये रही कि समय रहते उन्हें ये मामला समझ आ गया कि उनके साथ धोखा हो रहा है, नहीं तो उन्हें लाखों का चूना लग सकता था। उन्होंने पुलिस को सूचना देकर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

इस मामले की जाँच की जा रही है। दरअसल शैलेन्द्र प्रताप सिंह सुल्तानपुर अमेठी से विधान परिषद के सदस्य है। दोपहर करीब 12.22 पर उनके



मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई था। फोन करने वाले ने खुद को एसटीएस मुंबई का अधिकारी बताया और बीजेपी नेता से उनके खातों की जानकारी मांगी। जिसके बाद फ़ोन करने वालों ने उन्हें डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। आरोपियों ने उनसे फ़ोन पर ही आधार कार्ड देने को कहा, जिसके बाद उन्होंने उसकी एक कॉपी उनके पास भेज दी। इस तरह क़रीब एक-डेढ घंटे तक आरोपी ने उन्हें फोन पर ही ट्रैप कर लिया और उन्हें जेल जाने की धमकी देखकर डराते रहे। जिसके बाद शैलेंद्र सिंह को उनकी बातों पर शक होने लगा। इससे पहले वो उनसे कुछ पैसे ठग पाते वो समझ गए कि कोई उनके साथ फ्रॉड करना चाह जा रहा है।

बीजेपी एमएलसी ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस तरह डिजिटल अरेस्ट होने की खबरें सुनी थी कि फोन पर इस तरह के फ्रॉड कॉल आते हैं जो डिजिटल अरेस्ट कर सकते हैं। लेकिन, इससे पहले उनका खाता खाली होता उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को दी और साइबर थाने में मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी।

एमएलसी की माने तो उनके लोगों ने जब इस नंबर पर फोन किया तो ये नंबर मध्य प्रदेश के सतना जिले का निकला और इस फ़ोन को कोई महिला उठा रही थी, जिसके बाद उन्हें पूरा यकीन हो गया कि कोई उनके साथ साइबर फ्रॉड करना चाहता था। बीजेपी नेता ने इस संबंध में स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता



# मेरा हैदराबाद

सुविचार: सफ़र मजेदार होगा अगर आप मजेदार होंगे, सफ़र बेकार होगा अगर आपके दिमाग में दरार होंगे!

# राज्य का राजस्व बढ़ाने में सहयोग करें सरकारी कर्मचारी : रेवंत रेड्डी

### कर्मचारी सरकार की 'आंख, कान और ब्रांड एंबेसडर'



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सरकारी कर्मचारियों से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और बढ़ती वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। शुक्रवार को तेलंगाना मदिगा कर्मचारी 'थैंक्यू गिविंग' कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वित्तीय संसाधनों की बढ़ती जरूरतों के मद्देनजर कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे अनियमितताओं पर रोक लगाएं और राजस्व बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित बिलों के भुगतान के लिए सरकार हर महीने एक हजार करोड़ रुपये जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि करीब एक हजार कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशासन को समन्वय के साथ चलाने में कर्मचारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाकर सरकारी खजाने में राजस्व बढ़ाया जाए तो कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों को सरकार की 'आंख, कान और ब्रांड एंबेसडर' बताते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भूमिका से ही योजनाएं लोगों तक पहुंच सकती हैं।

उन्होंने बताया कि गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए 99 दिवसीय कार्य योजना लागू की गई है। इसके तहत जरूरतमंदों को राशन कार्ड, बारीक चावल, इंदिरम्मा आवास और मुफ्त बिजली जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। रेवंत रेड्डी ने कहा कि पिछली बीआरएस सरकार ने पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जाति समुदायों के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार दलितों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस अधिकारी बनाने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने मदिगा समुदाय द्वारा अनुसूचित जाति वर्गीकरण के लिए किए गए लंबे संघर्ष की सराहना की और कहा कि इस मांग को पूरा करने के लिए कई लोगों ने बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में एससी वर्गीकरण पर चर्चा के दौरान वे स्वयं अन्य एससी विधायकों के साथ निलंबित भी हुए थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कैबिनेट के सहयोग से विधानसभा में कानून बनाकर एससी उप-वर्गीकरण लागू किया और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे लागू करने वाला तेलंगाना पहला राज्य बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों को जमीन वितरित करने के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन भूमि की कमी एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि अतीत में बड़े जमींदारों के पास हजारों एकड़ जमीन थी और अब सरकार असाइन की गई जमीनों को वापस लेने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों के जीवन में बदलाव लाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही सबसे बड़ा माध्यम है और सरकार शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कई कदम उठा रही है।

## महिला दिवस पर मेगा रायथु मेला

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य भर से करीब 10,000 महिला किसान खेती की बेहतर तकनीकों को सीखने के लिए हैदराबाद में एकत्रित होंगी। प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय कृषि विभाग के सहयोग से 8 और 9 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में मेगा महिला रायथु मेला आयोजित करने जा रहा है। इस मेले में खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, जैसे कीटनाशकों और रसायनों के अधिक उपयोग तथा एकल फसल प्रणाली से होने वाले नुकसान पर चर्चा की जाएगी। साथ ही उर्वरकों के सही उपयोग और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर भी सत्र आयोजित किए जाएंगे। पीजेटीएयू के कुलपति प्रोफेसर अल्दास जनैया ने बताया कि महिला किसानों को कम रसायनों के उपयोग, फसल चक्र अपनाने और टिकाऊ खेती के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। मेले में ग्रामीण गरीबी उन्मूलन समिति से जुड़ी लगभग 3,000 महिला किसान भी भाग लेंगी।

## 99-दिवसीय कार्य योजना को तेज गति से लागू करें : विवेक वेंकटस्वामी

मेदक, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। श्रम, रोजगार और खनन मंत्री डॉ.जी. विवेक वेंकटस्वामी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार की 99-दिवसीय कार्य योजना के तहत 'प्रजा पालन' कार्यक्रम को संयुक्त मेदक जिले में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। शुक्रवार को मेदक के एकीकृत कलेक्टरेट कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि जिले को राज्य में इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रथम स्थान हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 30 से 40 दिनों के भीतर एक और समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मेदक, संगारेड्डी और सिद्धिपेट जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने प्रशासनिक तंत्र को अधिक सक्रिय बनाने और जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 99-दिवसीय कार्य योजना तैयार की है। उन्होंने अधिकारियों को इंदिरम्मा आवास योजना, पेयजल आपूर्ति, शैक्षणिक अवसंरचना विकास और सोलर लाइटिंग जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान देने के निर्देश दिए। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से एटीसी निर्माण, सब-स्टेशन की स्थापना और पर्यटन विकास परियोजनाओं से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिले में जल्द ही स्टेडियम निर्माण कार्य भी शुरू होगा। डॉ. विवेक वेंकटस्वामी ने अधिकारियों को सिंगूर परियोजना में गाद हटाने का कार्य तेज करने के निर्देश दिए ताकि पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए वैकल्पिक जल स्रोतों की पहचान करने को भी कहा। उन्होंने अमृत योजना के तहत विकास कार्यों को गति देने और इन योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से पर्याप्त वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

# अंबरपेट सर्विस रोड के लिए भूमि अधिग्रहण में तेजी लाए : किशन रेड्डी

### केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को लिखा पत्र



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्य सरकार से हैदराबाद के एनएच-163 पर अंबरपेट चौराहे के पास बन रही सर्विस रोड के निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को जल्द दूर करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को लिखे पत्र में किशन रेड्डी ने बताया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस स्थान पर 265 करोड़ रुपये की लागत से 1.5 किलोमीटर लंबा चार लेन फ्लाईओवर बनाया गया था, जिसका उद्घाटन 5 मई 2025 को किया गया था। हालांकि, अब तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी न होने के कारण फ्लाईओवर के नीचे बनने वाली सर्विस रोड का कार्य अधूरा है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना 2018 में स्वीकृत हुई थी, लेकिन भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण इस महत्वपूर्ण मार्ग का उपयोग करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किशन रेड्डी ने बताया कि इस मुद्दे को पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और वर्तमान मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जा चुका है। इसके अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस विषय को कई बार राज्य सरकार के अधिकारियों के सामने उठाया है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण के लिए 2.54 करोड़ रुपये का मुआवजा पहले ही दिया जा चुका है, लेकिन कुछ प्रशासनिक अड़चनों के कारण कार्य में देरी हो रही है। किशन रेड्डी ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर जीएचएमसी और सड़क एवं भवन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया, ताकि सर्विस रोड का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जा सके और यात्रियों को राहत मिल सके।

## बाघ की आहट से ग्रामीणों में दहशत

आदिलाबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एक महीने के अंतराल के बाद थामसी मंडल के विभिन्न गांवों में फिर से बाघ की गतिविधि देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। गुरुवार और शुक्रवार को गुंजाला और धनोरा गांवों के बाहरी इलाकों में खेतों की ओर जाने वाली सड़क पर बाघ के पदचिह्न पाए गए। किसानों ने बताया कि दो गांवों के बीच सड़क पर बाघ के स्पष्ट पदचिह्न दिखाई दिए, जिससे आशंका है कि बाघ जंगल से निकलकर शिकार की तलाश में खेतों की ओर आ रहा है। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय वन अधिकारियों को दी और बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा ट्रैप लगाने तथा ट्रैकर्स तैनात करने की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार 3 फरवरी को गोल्लाघाट गांव में भी एक बाघ ने एक बछड़े को मार डाला था। उस समय वन विभाग ने कैमरे लगाए थे और ट्रैकर्स की मदद से बाघ का पता लगाने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में बाघ का कोई पता नहीं चला। अधिकारियों को संदेह था कि वह पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के जंगलों की ओर चला गया होगा। वन अधिकारियों ने बताया कि संभावना है कि महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के टिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य से एक बाघ करीब दो सप्ताह पहले पेंगांगा नदी पार कर इस क्षेत्र में आया हो। आशंका है कि वह निर्मल, निजामाबाद और करीमनगर जिलों से होते हुए यादाद्री-भुवनगिरि जिले तक पहुंच गया होगा। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि यादाद्री में देखा गया बाघ वही है जो थामसी क्षेत्र में देखा गया था। इस संबंध में जगतियाल जिले के वन अधिकारियों से भी संपर्क किया जा रहा है, जहां कुछ दिन पहले बाघ देखे जाने की सूचना मिली थी।

## 33 इंजीनियरिंग कॉलेजों को एक लाख रुपये से अधिक फीस लेने की अनुमति

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने इंजीनियरिंग कॉलेजों की ट्यूशन फीस निर्धारण को लेकर नए आदेश जारी किए हैं। इसके तहत राज्य के 33 इंजीनियरिंग कॉलेजों को एक लाख रुपये से अधिक फीस लेने की अनुमति दी गई है, जबकि दो कॉलेजों की फीस एक लाख रुपये निर्धारित की गई है। राज्य शिक्षा विभाग ने गुरुवार को जारी सरकारी आदेश (जीओ-6) में राज्य के कुल 160 इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए नई ट्यूशन फीस को मंजूरी दी है। यह शुल्क 2025 से 2028 के ब्लॉक अवधि के लिए लागू रहेगा। पिछली अवधि में भी एक लाख रुपये से अधिक फीस लेने वाले कॉलेजों की संख्या 33 थी और इस बार भी यह संख्या समान बनी हुई है।

हालांकि एक लाख रुपये फीस वाले कॉलेजों की संख्या पहले सात थी, जो अब घटकर दो रह गई है। नए आदेश के अनुसार, चैतन्य भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीबीआईटी) की अधिकतम फीस 1.83 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जबकि वासवी इंजीनियरिंग कॉलेज दूसरे स्थान पर है, जिसकी फीस 1.75 लाख रुपये तय की गई है। तेलंगाना एडमिशन एंड फीस रेगुलेटरी कमेटी (टीएएसआरसी) ने 19 कॉलेजों की मौजूदा फीस कम करने और 70 कॉलेजों में फीस में कोई बढ़ोतरी न करने की सिफारिश की है। वहीं न्यूनतम फीस 45 हजार रुपये तय की गई है, जो 21 कॉलेजों में लागू होगी। नई फीस वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से प्रभावी होगी और बीटेक प्रथम वर्ष में 2025-26, 2026-27 और 2027-28 में प्रवेश लेने वाले छात्रों पर लागू रहेगी। इन छात्रों को चारों वर्षों तक यही फीस देनी होगी।

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, SUB KRISHNA KUMAR K, S/o: SATHI REDDY KOMPALLY, R/O: H.NO.2-44, MAIN ROAD, BUS STOP, VILLAGE: MIDTHAN PALLE, POST: LINGAMPALLY, TEHSIL: SURYAPET, NALGONDA-SURYAPET, TELANGANA - 508221 Have Changed My Name From KRISHNA KUMAR K To KOMPALLY KRISHNA KUMAR vide Affidavit dt.06-03-2026 duly signed by P RAVEENDRANATH, ADV & NOTARY

I, LAKSHUMAIAH , F/O: HAV CHEEMALA RAMAKRISHNA R/O: KRISHNAMPALLE, CHALLA-GIRIGELLA, PORUMAMILLA, CUD-DAPAH, ANDHRA PRADESH - 516505 have changed my name from LAKSHU-MAIAH to CHEEMALA LAKSHUMA-IAH vide Affidavit dt.06-03-2026.

**चाहिए**

प्रमुख एलईडी इवेंट कंपनी में लड़कों की जरूरत है। सैलरी 15,000-25,000+अकोमोडेशन+इनसेंटिव्स+कमिशन। संपर्क नं. 8977147791, 6281947791.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## चोरी हुई इंसुलिन की खेप को लेकर दवा नियामक की चेतावनी

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। दवा नियामक प्राधिकरणों ने सैनोफी इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित जीवन रक्षक इंसुलिन की एक खेप की चोरी के मामले में सार्वजनिक सलाह जारी की है। अधिकारियों ने कहा कि यदि इस दवा को 2 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच उचित कोल्ड चेन में सुरक्षित नहीं रखा गया, तो इसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और यह मरीजों के लिए असुरक्षित हो सकती है। अधिकारियों के अनुसार चोरी हुई दवा सैनोफी द्वारा बनाई गई लैंटस सोलोस्टार इंसुलिन इंजेक्शन (बैच नंबर 5एफ0347बी) है। बताया गया है कि यह खेप ओडिशा के जगमोहनपुर से कोलकाता स्थित वितरण केंद्र ले जाते समय अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर ली गई।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने चेतावनी दी है कि यह आर-डीएनए मूल की इंजेक्शन दवा है, इसलिए निर्धारित तापमान से किसी भी प्रकार का बदलाव इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को प्रभावित कर सकता है। नियामक अधिकारियों ने सभी राज्य औषधि प्रवर्तन एजेंसियों को बाजार पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि चोरी की गई दवा को किसी भी तरह से बाजार में बेचे जाने से रोका जा सके। जनता को सलाह दी गई है कि वे इस दवा को केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदें और हमेशा सही बिल लें। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों से भी कहा गया है कि वे मरीजों को दवा के किसी भी दुष्प्रभाव की जानकारी तुरंत देने के लिए जागरूक करें।

## नगर आयुक्त से अभद्रता, कांग्रेस नेता पर मामला दर्ज

मंचेरियल, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार शाम चेन्नूर नगर आयुक्त के साथ अभद्र व्यवहार करने और नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर निराधार आरोप फैलाने के मामले में एक कांग्रेस नेता के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आयुक्त की शिकायत के आधार पर कांग्रेस के नगर स्तरीय नेता तथा एक पार्षद के पति सुद्दापेल्ली सुशील के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि तेलंगाना हरित हरम योजना के तहत लगाए गए पौधों की लागत से जुड़े अनुदान को मंजूरी देने के संबंध में आयुक्त के कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई थी। इसी दौरान सुशील ने आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए नगर आयुक्त को अपशब्द कहे। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह आरोप भी लगाया कि हाल ही में हुए नगर निगम चुनावों में उम्मीदवारों द्वारा जमा की गई धनराशि का नगर निगम अधिकारियों ने दुरूपयोग किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं।

## एससी उप-वर्गीकरण कानून ऐतिहासिक फैसला : मंत्री अदलुरी

### बचपन में जातीय भेदभाव का सामना किया

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के सामाजिक कल्याण एवं आदिवासी कल्याण मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) उप-वर्गीकरण कानून सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होने वाला निर्णय है। शिल्पकला वेदिका में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में मडिगा एम्प्लॉइज कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को एससी उप-वर्गीकरण लागू करने के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मण कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप लागू किया गया यह ऐतिहासिक कानून सामाजिक न्याय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी देश के पहले ऐसे नेता बन गए हैं जिन्होंने एससी उप-वर्गीकरण को कानूनी रूप देकर लागू किया। उन्होंने कहा कि कई बाधाओं, राजनीतिक दबावों और प्रशासनिक चुनौतियों के बावजूद मुख्यमंत्री अपने वादे पर अडिग रहे और मदिगा समुदाय की लंबे समय से लंबित मांग को कानून का रूप दिया। मंत्री ने बताया कि सरकार ने कानून के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम भी उठाए हैं। इसके लिए मंत्री दामोदर राजनरसिंहा की अध्यक्षता में एक मंत्रिस्तरीय उप-समिति का गठन किया गया है, जो इसके कार्यान्वयन की निगरानी करेगी। साथ ही हैदराबाद के टूरिज्म प्लाजा में एक विशेष कार्यालय भी स्थापित किया गया है, ताकि उप-वर्गीकरण व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। लक्ष्मण कुमार ने कहा कि मदिगा समुदाय इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए पीढ़ियों तक मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का आभारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के सम्मान में जल्द ही लाखों मदिगा समुदाय के लोगों के साथ एक विशाल धन्यवाद रैली भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने मुख्यमंत्री से काचीगुड़ा स्थित जर्जर हो चुके छात्रावास के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए उसका नाम राष्ट्रीय नेता बाबू जगजीवन राम के नाम पर रखने का आग्रह किया। उन्होंने लोअर टैंक बंड स्थित अंबेडकर भवन की खराब स्थिति पर भी चिंता जताई। मंत्री ने कहा कि भवन के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती से पहले शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे राष्ट्रीय स्तर के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां अध्ययन कक्ष, आवास सुविधाएं और प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध हों। मंत्री ने बताया कि एससी उप-वर्गीकरण कानून लागू होने के बाद 772 मदिगा उम्मीदवार डॉक्टर और इंजीनियर बनने में सफल हुए हैं। इसके अलावा नई भर्ती प्रणाली के तहत हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं, जिनमें ग्रुप-2 की 16,000 और ग्रुप-3 की लगभग 10,000 नौकरियां शामिल हैं। अपने व्यक्तिगत जीवन का जिक्र करते हुए लक्ष्मण कुमार ने कहा कि उनका जन्म हरिजनवाड़ा में हुआ और बचपन में उन्होंने जातीय भेदभाव का सामना किया। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी ने उन्हें एससी कॉरपोरेशन चेयरमैन, जिला परिषद अध्यक्ष और बाद में सरकारी व्हिप जैसे पदों पर सेवा करने का अवसर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर कैबिनेट रैंक देने का सम्मान भी मुख्यमंत्री ने ही दिया।

# हैदराबाद विश्वविद्यालय में सतत विकास मॉडलों की प्रदर्शनी आयोजित



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय के शिक्षा और शिक्षा प्रौद्योगिकी विभाग ने 'सतत विकास के लिए शिक्षा' पाठ्यक्रम के तहत सतत क्लब की पहल के रूप में 'सतत मॉडलों की प्रदर्शनी' का आयोजन किया। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. रावुला कृष्णैया के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में स्थिरता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और टिकाऊ जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में पांच छात्र समूहों ने भाग लिया और अपने-अपने सतत विकास मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों में नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, पर्यावरण के अनुकूल अवसंरचना और समुदाय आधारित सतत विकास जैसे विषयों को शामिल किया गया। इन परियोजनाओं के माध्यम से छात्रों की रचनात्मकता, गहन अध्ययन और वास्तविक समस्याओं के समाधान के प्रति उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया।

## प्रतिबंधित जमीन बेचकर 9.66 करोड़ की ठगी, मामला दर्ज

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने प्रतिबंधित श्रेणी की जमीन बेचकर खरीदारों से 9.66 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में चार व्यक्तियों और एक रियल एस्टेट फर्म के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान के. शशिधर रेड्डी, सौम्या, सुब्रम रेड्डी और विष्णु वैभव के रूप में हुई है। बताया गया है कि इन लोगों ने श्री वेन इंफ्रा प्रोजेक्ट्स के साथ मिलकर सेरिलिंगमपल्ली मंडल के खानमेट में स्थित 1,070 वर्ग गज जमीन बेचने के नाम पर खरीदारों को झांसा दिया। शिकायतकर्ता जैनी महेश के अनुसार जून 2025 में शशिधर रेड्डी ने उनसे संपर्क किया और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर जमीन पर अपना मालिकाना हक बताया। इसके बाद महेश और नौ अन्य लोगों ने 9.66 करोड़ रुपये में जमीन खरीदने पर सहमति जताई।

पुलिस के मुताबिक करीब 3.5 करोड़ रुपये फर्म के बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए, जबकि बाकी रकम शशिधर रेड्डी को नकद दी गई। इसके बाद आरोपियों ने जमीन के पंजीकरण को अलग-अलग कारण बताकर टालना शुरू कर दिया। जब खरीदारों ने पंजीकरण कराने की कोशिश की तो रंगारेड्डी के संयुक्त उप-पंजीयक ने यह कहते हुए मना कर दिया कि जमीन प्रतिबंधित श्रेणी में दर्ज है। बाद में पता चला कि उसी जमीन को एक पब चलाने के लिए पट्टे पर भी दिया गया था। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ितों ने साइबराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और धन के लेनदेन सहित पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

## कमोडोर सुजय कपूर ने बीडीएल के निदेशक (उत्पादन) का कार्यभार संभाला



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कमोडोर सुजय कपूर (सेवानिवृत्त) ने रक्षा मंत्रालय के अधीन प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के निदेशक (उत्पादन) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। बीडीएल में नियुक्ति से पहले कमोडोर कपूर नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली में कमोडोर (शस्त्र उत्पादन और स्वदेशीकरण) के पद पर कार्य कर चुके हैं। वह मैकेनिकल इंजीनियर हैं और उनके पास एमबीए, एमएससी तथा रक्षा एवं सामरिक अध्ययन में एमफिल की डिग्री है। उन्हें भारतीय नौसेना में तीन दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। अपने करियर के दौरान उन्होंने आयुध कारखानों, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर पनडुब्बी रोधी रॉकेटों के स्वदेशीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा मिसाइल रोधी रक्षा रॉकेट, मिसाइल और टॉरपीडो विस्फोटक तथा सुरक्षा एवं शस्त्रीकरण तंत्र के विकास में भी उनका योगदान रहा है। कमोडोर कपूर वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज और गोवा स्थित नेवल वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र हैं और उन्हें संचालन तथा रणनीतिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी में नुकसान के बाद युवक ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली स्थित अपने आवास पर एक 37 वर्षीय निजी कर्मचारी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्लिकेशन में भारी आर्थिक नुकसान होने के बाद शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान वेंकटेश्वर रेड्डी के रूप में हुई है, जो पिछले पांच वर्षों से विवेकानंद नगर के प्रेमा निलयम में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रेड्डी को ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के जरिए काफी आर्थिक नुकसान हुआ था, जिसके कारण वह गंभीर वित्तीय तनाव में थे। बढ़ती आर्थिक परेशानियों से परेशान होकर उन्होंने कथित तौर पर अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। कुकाटपल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर कूदी महिला, सीआरपीएफ ने बचाई जान

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली मेट्रो के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां स्थित ब्लू लाइन पर एक महिला ने मेट्रो के आगे कूदकर आत्महत्या करने को कोशिश की। महिला के कूदते ही प्लेटफॉर्म के दोनों तरफ शोर और अफरा-तफरी का माहौल छा गया। इसके बाद आनन-फानन में सीआरपीएफ के जवानों ने महिला को ट्रैक से उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

इस घटना के बाद कुछ देर के लिए ब्लू लाइन पर मेट्रो की सेवाएं भी प्रभावित हुईं। इससे दफ्तर, कॉलेज आदि जाने वाले लोगों को सुबह-सुबह परेशानी का सामना करना पड़ा और लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने में लेट भी हो गए। कई लोगों ने जहां मेट्रो के आने का वेट किया, वहीं कई लोग मेट्रो छोड़ अपने साधनों से अपनी मंजिल तक पहुंचे।

# मेट्रो की पहली रिंग पूरी

## पीएम मोदी कल करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आठ मार्च को मेट्रो के दो कॉरिडोर चालू हो जाएंगे। इसमें से एक कॉरिडोर के शुरू होने से दिल्ली को देश की पहली रिंग मेट्रो मिलेगी। वहीं, तीन अन्य कॉरिडोर की नींव भी रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन प्रोजेक्टों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनके पूरा होने के बाद दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को विस्तार लेगा।

आवाजाही निर्बाध होने से सड़कों पर वाहनों की संख्या कम होगी। इससे आबोहवा भी साफ होगी। इससे पहले दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने पिंक लाइन पर मजलिस पार्क–मौजपुर और मैजेंटा लाइन पर दीपाली चौक–मजलिस पार्क सेक्शन पर मेट्रो संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ट्रायल रन के बाद कमिश्नर ऑफ



मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) ने यात्रियों के लिए संचालन की मंजूरी दे रखी है। वहीं, दिल्ली मेट्रो के फेज-पांच (ए) के तहत तीन नए कॉरिडोर के निर्माण का लान्यास भी होना है। इन मेट्रो परियोजनाओं की कुल लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि आठ मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन प्रोजेक्टों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके लिए निरंकारी मंडल के सामने डीडीए उत्सव स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह प्रोजेक्ट राजधानी को सही मायनों में विकसित दिल्ली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी।

### दिल्ली की पहली रिंग मेट्रो पूरी, पूर्वी दिल्ली को बड़ी राहत

मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर सेक्शन की लंबाई 12.3 किलोमीटर है। इसके 8 एलिवेटेड स्टेशन हैं। यह कॉरिडोर पहले से चालू मजलिस पार्क-शिव विहार पिंक लाइन का हिस्सा है। नया कॉरिडोर शुरू होने से दिल्ली को देश की पहली रिंग मेट्रो मिलेगी। पिंक लाइन का पूरा कॉरिडोर करीब 71.56 किलोमीटर होगी। इस पर मेट्रो चलने से मजलिस पार्क, बुराड़ी, झड़ौदा माजरा, जगतपुर-वजीराबाद, सूरघाट, नानकसर-सोनिया विहार, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार और मौजपुर-बाबरपुर जैसे इलाके सीधे मेट्रो से जुड़ जाएंगे।

### मैजेंटा का हिस्सा भी पूरा, नोएडा तक मिलेगी राहत

दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक का कॉरिडोर मैजेंटा लाइन का हिस्सा है। इसकी लंबाई 9.92 किलोमीटर है। इसमें 7 एलिवेटेड स्टेशन हैं। यह कॉरिडोर पहले से संचालित बोटेनिकल गार्डन-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन मैजेंटा लाइन का विस्तार है। इसके जुड़ने से मैजेंटा लाइन की कुल लंबाई लगभग 49 किलोमीटर हो जाएगी। इसके चालू होने से दीपाली चौक, मधुबन चौक, उत्तरी पीतमपुरा-प्रशांत विहार, हैदरपुर गांव, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क पहुंचना आसान होगा।

### महत्वपूर्ण रहा यह प्रोजेक्ट

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह कॉरिडोर इंजीनियरिंग की दृष्टि से भी अहम है। दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर का एक हिस्सा लगभग 28.36 मीटर की ऊंचाई तक जाता है। यह दिल्ली मेट्रो के एलिवेटेड सेक्शनों में सबसे ऊंचे हिस्सों में से एक है। वहीं, मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर कॉरिडोर के निर्माण में यमुना नदी पर एक नए पुल का निर्माण करना पड़ा और डबल-डेकर वायडक्ट तैयार किया गया। यह दिल्ली मेट्रो का यमुना नदी पर पांचवां पुल है।

## दो बाइकों में हुई जोरदार टक्कर, एक की दर्दनाक मौत



सूरत, 6 मार्च (एजेंसियां)। जिले के वराछा इलाके में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां दो बाइकों के बीच आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर में एक युवक की मौत हो गई है जबकि एक अन्य घायल हो गया है। इस हादसे की पूरी घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसने भयावह हादसे को उजागर कर दिया।

सीसीटीवी फुटेज में इस दर्दनाक हादसे को देखा जा सकता है, जिसमें दो बाइकों के बीच टक्कर के बाद एक शख्स की मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मुमताज पटेल ने मुस्लिम प्रतिनिधित्व को लेकर उठाए सवाल



नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने अलग-अलग राज्यों से कई वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा है। कांग्रेस द्वारा इस लिस्ट में ओबीसी, एससी, एसटी, महिलाओं, ईसाई समुदाय और अन्य वर्गों को भी मौका मिला है। इस बीच कांग्रेस नेता मुमताज पटेल ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस लिस्ट में मुस्लिम उम्मीदवार न होने पर नाराजगी जताई है।

साथ ही पार्टी को भविष्य में मुसलमानों के प्रतिनिधित्व को लेकर सोचने की सलाह दी है। मुमताज पटेल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि राज्यसभा नामांकन सूची में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा विभिन्न समुदायों ओबीसी, एससी, एसटी, महिलाओं, ईसाई समुदाय और अन्य वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। बेशक विविधता को ध्यान में रखने का प्रयास स्पष्ट दिखाई देता है।

## अवैध हथियारों की तस्करी में एक नाबालिग सहित छह आरोपी गिरफ्तार

### हथियार बरामद

अमृतसर, 6 मार्च (एजेंसियां)। अमृतसर जिला शहरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीमा पार से जुड़े अवैध हथियारों के मामले में पांच आरोपियों और एक किशोर को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच पिस्तौल, 34 जिंदा कारतूस और एक तेजधार हथियार बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार बरामद हथियारों में ग्लॉक 9 एमएम, पीएक्स5 .30 बोर, टॉरस 9 एमएम, पाकिस्तान निर्मित ग्रेटा 9 एमएम पिस्तौल और एक .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे हथियार तस्करों के संपर्क में थे। इनके जरिए हथियारों की खेप मंगवाकर अमृतसर और आसपास के इलाकों में सप्लाई की जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना मकबूलपुरा में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि हथियारों की सप्लाई किन-किन क्षेत्रों में की जानी थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन-कौन हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है। आरोपियों से पूछताछ कर उनके संपर्कों और पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## दहेज में कार नहीं मिली तो पत्नी पर फेंका एसिड

ग्वालियर, 6 मार्च (एजेंसियां)। कार की मांग को लेकर एक नवविवाहिता को पति द्वारा प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पांच दिन पहले नशे की हालत में घर पहुंचे पति ने फिर कार की मांग की। पत्नी ने विरोध किया तो उसने पास रखी एसिड (कालाभूत) की बोतल उस पर फेंक दी। उस समय नवविवाहिता अपनी चार माह की बच्ची को गोद में लिए हुए थी।

एसिड गिरने से महिला के हाथ, पैर और थाई झुलस गए। बच्ची पर भी कुछ बूंदें गिरीं। बहू का शोर सुनकर बचाने आए ससुर की शर्ट पर भी एसिड की बूंदें गिर गईं। घटना 1 मार्च 2026 की रात करीब 9 बजे लोहिया बाजार क्षेत्र में हुई। घायल महिला की शिकायत पर कोतवाली थाने पुलिस ने गुरुवार को दहेज एक्ट और हमला करने का मामला दर्ज कर लिया है।

## सड़क हादसों में गई पांच लोगों की जान

भुनेश्वर, 6 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा के तीन जिलों में सड़क हादसों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। नयागढ़ और पुरी जिलों में मोटरसाइकिल दुर्घटनाओं में दो-दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की जान तब चली गई जब एक ट्रक उस घर में घुस गया जहां वह सो रहा था। नयागढ़ जिले के भापुर से मिली रिपोर्ट के अनुसार, दो युवकों की मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान भापुर ब्लॉक के कलातंगी गांव के बीर किशोर ढाल और शंकर बिस्वाल के रूप में हुई है। पीड़ित मरदराजपुर गांव से कलातंगी गांव जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोग उन्हें खंडापाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक अन्य दुर्घटना शुक्रवार सुबह भुवनेश्वर-पुरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दंडामुकुंदपुर बाईपास पर एक ट्रक की टक्कर से दो मोटरसाइकिल सवारों की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। ढेंकनाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिले के गंडिया पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले हाटीबारी गांव में एक ट्रक के घर से टकराने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ट्रक पहले एक ट्रैक्टर से टकराया, जिसके बाद चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे बने एक घर में घुस गया। पुलिस ने बताया कि घर में सो रहे अस्थिर तराई नामक व्यक्ति की मौत हो गई।

## विजिलेंस ब्यूरो का बड़ा एक्शन, रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

गुरदासपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। विजिलेंस ब्यूरो ने सब-तहसील काहनूवान से म्यूटेशन करवाने के लिए रिश्वत लेते हुए एक पटवारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो रेंज अमृतसर के इंस्पेक्टर अभिनाशी सिंह ने बताया कि जसबीर कौर पत्नी मलकीत सिंह निवासी गांव सिधवां, जिला अमृतसर की शिकायत के आधार पर विजिलेंस ब्यूरो की देखरेख में पटवारी विजय कुमार के खिलाफ जाल बिछाया गया था। पटवारी विजय कुमार को 2 हजार रुपये नकद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पिता बचन सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी धवे, जिला गुरदासपुर की 2018 में मौत हो गई थी। उसके पिता के नाम पर विरासत में मिली करीब 3 कनाल जमीन उसके, 3 बहनों और एक भाई के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

## पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप तय

# जेकेसीए में करोड़ों के घोटाले से जुड़ा है मामला

श्रीनगर, 6 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) में करोड़ों के घोटाले के मामले में श्रीनगर की स्थानीय अदालत ने नेशनल कान्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला व अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र रचने और आपराधिक विश्वासघात का मामला बनता है।

अदालत ने ईडी की उस याचिका को खारिज किया जिसमें डॉ। फारूक व अन्य पांच आरोपितों पर तत्कालीन रणबीर पीनल कोड की धारा 411 और 424 के तहत आरोप जोड़ने की मांग की थी। अदालत ने कहा कि ईडी को अन्य एजेंसी की जांच के आधार पर नई धाराएं जोड़ने का अधिकार नहीं है। जेकेसीए के फंड में अनियमितता के



आरोप हैं। इस मामले में अदालत पहले दो आरोपितों को इस मामले में वादा माफ गवाह बनाने की अनुमति दे चुकी है। श्रीनगर की चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (तबस्सुम ने गत दिवस जारी आदेश में कहा कि आरोपितों के खिलाफ प्रथम दृष्टया यह मामला बनता है और इस मामले में आरोप तय किए जाने चाहिएं। आरोप है कि फारूक जेकेसीए के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं और उसी दौरान यह अनियमितता के आरोप लगे थे। उनके अलावा जेकेसीए के तत्कालीन महासचिव सलीम खान, तत्कालीन कोषाध्यक्ष अहसान अहमद मिर्जा, मंजूर गजनफर अली, जम्मू-कश्मीर बैंक से बशीर अहमद मिसगर और गुलजार के खिलाफ आरोप तय करने की इजाजत दी है। अदालत ने कहा कि इस मामलें में सीबीआई ने आरोपपत्र दायर किया था।

सीजेएम तबस्सुम ने कहा कि मामले में जांच सीबीआई कर रही है। ईडी इस मामले में न तो जांच करने वाली एजेंसी है और न मुकदमा चलाने वाली। रिकार्ड में ऐसा कुछ नहीं था जिससे पता चले कि ईडी ने सीबीआई को आरपीसी की धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति लेना) और 424 (बेईमानी या धोखाधड़ी से संपत्ति हटाना या छिपाना) के तहत कथित अपराधों के बारे में बताया था।

## सीहोर में एग्जाम देने जा रहे भाई-बहन की पीट-पीटकर हत्या

सीहोर, 6 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में आज शुक्रवार, 6 मार्च को जमीन से जुड़े विवाद में एक लड़की और उसके भाई की उसके ही चाचा और चाचा के बेटे ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ितों की पहचान शीतल मालवीय (20) और उसके भाई कुलदीप मालवीय (19) के रूप में हुई है। इन दोनों की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 7.30 बजे सिद्दीकगंज पुलिस स्टेशन के तहत धरमपुरी गांव में हुई, जो जिला हेडक्वार्टर से करीब 70 किमी दूर है। पुलिस सुपरिटेंडेंट दीपक शुक्ला ने रिपोर्टर्स से बात करते हुए बताया कि आरोपी हरिसिंह मालवीय और उसके बेटे ने एग्जाम सेंटर जा रहे भाई-बहनों को रोका और उन पर लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाई-बहनों को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

## बच्चों के लिए बैन हुआ सोशल मीडिया

बेंगलूरू, 6 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन हो गया है। बजट सत्र के दौरान कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने विधानसभा में सोशल मीडिया बैन की घोषणा की है। सीएम ने बताया कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों पर मोबाइल फोन के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

कर्नाटक देश का पहला राज्य बन गया है, जहां बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि, गोवा, महाराष्ट्र, बिहार में भी बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने को लेकर स्टेकहोल्डर्स के साथ राय ली जा रही है। इन राज्यों में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सरकार द्वारा टास्क फोर्स गठित किया गया है। पिछले महीने कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने राज्य के हायर एजुकेशन काउंसिल के वाइस चांसलर से बात करते हुए ऑस्ट्रेलिया का उदाहरण देते हुए उम्र के हिसाब से सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने को लेकर चर्चा की थी। इस दौरान सरकार ने सोशल मीडिया बैन को लेकर इंटरनेशनल मॉडल को स्टडी करने का फैसला किया था।

अपने बजट भाषण के दौरान कर्नाटक के सीएम ने कहा कि आईआईएससी के तहत इसरो और किओनिक्स के सहयोग से बेंगलुरु रोबोटिक्स और एआई इनोवेशन जोन के नाम से एक रोबोटिक्स और एआई परिसर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया की वजह से हो रहे दुष्प्रभाव और मोबाइल फोन के बढ़ते इस्तेमाल से होने वाले निगेटिव इफेक्ट्स को देखते हुए यह सख्त फैसला लिया है।

## पार्ट-टाइम जॉब ऑफर-क्यूआर कोड स्कैम और फिशिंग

### दो चार्टर्ड अकाउंटेंट ने कैसे ठगी से जुटाई 641 करोड़ की रकम?

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यालय, नई दिल्ली ने साइबर फ्रॉड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। इसमें दो चार्टर्ड अकाउंटेंट अशोक कुमार शर्मा और भास्कर यादव को 28 फरवरी 2026 को पीएमएलए 2002 के तहत गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि देशभर के लोगों को निवेश के नाम पर, पार्ट-टाइम जॉब ऑफर, क्यूआर कोड स्कैम और फिशिंग जैसे तरीकों से ठगा जाता था। इस तरह लोगों से ठगी कर करीब 641 करोड़ रुपये की रकम जुटाई गई। ईडी के मुताबिक, ठगी का पैसा सबसे पहले म्यूल बैंक खातों में डाला जाता था। ये खाते टेलीग्राम ग्रुप से जुड़े लोगों द्वारा चलाए जाते थे। इसके बाद पैसे को कई फर्जी कंपनियों (शेल कंपनियों) के जरिए घुमा कर उसकी असली पहचान छुपाई जाती थी।

### क्रिप्टो करेंसी में बदला जाता था पैसा

जांच में यह भी सामने आया कि बाद में इस पैसे को भारत के बैंक डेबिट कार्ड के जरिए यूएई की फिनटेक कंपनी पीवाईवाईपीएल के वॉलेट में भेजा जाता था। वहां से पैसे को दुबई में एटीएम और पीओएस के जरिए निकाला जाता था, या फिर क्रिप्टो



एक्सचेंज बिनेंस के जरिए क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर अलग-अलग डिजिटल वॉलेट में ट्रांसफर कर दिया जाता था, ताकि पैसों का ट्रेल छुपाया जा सके।

### पेशेवर लोग चला रहे थे पूरा रैकेट

ईडी की जांच में पता चला कि इस पूरे रैकेट को अच्छी पढ़ाई-लिखाई वाले पेशेवर लोग चला रहे थे। इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट अशोक कुमार शर्मा, भास्कर यादव, अजय और विपिन यादव शामिल थे। इस गिरोह ने दिल्ली के बिजवासन इलाके के एक ही पते से करीब 20 से ज्यादा कंपनियां बनाई हुई थीं। इन कंपनियों के पार्टनर, मोबाइल नंबर, ई-मेल और केवाईसी दस्तावेज भी आपस में जुड़े हुए पाए गए।

### छापेमारी के दौरान हुआ पूरा खुलासा

ईडी ने 28 नवंबर 2024 को अशोक कुमार शर्मा और भास्कर यादव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापे के दौरान अशोक कुमार शर्मा मौके से भाग गया और ईडी अधिकारियों से हाथापाई भी की, जिसके बाद उसके और उसके भाई के खिलाफ कपसहेड़ा थाने में एफआईआर दर्ज हुई। वहीं भास्कर यादव भी छापे की खबर मिलते ही फरार हो गया था। छापेमारी के दौरान फर्जी कंपनियों से जुड़े एटीएम कार्ड और चेक बुक भी बरामद किए गए।

### दो साल से फरार चल रहे थे आरोपी

दोनों आरोपी नवंबर 2024 से फरार चल रहे थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत की कोशिश कर रहे थे। लेकिन स्पेशल कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। बाद में भास्कर यादव ने सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की, लेकिन वहां से भी उसे राहत नहीं मिली और कोर्ट ने उसे सरेंडर करने का आदेश दिया। इसके बाद दोनों आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया, जहां से ईडी ने उन्हें पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तार कर लिया।

अब तक इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ईडी ने करीब 8.67 करोड़ रुपये की संपत्ति भी अटैच की है। साथ ही कोर्ट में दो चार्जशीट (प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट) भी दाखिल की जा चुकी हैं। इस मामले में जांच अभी जारी है।

## पति को लेकर दो पत्नियों में मारपीट

इंदौर, 6 मार्च (एजेंसियां)। इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में पति को लेकर दो पत्नियों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। गीता नगर निवासी ताहेरा शाह ने अपने पति वारिस अली की दूसरी पत्नी साइना पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ताहेरा शाह अपने पति वारिस अली के साथ घर पर थी। इसी दौरान साइना वहां पहुंच गई और वारिस अली के घर नहीं आने को लेकर विवाद करने लगी। ताहेरा शाह ने पुलिस को बताया कि उसने साइना को समझाने की कोशिश की। इस दौरान वह नाराज हो गई और विवाद बढ़ गया।

आरोप है कि साइना ने ताहेरा के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और उसके पेट में लात मार दी। इस दौरान घर में मौजूद वारिस अली और रिश्तेदार नाहिद ने बीच-बचाव किया। मारपीट में घायल ताहेरा को इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। एमवाय अस्पताल में पुलिस ने ताहेरा के बयान दर्ज किए। इसके आधार पर चंदन नगर थाना पुलिस ने साइना के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रूसी तेल पर 30 दिन की मोहलत

## कांग्रेस बोली- अब ये भी अमेरिका तय करेगा




नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। ईरान-इजराइल जंग के कारण अमेरिका ने भारत को रूस से तेल 30 दिन तक तेल खरीदने की परमिशन दी है। ऐसा करने के पीछे की वजह भारत की जरूरतों को बताया गया है। हालांकि अमेरिका के इस तरह के फैसले पर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है।

अमेरिका के इस फैसले को कांग्रेस ने आजादी और संप्रभुता पर करारा तमाचा बताया है। सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अमेरिकी फाइनेंस मिनिस्टर ने कहा कि उन्होंने मीडिया को 30 दिन के लिए रूस से तेल खरीदने की इजाज़त दी है। यह हमारी आज़ादी और संप्रभुता पर करारा तमाचा है।अमेरिका कौन होता है हमें इजाज़त देने वाला? इस एनर्जी सिक्योरिटी के बारे में लगातार राहुल गांधी आगाह कर रहे हैं। जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में कहा कि ट्रंप का नया खेल दिल्ली दोस्त को कहा पुतिन से ले सकते हो तेल, कब तक चलेगा यह अमेरिकी ब्लैकमेल।

### नरेंद्र मोदी लगातार नरम पड़ते जा रहे हैं?- खरगे

प्रियांक खड़गे अमेरिका की परमिशन पर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यूएस ट्रेजरी सेक्रेटरी असल में कौन होता है जो इंडिया को रशियन ऑयल खरीदने की इजाज़त दे? इंडियन गवर्नमेंट इस तरह की बकवास क्यों बर्दाश्त कर रही है और यूएस के हर हुक्म के आगे क्यों झुक रही है? उनके पास ऐसा क्या असर है जिससे पीएम नरेंद्र मोदी लगातार नरम पड़ते जा रहे हैं? बीजेपी के जोकरों के अंडर हमारी फॉरेन पॉलिसी एक मजाक है। मोदी गवर्नमेंट को थोड़ी हिम्मत दिखानी चाहिए। इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि तो अब मोदी गवर्नमेंट को यह पोजीशन है कि अमेरिका परमिशन देगा तब रूस से तेल खरीदेंगे। वाह रे सरेंडर। अमेरिका के इस तरह के रवैये को लेकर कांग्रेस शुरुआत से ही मोदी सरकार पर हमलावर बनी हुई है।

### क्या है अमेरिका का फैसला जिस पर हो रहा बवाल?

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने शुक्रवार 6 मार्च को घोषणा की कि राष्ट्रपति ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।

बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "ईरान ग्लोबल एनर्जी मार्केट को बंधक बनाने की कोशिश कर रहा है। इस दबाव को कम करने के लिए हम भारत को यह 30 दिनों की छूट दे रहे हैं।

# भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि



सनातन धर्म में भगवान गणेश प्रथम पूज्य माने गए हैं. यानी सबसे पहले विघ्नहर्ता श्री गणेश की पूजा की जाती है. इतना ही नहीं भगवान गणेश की पूजा के बाद ही कोई भी शुभ और मांगलिक काम किए जाते हैं. हिंदू कैलेंडर की हर माह की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित की गई है. चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। भालचंद्र का अर्थ होता है, जिनके मस्तक पर चंद्र देव शोभायमान रहते हैं. हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी व्रत और विधि-विधान से पूजन करने से व्यक्ति के जीवन के बड़े से बड़े संकट टल जाते हैं।

### कब है भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी ?

पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत कल यानी 06 मार्च, शुक्रवार को शाम 07 बजकर 53 मिनट पर शुरू हो चुका है। इसका समापन 07 मार्च, शनिवार को शाम 07 बजकर 17 मिनट पर हो जाएगा. संकष्टी चतुर्थी के व्रत में चंद्रोदय के समय चतुर्थी तिथि होना अनिवार्य है. कल चंद्रोदय का समय रात 9 बजकर 31 मिनट है, तो भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी का व्रत भी कल 06 मार्च को रखा जाएगा।

### भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि

भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें. फिर साफ कपड़े पहनें. इसके बाद पूजा के लिए एक साफ स्थान पर चौकी रखें और उस पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश की मूर्ति या तस्वीर रखें. गणपति जी के समक्ष शुद्ध गाय के घी का दीपक और धूप जलाएं. फिर गंगाजल से भगवान गणेश का अभिषेक करें. गणेश जी को सिंदूर का तिलक लगाएं. फिर अक्षत, पीले पुष्प और दूर्वा चढ़ाएं. क्योंकि दूर्वा गणेश जी को अत्यंत प्रिय है. इसके बाद मोदक या मोतीचूर के लड्डूओं का भोग लगाएं. पूजा के दौरान "ॐ भालचंद्राय नमः" मंत्र का जप करें. संकष्टी चतुर्थी की व्रत कथा का पाठ करें. अंत में कपूर से गणेश जी की आरती उतारें. चंद्रोदय होने के बाद जल में दूध और अक्षत मिलाकर अर्घ्य दें. फिर व्रत का पारण करें।

### भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी का महत्व

संकष्टी चतुर्थी का व्रत सबसे भगवान गणेश का आशीर्वाद पाने का सबसे शुभ अवसर माना जाता है. मान्यता है कि भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी का व्रत आर्थिक परेशानियों से मुक्ति दिलाता है. साथ ही अच्छी संतान का सुख मिलता है और परिवार में हमेशा सुख-शांति बनी रहती है. इस व्रत के प्रभाव सेबनते हुए काम में आ रही बाधाएं दूर होती हैं।

# हनुमान गढ़ी मंदिर का इतिहास और वास्तुकला







यह वही मंदिर है जिसे भगवान राम ने लंका से लौटने के बाद अपने प्रिय भक्त हनुमान को रहने के लिए दिया था। इस मंदिर की सभी दीवारों पर हनुमान चालीसा और चौपाइयां लिखी हुई हैं। मंदिर में हनुमान की माता अंजनी रहती हैं, जिनकी गोद में युवा हनुमान जी बैठे हैं।

इस मंदिर की एक खासियत यह है कि यहां लंका विजय के बाद लाए गए अवशेष भी रखे गए हैं। मंदिर में एक विशेष 'हनुमान निशान' है, जो लगभग चार मीटर चौड़ा और आठ मीटर लंबा ध्वज है। मान्यता के अनुसार, हर पूजा से पहले हनुमान निशान को राम जन्मभूमि स्थान पर ले जाया जाता है। जहां सबसे पहले इसकी पूजा की जाती है. 200 लोग मिलकर इस निशान को राम जन्मभूमि तक ले जाते हैं।



**हनुमान गढ़ी मंदिर दर्शन का समय:**
मंदिर पूरे सप्ताह के लिए खुलता है, कपाट सुबह 4 बजे खुलते हैं और रात 10 बजे बंद हो जाते हैं।
आरतीः सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में सुबह 6:00 बजे आरती होती है, दोपहर 1:30 बजे आरती होती है ।

**हनुमान गढ़ी मंदिर प्रमुख त्यौहार:**
राम नवमी, दिवाली और छोटी दिवाली पर भगवान हनुमान का जन्मदिन मंदिर में मनाए जाने वाले मुख्य त्यौहार हैं। छोटी दिवाली पर भगवान हनुमान का जन्मदिन आधी रात को मनाया जाता है। **अयोध्या** के सभी लोग हनुमान मंदिर में इन त्योहारों को खुशी और उत्साह के साथ मनाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यदि कोई भक्त इस मंदिर में हनुमान जी को लाल चोला चढ़ाता है, तो उसे सभी प्रकार के दोषों से मुक्ति मिल जाती है। यहां मुख्य मंदिर में बाल हनुमान के साथ अंजनी माता की मूर्ति भी है।

**हनुमान गढ़ी मंदिर तक कैसे पहुँचें:**
अयोध्या शहर सड़क मार्ग और रेलवे मार्ग द्वारा सभी शहरों से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। जिससे श्रद्धालु आसानी से इस स्थान तक पहुंच सकते हैं।

# संकष्टी चतुर्थी इन 5 राशिवालों के लिए शुभ



मेषः संकष्टी चतुर्थी के दिन मेष राशिवालों को पुराने रोग से मुक्ति मिलेगी. वे सेहतमंद रहेंगे. नौकरीपेशा लोगों को काम में प्रमोशल मिल सकता है, आपके बॉस खुश रहेंगे. काम में लोगों की मदद मिलेगी और निर्णयों की सराहना होगी. कोई काम करना चाहते हैं तो कर लें, सफलता मिल सकती है. आपका भाग्यशाली अंक 6 और शुभ रंग लाल होगा।

वृषभः चतुर्थी के दिन वृषभ वालों को निवेश का एक बड़ा मौका हाथ लग सकता है, जिससे ये लोग मालामाल हो सकते हैं. आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा और धन लाभ होगा. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. लव लाइफ के लिए भी यह दिन अच्छा है. इस दिन आपकी किसी बड़े शख्स से मुलाकात हो सकती है. इस दिन आपको शुभ रंग हरा और लकी अंक 5 है।

सिंहः संकष्टी चतुर्थी का दिन सिंह राशिवालों को करियर के क्षेत्र में एक नया अवसर प्रदान करने वाला है. गणेश जी के आशीर्वाद से आपके संकट दूर होंगे और कार्य सफल होंगे. करियर में आगे बढ़ने और ऊंचाइयों पर जाने का सुनहरा मौका मिलेगा. इस दिन आपके रिश्ते मधुर और मजबूत होंगे. मन को शांति मिलेगी, तनाव से मुक्त रहेंगे. आपका शुभ अंक 8 और शुभ रंग हरा है।

मकरः संकष्टी चतुर्थी मकर राशि के लोगों के लिए करियर में बड़े अवसरों का द्वार खोलने वाली साबित होगी. अचानक से आपके आप एक से अधिक मौके आ सकते हैं. हालांकि किस जॉब या डील को हाथ में लेना है, इसका फैसला सोचसमझक करें. यह दिन परिवार में खुशियां देने वाला होगा. आपको कुछ महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए. दोस्तों से मदद प्राप्त होगी. आपकी लकी नबंर 11 और शुभ रंग बैंगनी है.

कुंभः संकष्टी चतुर्थी का दिन कुंभ राशिवालों के जीवन में रचनात्मक बदलाव लेकर आने वाला है. आपको चुनौतियां मिलेंगी, लेकिन गणेश जी के आशीर्वाद से उन पर सफलता प्राप्त कर लेंगे. नई नौकरी और बिजनेस में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा. लोग आपके विचारों को समझेंगे और आपकी मदद करेंगे. रिश्तों में मधुरता और मजबूती आएगी. सेहत ठीक रहेगी. आपका लकी नंबर 1 और शुभ रंग गुलाबी है।

**अनियंत्रित इच्छाओं से बचें और सही विचार, ज्ञान, संयम अपनाएं, तभी जीवन में सफलता मिलती है**

हमारी असफलता का मूल कारण अज्ञान है। अनियंत्रित इच्छाएं हमें संयम से दूर ले जाती हैं और हम क्षणिक सुखों के पीछे भागने लगते हैं। बुरी आदतों के प्रति आकर्षण से हमारी इच्छाशक्ति कमजोर होती है। निराशा और दुर्गुण भी अज्ञान की ही उपज हैं, जो हमें सही मार्ग से भटका देते हैं। प्रलोभनों के कारण हमारे भीतर अशांति जन्म लेती है। सही विचार और विवेक के अभाव में हम अपने ही पतन का कारण बन जाते हैं। इसलिए ज्ञान, संयम और सद्विचारों को अपनाएं।

# खोले के हनुमान जी मंदिर जयपुर





काहिर क्यों कहा जाने लगा इन्हे खोले के हनुमान जी। आखिर यह नाम कहा से आया ? हर नाम के पीछे एक कारण होता है और इनका यह नाम पड़ने के पीछे भी अहम् कारण यह है की यह मंदिर कोई आम जगह नहीं बसा यह बसा हुआ है पूर्वी पहाड़ियों की गोद में, जहाँ बहुत सी पहाड़ियां, नाले और जंगली जानवर आज भी देखने को मिलते है। जब इस मंदिर की बसावट हुई तो उन पहाड़ियों से बरसात के महीने में बरसात का पानी खोले की तरह बहता था, इसीलिए इस मंदिर का नाम खोले के हनुमान जी पड़ा।

अगर बात की जाय इस मंदिर की इस मंदिर की बसावट में सबसे ज्यादा श्रेय जिसे दिया जाता है वोह है एक ब्राह्मण जिन्होंने अपनी आस्था के चलते एक ऐसे जगह जहाँ सिर्फ जंगली जानवर और पहाड़ थे , ऐसे जगह पर 60 के दशक में निर्जन जंगल में भगवान् मूर्ति नंदन की मूर्ति को खोज निकला और मरते डैम तक उनकी पूरी सेवा की। वह ब्राह्मण कोई और नहीं बल्कि पंडित राधेलाल चौबे जी थे। जिन्होंने पूरी आस्था और मेहनत से इस मंदिर को संभाले रखा और जिसका नतीजा आज हम सब देख रहे है। इस मंदिर को सिर्फ भारत से ही नहीं बल्कि विदेश से भी लोग देखने आते है।

इस मंदिर का विकास यही नहीं रुका चौबे जी ने मंदिर के विकास के लिए एक समिति की स्थापना की जिसका नाम है नरवर आश्रम सेवा समिति। ये समिति इसका रखरखाव, पुनर्निर्माण व देखभाल का कार्य करती है जिसके परिणामस्वरूप ही आज यह मंदिर आगंतुकों को इतना लुभाता है । साथ ही यहाँ पर अब वृद्धों के लिए रोप वे भी शुरू कर दिया गया है, जिससे दर्शन करने में किसे प्रकार की समस्या ना आये। एक कमरे में बसा मंदिर आज इतनी जगह में फैला है की आप इसकी सुंदरता देखते ही रह जाओगे।

# क्या थे द्रौपदी के 3 महापाप, जिसके कारण स्वर्ग के रास्ते में ही सबसे पहले उड़े प्राण पखेरू

पांडवों को एक समय के बाद लगा कि अब उनका राजपाट करने का समय पूरा हो गया. अब समय इसे त्यागकर हिमालय के रास्ते स्वर्ग की चढ़ाई करने का है. पांचों पांडवों के साथ द्रौपदी भी इस यात्रा में उनके साथ थीं. हिमालय की आधी चढ़ाई उन्होंने चढ़ ली थी. सभी को लग रहा था कि उन्होंने इतने अच्छे काम किए हैं कि सब शरीर के साथ स्वर्ग पहुंचेंगे।

लेकिन ऐसा हुआ नहीं. जैसे ही मुश्किल चढ़ाई शुरू हुई तब सबसे पहले द्रौपदी गिरीं और फिर उठी नहीं. उनके प्राण पखेरू उड़ गए. युधिष्ठर को छोड़कर चारों पांडव भाई हैरान रह गए कि ऐसा क्यों हो गया. इसकी वजह थी द्रौपदी के तीन महापाप, जो उनकी राह में अड़ंगा बन गए।

क्या ये द्रौपदी के तीन बड़े महापाप. जिसके बारे में युधिष्ठर ने विलाप करते अपने भाइयों को बताया. भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव विलाप कर रहे थे कि आखिर कैसे द्रौपदी उन्हें इस स्वर्ग के रास्ते में सबसे पहले ही छोड़कर चली गईं. उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था. तब युधिष्ठर ने ही अपने विचलित भाइयों को इसकी वजह बताई. ये थी द्रौपदी के तीन महापाप, जिसे सुनकर सभी को झटका लगा. अर्जुन का सिर झुक गया।

दरअसल हस्तिनापुर में राजपाट करते हुए ये संकेत मिलने लगे थे कि अब युधिष्ठिर और बाकी पांडवों को राजपाट छोड़कर आध्यात्म के रास्ते पर जाने का समय आ गया है. कृष्ण के निधन ने पांडवों और द्रौपदी को झकझोर दिया था. लिहाजा उन्होंन तय कर लिया कि अब वो हिमालय की ओर जाएंगे और वहां स्वर्ग के रास्ते पर चढ़ाई करेंगे।

इस रास्ते पर जब उन्होंने चढ़ाई शुरू की तो एक के बाद एक परेशानी आनी शुरू हो गई. ये रास्ता कतई आसान नहीं था. हिमालय के आगे के रास्ते पर सबसे पहले द्रौपदी लड़खड़ाईं. फिर गिरीं. पता लगा कि उनकी सांस जा चुकी है. अब वह सशरीर स्वर्ग नहीं पहुंचेंगी. तो ऐसा क्या हुआ था।



चूंकि युधिष्ठिर ही उनमें सबसे ज्यादा जानकार थे. धर्म को सबसे ज्यादा जानते थे. कर्म को जानते थे तो उन्हें पता लग गया कि ऐसा क्यों हुआ है. उन्होंने ही अपने भाइयों से बताया कि द्रौपदी अपने तीन बड़े पापों के कारण सबसे पहले उन लोगों का साथ छोड़ गईं।

### 3 महापाप आखिर क्या थे

तो वो तीन पाप क्या थे. युधिष्ठिर इनके बारे में भी जानते थे. बेशक वो जीवन भर चुप रहे. इस बारे में कभी एक शब्द भी नहीं बोला लेकिन उस दिन उन्होंने पहली बार ये बताया कि आखिर उन सभी की पत्नी द्रौपदी ने कौन से तीन पाप कर डाले।

**महाभारत :** कृष्ण ने दो बार खोली थी अपनी तीसरी आंख, दोनों बार आने वाली थी कौन सी कयामत

### पहला महापाप, जिससे अर्जुन का सिर झुका

द्रौपदी ने अर्जुन को अपने अन्य पतियों की तुलना में अधिक प्रेम और महत्व दिया था, जो धर्म के अनुसार अनुचित था. एक पत्नी का कर्तव्य सभी पतियों के प्रति समान भाव रखना था, लेकिन द्रौपदी ऐसा नहीं कर पाई. ये उनका सबसे बड़ा पाप था. वो अर्जुन को लेकर सबसे ज्यादा फिक्र करती थीं. किसी भी पति के साथ रहने पर भी उन्हें अर्जुन का ही खयाल रहता था।

जब अर्जुन ने दूसरी शादियां कीं तो द्रौपदी सबसे ज्यादा विचलित और नाराज हुईं. ऐसा उन्होंने किसी और पांडवों की शादी पर नहीं किया.जब युधिष्ठर ने द्रौपदी के इस पहले महापाप के बारे में अपने भाइयों को बताया तो अर्जुन का सिर झुक गया. उन्हें पश्चाताप होने लगा कि उन्होंने क्यों ऐसा होने दिया।

### दूसरा महापाप यानि द्रौपदी का अहंकार

द्रौपदी को अपने रूप पर बहुत अहंकार था. वह हमेशा अपनी बुद्धिमत्ता और सौंदर्य पर गर्व करती थीं. ये उनका एक पाप था. इसे लेकर उन्होंने अपने स्वयंवर में कर्ण समेत कई राजाओं का अपमान किया।

द्रौपदी का सौंदर्य-गर्व उनकी पहचान का अंग था. वह जानती थीं कि वह अपूर्व सुंदर हैं. इसका उपयोग उन्होंने राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव के लिए भी किया. हालांकि महाभारत सीख देता है कि शारीरिक या बौद्धिक गुणों पर अत्यधिक गर्व मोक्ष के मार्ग में रुकावट बन सकता है. उनका अहंकार भी महाभारत में कई मौकों पर झलकता रहा। द्रौपदी के स्वयंवर में शर्त थी कि कोई धनुर्विद्या में निपुण योद्धा मछली की आँख को निशाना लगाए. जब कर्ण (जो सूतपुत्र माने जाते थे) उठे, तो द्रौपदी ने स्पष्ट रूप से कहा, "मैं एक सूतपुत्र को वरमाला नहीं पहनाऊंगी." ये उनके अहंकार का पहलू था, यहां द्रौपदी ने अपने राजकुलीन अभिमान और जातिगत दंभ को प्रकट किया।

### तीसरा महापाप, जो दुर्योधन से संबंधित था

उन्होंने दुर्योधन का जिस तरह अपमान किया, वो वाकई गलत था और गलत तरीके से किया गया. द्रौपदी ने दुर्योधन का "अंधे का पुत्र अंधा" कहकर अपमान किया था, जिसके पाप का प्रभाव भी उसके जीवन में रहा. पांडवों के जीवन में इसके बाद ही कष्ट आने शुरू हुए. इसी वजह से उन्हें वनवास हुआ और इसकी परिणति महाभारत जैसे युद्ध के रूप में भी हुई। एक राजकुमारी होने के नाते उसे इतना कठोर अपमान नहीं करना चाहिए था. इसी घटना ने दुर्योधन के मन में द्रौपदी और पांडवों के प्रति घृणा भर दी, जो चीरहरण और महाभारत युद्ध का एक कारण बना.**(जारी)**

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 7 मार्च - 2026

# किस दबाव में झुके नीतीश : भाजपा खुश, विपक्ष हैरान



राधा रमण

समाज को चौंकाते रहना समाजवादियों का शगल रहा है। नीतीश कुमार भी समाजवादी विचारधारा से ही आते हैं। ऐसा भी नहीं है कि नीतीश कुमार ने होली के दूसरे दिन बिहार और देश के लोगों को पहली बार चौंकाया है। वह पहले भी चौंकाते रहे हैं। कभी अपने धुर विरोधी लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन से हाथ मिलाकर सत्ता सुख भोगने के लिए, तो कभी भाजपा और एनडीए के साथ गठबंधन करके। अपने इसी हुनर के कारण नीतीश करीब साढ़े 19 वर्षों से बिहार की सत्ता पर काबिज हैं। इसीलिए विरोधी उन्हें कुर्सी कुमार भी कहते रहे हैं। लेकिन, इन सब के बीच यह कहना गलत नहीं होगा कि नीतीश कुमार की स्वीकार्यता पक्ष-विपक्ष दोनों में तीन दशक से बनी हुई है। सही मायनों में नीतीश पिछले दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे हैं।

फिलहाल, बिहार में सबकुछ ठीक चल रहा था। 2025 में हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए को उम्मीद से अधिक वोट और सीटें मिली थीं। कुल 243 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए को 202 सीटें मिली थीं। नीतीश कुमार 10 वीं बार 20 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लिये थे। बिहार के लिए यह नया उदाहरण है। लेकिन अचानक होली के दूसरे दिन नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर पक्ष-विपक्ष समेत बिहार के आम अवाम को चौंका दिया। अपने ट्वीट संदेश में नीतीश ने लिखा कि 'दो दशक से अधिक समय से आपने मेरे साथ लगातार विश्वास और समर्थन बनाये रखा। इसकी ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही इच्छा थी कि बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के दोनों सदनों का भी सदस्य बनूं। इसी क्रम में राज्यसभा सदस्य बनना चाह रहा हूं। बिहार की नई सरकार को मेरा पूरा समर्थन रहेगा।' और फिर तीन घंटे के भीतर उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल कर दिया।

नीतीश कुमार के इस फैसले से जनता दल (यूनाईटेड) के कार्यकर्ताओं में गुस्से की लहर दौड़ गई। राज्यभर में विरोध-प्रदर्शन होने लगे। कार्यकर्ता इसे भाजपा की चाल में नीतीश को फंसाने, पार्टी के ही कुछ बड़े नेताओं पर भाजपा के लिए काम करने और जनमत का अपमान बताने लगे। उन्होंने पटना स्थित पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ भी की और नीतीश से अपना फैसला वापस लेने की मांग करने लगे। उनका कहना था कि मतदाताओं ने नीतीश के नाम पर वोट किया था। यह फैसला मतदाताओं की अनदेखी है। नाराज जदयू कार्यकर्ताओं ने जदयू दफ्तर में लगे प्रधानमंत्री के पोस्टर पर कालिख पोत दी। नाराजगी सिर्फ कार्यकर्ताओं में ही नहीं है। जदयू के श्याम रजक, विनय चौधरी समेत कई विधायक नीतीश के इस फैसले से इत्तेफाक नहीं रखते। विधायक अनिल चौधरी तो खुलकर कहते हैं कि साढ़े तीन महीने में आखिर ऐसा क्या हो गया कि मुख्यमंत्री को ऐसा निर्णय लेना पड़ा। जदयू एमएलसी नीरज कुमार कहते हैं कि जदयू के कार्यकर्ताओं को दुख है। जिन लोगों ने हमें वोट नहीं दिया वे भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अब सीएम ने बिहार छोड़कर दिल्ली जाने का फैसला किया है। लेकिन पार्टी ने जिनको जिम्मेदारी दी है, उनके सामने यह सवाल है कि अब राजनीतिक विरासत कौन संभालेगा ? नीतीश कुमार को अगर किसी समस्या के बारे में पता चलता था तो वो तुरंत एक्शन लेते थे। अब यह कौन करेगा ? उधर, नीतीश की इस चाल से विपक्ष की बोलती बंद हो गई। उनकी रही-सही उम्मीदों पर ओले गिर गए। विपक्ष के नेता भले ही नीतीश कुमार को कुछ वर्षों से 'पलटूराम' कहा करते थे लेकिन उनके मन में हमेशा यह बात रहती थी कि नीतीश कभी न कभी भाजपा के दबाव से ऊबकर उनके साथ आ सकते हैं। लेकिन इस बार नीतीश ने कोई मौका नहीं दिया। दूसरे शब्दों में कहें तो पिछले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने महागठबंधन को इतनी सीटें नहीं दी जिससे नीतीश उनके साथ कोई जोड़तोड़ कर पाते। महागठबंधन के सबसे बड़े दल राष्ट्रीय जनता दल को महज 25 सीटें मिली हैं। मुश्किल से तेजस्वी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिला है। कांग्रेस और कमजोर हुई है। हां, नीतीश के इस कदम से भाजपा की बाछें खिल गयी है। बिहार में पहली बार उसे सरकार बनाने का मौका मिल रहा है। पिछले 21 वर्षों से भाजपा नीतीश की पिछलग्गू बनी हुई थी। नीतीश महागठबंधन के पाले में जाते थे तो उसे विपक्ष में बैठना पड़ता था। बीच के वर्षों में दो बार ऐसा हो चुका है। अब पहली बार उसे खुलकर खेलने का मौका मिलेगा। इसके अलावा नीतीश के शासनकाल की चुनावी घोषणाओं को पूरा करने की उसकी जवाबदेही भी नहीं रहेगी। साढ़े चार साल तक उसका निष्कंटक राज चलेगा। गठबंधन में शामिल जदयू के नेता समय के साथ या तो भाजपा में चले जाएंगे अथवा खंड-खंड हो जाएंगे। भाजपा का यही इतिहास रहा है। यकीन न हो तो इंडियन नेशनल लोकदल, अकाली दल, शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस आदि का इतिहास देख लें। पता चल जाएगा। जानकार दावा तो यह भी करते हैं कि भाजपा अपनी मुहिम में काफी पहले से लगी थी। 2020 के विधानसभा चुनाव में लोगों ने बखूबी देखा कि किसके इशारे पर चिराग की लोजपा ने भाजपा के टिकट से वंचित नेताओं को अपने बैनर तले जदयू उम्मीदवारों के खिलाफ मैदान में उतार दिया था। नतीजतन, जदयू 43 सीटों पर सिमट गयी थी। 2025 चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे में भाजपा ने जदयू की सीटिंग सीटें भी लोजपा को दे दी थी। जदयू की ओर से सीटों की बातचीत कर रहे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह मान भी गए थे। लेकिन समय रहते नीतीश सचेत हो गए और उन्होंने करीब आधा दर्जन सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए थे। वे जीतकर आ भी गए। तब भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह मन मसोस कर रह गए थे। यही नहीं चुनाव के दौरान भी एक टीवी इंटरव्यू में अमित शाह ने साफ कहा था कि मुख्यमंत्री का फैसला विधायक करेंगे। हालांकि नुकसान होता देख भाजपा नेताओं को चुनाव के बीच नीतीश के नाम पर मुहर लगानी पड़ी थी। सवाल उठता है कि अब अचानक ऐसी क्या स्थिति बन गयी कि नीतीश कुमार को बिहार की सत्ता रास नहीं आ रही है। राज्यसभा में तो नीतीश जब चाहते जा सकते थे। रही बात बेटे निशांत को राजनीति में लांच करने की, तो नीतीश को कौन रोक रहा था। जदयू के नेता-कार्यकर्ता तो पहले से इसकी मांग कर रहे थे। नीतीश चाहते तो देश में सर्वाधिक दिन तक मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते थे। लेकिन इस उपलब्धि से चूक क्यों गए ? इसका जवाब तो नीतीश ही दे सकते हैं। फिलहाल, देश में सबसे अधिक दिनों 24 वर्ष 166 दिन मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड सिक्किम के पवन कुमार चामलिंग के नाम है। नवीन पटनायक (ओडिशा) 24 वर्ष 94 दिन, ज्योति बसु (पश्चिम बंगाल) 23 वर्ष 137 दिन, गेगोंग अपांग (अरुणाचल प्रदेश) 22 वर्ष 250 दिन, ललथनहवला (मिजोरम) 22 वर्ष 60 दिन, वीरभद्र सिंह (हिमाचल प्रदेश) 21 वर्ष 13 दिन, और माणिक सरकार (त्रिपुरा) 19 वर्ष 363 दिनों तक मुख्यमंत्री रहे। नीतीश का नंबर आठवें पायदान पर आता है।

## राज्य से केंद्र की ओर नीतीश

बिहार की राजनीति एक बार फिर महत्वपूर्ण मोड़ पर दिखाई दे रही है। लंबे समय से राज्य की सत्ता और राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के केंद्र की राजनीति में सक्रिय होने की संभावनाओं ने राज्य में बदलाव की नई चर्चा को जन्म दिया है। यह केवल एक राजनीतिक पद परिवर्तन का मामला नहीं है, बल्कि इसके दूरगामी प्रभाव बिहार की सत्ता संरचना, दलगत समीकरण और भविष्य की राजनीति पर भी पड़ सकते हैं। नीतीश कुमार पिछले दो दशकों से बिहार की राजनीति का प्रमुख चेहरा रहे हैं। सुशासन, प्रशासनिक सुधार और विकास के मुद्दों पर अपनी पहचान बनाने वाले नेता के रूप में उन्होंने राज्य की राजनीति को एक अलग दिशा देने का प्रयास किया। समय के साथ राजनीतिक परिस्थितियों और गठबंधन की राजनीति ने उनकी भूमिका को कई बार बदलते हुए भी देखा गया। अब यदि वे सक्रिय रूप से केंद्र की राजनीति की ओर रुख करते हैं, तो यह न केवल उनके व्यक्तिगत राजनीतिक जीवन का नया चरण होगा बल्कि बिहार की सत्ता व्यवस्था में भी नए समीकरणों की शुरुआत कर सकता है। इस संभावित बदलाव का सबसे बड़ा असर राज्य के नेतृत्व पर पड़ सकता है। यदि नीतीश कुमार राज्य की राजनीति से धीरे-धीरे दूरी बनाते हैं, तो स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठेगा कि बिहार में सत्ता की कमान किसके हाथ में जाएगी। वर्तमान गठबंधन की स्थिति को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में भाजपा राज्य में नेतृत्व की बड़ी भूमिका निभाने की कोशिश कर सकती है, जबकि जनता दल (यू) को संगठन और नेतृत्व के स्तर पर नए संतुलन की तलाश करनी होगी। नीतीश कुमार की राजनीतिक यात्रा भी अपने आप में बेहद दिलचस्प रही है। वे उस पीढ़ी से आते हैं जिसने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से प्रेरणा लेकर राजनीति में प्रवेश किया था। उस दौर की राजनीति का मूल आधार वैचारिक प्रतिबद्धता, सादगी और प्रशासनिक शुचिता माना जाता था। नीतीश कुमार ने भी लंबे समय तक खुद को इसी छवि के साथ स्थापित करने का प्रयास किया। यही कारण है कि बिहार की राजनीति में उन्हें एक संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में देखा जाता है। हालांकि इस परिवर्तन के साथ कुछ चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। जनता दल (यू) के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए नीतीश कुमार लंबे समय से पार्टी की पहचान रहे हैं। ऐसे में उनके सक्रिय नेतृत्व से पीछे हटने की स्थिति में पार्टी को अपनी संगठनात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी। साथ ही विपक्ष भी इस राजनीतिक संक्रमण को अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश कर सकता है। दूसरी ओर, यदि नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, तो उनके प्रशासनिक अनुभव और लंबे राजनीतिक सफर का उपयोग राष्ट्रीय स्तर पर भी हो सकता है। भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय नेताओं का राष्ट्रीय मंच पर प्रभाव बढ़ना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है। कुल मिलाकर, बिहार की राजनीति फिलहाल एक संक्रमण के दौर से गुजरती दिखाई दे रही है। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह बदलाव केवल नेतृत्व परिवर्तन तक सीमित रहता है या फिर राज्य की राजनीति में एक व्यापक पुनर्संतुलन का कारण बनता है। इतना निश्चित है कि नीतीश कुमार का हर राजनीतिक कदम बिहार की राजनीति में दूरगामी प्रभाव छोड़ता है, और उनकी नई पारी भी इसी दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# नारी तो सदा- सर्वदा पूज्यनीय रही है



डॉ. संजुला सिंह संजु

वैसे तो भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत महत्व और सम्मान दिया गया है । पूजा होती है , वहां देवता विशेष रूप से निवास करते हैं। परंतु वर्तमान समय में इस बात को लोग भूलते जा रहे हैं।अक्सर यही देखने को मिलता है हर जगह नारी का अपमान ही हो रहा है ,जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है । ज्यादातर लोग नारी को बस भोग की वस्तु ही समझ कर उसे अपने तरीके से इस्तेमाल करना चाहते हैं और करते भी हैं ,जबकि ऐसा सोचना भी पाप है । नारी सिर्फ भोग की वस्तु हो ही नहीं सकती , नारी तो सदा सर्वदा से पूजनीय रही है । एक नारी में ही वो क्षमता है जो भगवान को भी अपनी कोख में 9 महीने रखकर फिर इस धरा पर (अवतरित ) (जन्म ) करती है । वो नारी ही है जो देवताओं को भी खुद की शक्ति से उन्हें परास्त कर उनके अहंकार का दमन कर देती है, इसका जीता जागता उदाहरण हमारी माता अनसूया जी हैं ,जिन्होंने अपनी शक्ति से ब्रह्मा ,विष्णु , महेश तीनों को ही बालक बना दिया था ,उनके अहंकार को परास्त किया था ।

नारी हर -हाल में अपनी रक्षा करना जानती है इसलिए नारी अबला नहीं बल्कि सबला है । पर हां कई जगहों पर नारी ने औरों की खुशियों की खातिर खुद का बलिदान कर अपने सुखों का अपनी खुशियों का त्याग कर देने के कारण कुछ जाहिलों की नजर में वो खुद को अबला बना लेती है ।भारी विडंबना की बात हैकी नारी के इस त्याग को इस बलिदान को उसकी ममता को उस की करुणा को उसके वात्सल्य को लोग नहीं समझ पाते हैं यही उनका दुर्भाग्य है ।अरे , नारी तो सृष्टि का रचयिता है ,एक नारी के हाथ में दोनों ही क्षमताएं हैं-नारी अगर सृष्टि का सृजन कर्ता है तो वो संहार कर्ता भी है-इसका भी जीता जागता उदाहरण हमारी मां दुर्गा और मां काली हैं । पुरुष चाहे खुद को जितना भी महान समझे पर वह कभी भी सृष्टि का निर्माता नहीं हो सकता , पर फिर भी न जाने क्यों -लोग इस सच्चाई से मुंह फेरते हैं ? यह बडी ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है । मैं नारी पर कुछ लिख पाऊं ,मेरी कलम में वो क्षमता नहीं है , फिर भी मैंने अपनी मति अनुसार विश्व की हर नारियों के लिए अपने भाव को प्रकट करने का एक छोटा सा प्रयास किया है । मैं ही नहीं , नारी पर लिखने की क्षमता किसी में भी नहीं है क्यों कि संपूर्ण नारी का चित्रण अपनी लेखनी के द्वारा कोई कर सके --- इतनी क्षमता किसी में नहीं हो सकती, क्योंकि नारी खुद में संपूर्ण है, नारी ईश्वर की बनाई वो खूबसूरत रचना है जिसे देख ईश्वर भी हैरान हो जाता है ।

क्योंकि एक नारी ही है जिस में वो सारे गुण विद्यमान होते हैं जो शायद ही किसी पुरुष में हो । नारी ममता , करुणा , त्याग , तपस्या , वात्सल्य आदि की प्रतिमूर्ति होती है ,जो पुरुष कभी नहीं हो सकते । नारी हृदय से जितना कोमल होती है उतना ही साहस वान और धैर्यवान भी होती है ,उसके साहस और धैर्य की बराबरी पुरुष कभी नहीं कर सकते । सदा सर्वदा से अहंकारी रहे हैं जबकि नारी सदा सर्वदा से कोमल और मधुर रही है ।इसका मतलब यह कतई नहीं होता कि नारी कमजोर होती है ।नारी को कमजोर समझना सबसे बड़ी मूर्खता और दुर्भाग्यपूर्ण बात है ,क्योंकि नारी किसी भी एंगल से कभी भी कमजोर नहीं हो सकती । नई हमेशा अपने आप को वर्तमान परिस्थितियों में ढालने की भी शक्ति रखती है । जैसे- नारी कोमल निर्मला होती फुल सामान , पर-वक्त पड़े तो थाम ले बरछी तीर कमान अंत में मैं इतना ही कहना चाहूंगी कि नारी हर रूप में सर्वश्रेष्ठ है-चाहे वो किसी की पत्नी हो चाहे वो किसी की बहन हो चाहे वो किसी की बेटी हो चाहे वो किसी की प्रेमिका हो ,चाहे वह किसी भी रूप में हो, वो हर रूप में सर्वश्रेष्ठ है ।

# यूरेनियम डील : भारत की ऊर्जा क्रांति या पर्यावरणीय संकट की शुरुआत?



आरके जैन

ऊर्जा के मोर्चे पर भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ भविष्य की दिशा तय हो रही है-एक ऐसा भविष्य जहाँ बिजली की कमी अतीत बन जाए, कारखानों की चिमनियों से उठता धुआँ कम हो और हर घर तक पहुँचने वाली ऊर्जा कोयले की कालिख नहीं बल्कि स्वच्छ स्रोतों से पैदा हो। यह सपना केवल विकास का नहीं, बल्कि जलवायु सुरक्षा का भी है। लेकिन इस उजले भविष्य की राह में कुछ अंधेरे भी छिपे हैं। मार्च 2026 में भारत और कनाडा के बीच हुई अरबों डॉलर की यूरेनियम डील ने इसी द्वंद्व को फिर सामने ला खड़ा किया है। एक ओर यह समझौता ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन उत्सर्जन का वादा करता है, तो दूसरी ओर खनन, रेडिएशन और पर्यावरणीय खतरों की चिंता भी बढ़ाता है। सवाल है कि क्या यह डील भारत के क्लाइमेट भविष्य को सुरक्षित बनाएगी या यह विकास की ऐसी कीमत होगी जिसे पर्यावरण और आदिवासी समुदायों को चुकाना पड़ेगा?

ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग की दिशा में भारत-कनाडा समझौता एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह केवल व्यापारिक सौदा नहीं बल्कि रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक भी है। इस डील के तहत कनाडा की खनन कंपनी कैमेको भारत को 2027 से 2035 के बीच लगभग 22 मिलियन पाउंड यूरेनियम देगी, जिससे भारत के 24 परमाणु रिएक्टरों को ईंधन मिलेगा। भारत की वर्तमान परमाणु ऊर्जा क्षमता लगभग 8.88 गीगावाट है, जिसे सरकार 2047 तक लगभग 100 गीगावाट तक बढ़ाने का लक्ष्य रखती है। इसके लिए छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत परमाणु तकनीकों पर सहयोग की भी चर्चा है। बढ़ती ऊर्जा मांग और रूस जैसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर वैश्विक दबाव के बीच यह समझौता भारत को एक वैकल्पिक और अपेक्षाकृत स्वच्छ ऊर्जा मार्ग दे सकता है, इसलिए इसे ऊर्जा रणनीति का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच परमाणु ऊर्जा को अक्सर एक संभावित समाधान के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन और 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। इस परिप्रेक्ष्य में परमाणु ऊर्जा एक स्थिर बेसलोड प्रदान कर सकती है, जो सौर और पवन ऊर्जा की अनियमितता को संतुलित करती है। अध्ययनों के अनुसार परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन कोयले से कई गुना कम होता है, इसलिए यह जलवायु परिवर्तन से निपटने का महत्वपूर्ण साधन बन सकती है। लेकिन ऊर्जा के इस स्वच्छ चेहरे के पीछे एक जटिल वास्तविकता भी छिपी है-यूरेनियम के खनन, प्रसंस्करण और अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया पर्यावरणीय जोखिमों से भरी हुई है।

ऊर्जा की चमकदार बहस में यूरेनियम खनन के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव अक्सर दबकर रह जाते हैं। खदानों से निकलने वाले रेडियोधर्मी टेलिंग्स यानी अपशिष्ट में थोरियम और रेडियम जैसे तत्व मौजूद रहते हैं, जो लंबे समय तक मिट्टी और जल स्रोतों को दूषित कर सकते हैं। कनाडा के सस्कैचेवान क्षेत्र में स्थित कई यूरेनियम खदानों के आसपास भूजल प्रदूषण और वन्यजीवों पर प्रभाव को लेकर समय-समय पर चिंताएँ उठती रही हैं। हालांकि, नियामक रिपोर्ट्स में कुछ साइटों पर सफाई प्रयास चल रहे हैं। भारी मात्रा में पानी के उपयोग और खनन के दौरान उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह "स्वच्छ" नहीं रहने देते। यही कारण है कि कई पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि परमाणु ऊर्जा के पूरे जीवन चक्र को ध्यान में रखे बिना इसे जलवायु समाधान के रूप में प्रस्तुत करना अधूरा दृष्टिकोण है। इस पूरी बहस का सबसे संवेदनशील पहलू आदिवासी समुदायों से जुड़ा हुआ है। कनाडा में जिन क्षेत्रों में यूरेनियम खनन होता है, वहाँ डेने, क्री और मेटिस जैसे इंडिजिनस समुदाय सदियों से रहते आए हैं। कई सामाजिक संगठनों का दावा है कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को रेडिएशन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। फेफड़ों के कैंसर, जेनेटिक विकार और अन्य बीमारियों के मामलों को लेकर वर्षों से चिंता व्यक्त की जाती रही है। कई आदिवासी समूहों का आरोप है कि उनकी जमीनों का इस्तेमाल खनन के लिए किया जाता है, लेकिन निर्णय प्रक्रिया में उनकी सहमति और अधिकारों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता।

परमाणु ऊर्जा की यह बहस केवल वैश्विक नहीं, भारत में भी उतनी ही तीव्रता से गूंजती है। झारखंड की जादुगुडा यूरेनियम खदान इसका सबसे चर्चित उदाहरण है, जहाँ स्थानीय हो, संताल और मुंडा आदिवासी दशकों से स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को उठाते रहे हैं। कई अध्ययनों में इस क्षेत्र में जन्मजात विकृतियों, कैंसर और अन्य बीमारियों के मामलों को लेकर सवाल उठे हैं।

स्वतंत्र अध्ययन इसकी पुष्टि करते हैं, हालांकि यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड इसे अस्वीकार करता है। टेलिंग पॉन्ड्स से रिसाव की घटनाएँ और जल स्रोतों में भारी धातुओं की मौजूदगी ने स्थानीय लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इन परिस्थितियों में जब परमाणु ऊर्जा विस्तार की बात होती है, तो यह सवाल भी उठता है कि क्या विकास की कीमत हमेशा उन्हीं समुदायों को चुकानी पड़ेगी जो पहले से ही हाशिये पर हैं।

इन चुनौतियों के बावजूद समाधान की संभावनाएँ भी मौजूद हैं। यदि परमाणु ऊर्जा को वास्तव में जलवायु समाधान बनाना है तो खनन से लेकर अपशिष्ट प्रबंधन तक हर चरण में कड़े पर्यावरणीय मानकों को लागू करना होगा। मजबूत पर्यावरणीय प्रभाव आकलन, पारदर्शिता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के लिए "फ्री, प्रायर एंड इन्फॉर्म्ड कंसेंट" यानी पूर्व सहमति की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही नई तकनीकों जैसे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों पर भी गंभीर निवेश जरूरी है। इससे परमाणु ऊर्जा के जोखिमों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

# युद्ध की विभीषिका के चक्रव्यूह में फंसती दुनिया



मनोज कुमार अग्रवाल

विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है।युद्ध मानव सभ्यता के साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक होता है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। भूमि बंजर हो जाती है और जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बता देंकि 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और इसी साल 7 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीमित सैन्य संघर्ष के बाद अब इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में परिस्थितियां गंभीर और जटिल बनी हुई हैं। इस समय दोनों देशों के बीच तनाव चरम सीमा पर है और दोनों देशों की सेनाएं प्रत्यक्ष सैन्य आक्रमणों में उलझी हुई हैं। रूस - यूक्रेन युद्ध, इजराएल - हमास युद्ध और अब अमेरिका - इजराएल बनाम ईरान युद्ध का संघर्ष यह दर्शाते हैं कि युद्ध का दंश सीमाओं से परे जाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था और शांति को बुरी तरह प्रभावित करता है।

इसे हाल ही में अमरीका और इसराईल द्वारा ईरान के विरुद्ध शुरू की गई भारी सैन्य कार्रवाई ने और बढ़ा दिया है। अब तक ईरान में ही इस युद्ध के कारण 555 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस जंग में हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है. ईरानी रेड क्रेसेंट सोसाइटी के मुताबिक, ईरान में 780 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं. इनमें कथित तौर पर एक स्कूल पर हुए अमेरिका-इसराइल के हमले में मारी गईं 165 लड़कियां और स्टाफ भी शामिल हैं। युद्ध के कारण शरणार्थियों की समस्या भी उत्पन्न होती है जो अन्तराष्ट्रिय स्तर पर मानवीय संकट का रूप ले लेती है।

यह भी विडंबना है की युद्ध प्रायः सत्ता, वर्चस्व और वैचारिक मतभेदों के कारण होते हैं जबकि युद्ध का कीमत आम जनता चुकाती है। आज के परमाणु और अत्याधुनिक हथियारों के युग में युद्ध का अर्थ केवल सीमित संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक विनाश हो सकता है।

आपको बता दें 2014 से जारी 'यमन' के गृह युद्ध में लाखों लोग प्रभावित और हजारों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। यह गृह युद्ध यमन के पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपतियों के वफादार गुटों के बीच चल रहा है। 'यमन' की राजधानी 'सना' स्थित 'होऊथी' योद्धाओं जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह' के वफादार योद्धाओं का समर्थन प्राप्त है, और 'अदन' में स्थित 'मंसूर हादी' की सरकार के बीच यह युद्ध चल रहा है।' 21 फरवरी, 2026 को 'होऊथी' सेनाओं द्वारा राजधानी सना में हादी को उनके आवास पर नजरबंद करने के एक महीने बाद ही हादी वहां से भाग निकलने में सफल रहे और अदन आ गए और कहा कि होऊथी अधिग्रहण अवैध था और वह अब भी यमन के संवैधानिक राष्ट्रपति हैं। उधर इथोपिया में 2020 में तत्कालीन प्रधानमंत्री 'अबी अहमद' द्वारा विपक्षी पार्टी एल.पी.टी.एफ. के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई के कारण शुरू हुए गृह युद्ध से लाखों लोग विस्थापित हुए और सैंकड़ों लोग मारे गए। हालांकि नवम्बर, 2022 में हुए शांति समझौते के बाद झगड़े कम हुए हैं परंतु तनाव अभी बना हुआ है।

म्यांमार में 1 फरवरी, 2021 को वहां के मिलिट्री 'जुंटा' ने 'आंग सान सू की' की सरकार का तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके तुरंत बाद ही 'जुंटा' कहलाने वाले सैन्य शासकों का भी विरोध शुरू हो गया और इसने एक भीषण गृहयुद्ध का रूप ले लिया है। इस खूनी गृहयुद्ध में पिछले 5 वर्षों के दौरान 73,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

24 फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पांचवें वर्ष में दाखिल हो चुका है। इस युद्ध में अंतर्राष्ट्रीय अनुमानों के अनुसार दोनों पक्षों के सैनिकों और नागरिकों को मिलाकर लाखों लोगों की मौत तथा लाखों लोग घायल और विस्थापित हुए हैं।

7 अक्तूबर, 2023 को इसराईल और फिलिस्तीन के बीच जमीन, राजनीतिक स्वामित्व और धार्मिक दावों से सम्बन्धित दशकों पुराना विवाद हमास द्वारा इसराईल पर बड़ा हमला किए जाने के बाद अधिक तेजी से भड़क उठा। दोनों पक्ष एक-दूसरे की भूमि पर कब्जे और एक-दूसरे पर परस्पर सुरक्षा खतरे के आरोप लगाते आ रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार इसराईली हमलों के कारण गाजा का बड़ा हिस्सा बुरी तरह तबाह हो चुका है जिसके पुनर्निर्माण में 20 वर्ष से भी अधिक समय लगने का अनुमान है। इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद तेज हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकी संगठन पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं और इन हमलों में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। अफ्रीकी देश 'सुडान' भी 'सूडानी सशस्त्र सेनाओं' (एस.ए.एफ.) तथा अर्द्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आर.एस.एफ.) के बीच 2023 से जारी युद्ध के कारण इतिहास के सर्वाधिक उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा है। इस कारण यहां की जनता पूरी तरह तबाह और बर्बाद हो गई है और उसकी मुसीबतों को गरीबी आदि ने और भी बढ़ा दिया है तथा लगभग 2 लाख 80 हजार लोग अपने घर छोड़ कर दूसरे स्थानों को जा चुके हैं। उक्त सारे संघर्ष वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं।

# क्या भूख और भ्रष्टाचार अनिवार्य है ?



डॉ टी महादेव राव

भगवन! आप कौन हैं जो प्रकट हुए हैं? आपको क्या चाहिए? तुम्हें वरदान देने के लिए मैं आया हूं। मैं एक मामूली सा ऑटो ड्राइवर। मुझे वरदान किस लिए? तुम्हारे ऑटो में जो सोने के जेवरों का थैला मिला था तुमने उसके मालिक को सौंप दिया। इसलिए मैं तुम्हारी ईमानदारी से प्रभावित होकर आया हूं। कहा जा रहा है देश में भ्रष्टाचार कम हो गया है। पता नहीं वह किसी सूची में हमारा देश एक दो रैंक ऊपर आया है, ऐसे में मुझे भी तो पूरी ईमानदारी से रहना चाहिए कि नहीं? ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के जारी 2025 करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में, भारत 182 देशों में से 91वें स्थान पर है, जो 2024 में इसके 96वें स्थान में बेहतर स्थिति में है। भारत का स्कोर 100 में से 39 है, जो पिछले साल के 38 से थोड़ा ज़्यादा है। यह सब सच है? सच में सच है भगवान जी! तो ऐसा करो कि जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य को जिन कागजातों की जरूरत होती है, उन्हें लेकर आओ। शर्त यह है कि तुम कहीं भी रिश्वत नहीं दोगे। भ्रष्टाचार कम हुआ है तो रिश्वत से क्या काम है ? ठीक है मैं जाता हूं। मेरे बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में एक सुधार करना है सर। सुधार के लिए कोई सुबूत वाले पत्र हैं? बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र ही उनका पहला पत्र होता है उसके पहले के आधार हम किस तरह से लाएंगे? उसके लिए तो हमें पिछले जन्म में जाना होगा। यह सारे पंच पड़ोसियों के साथ मिलकर रील बनाने में डाला करो। अगर कोई सबूत है तो दिखाओ, वरना यहां से खिसक लो।कोई और रास्ता नहीं है काम पूरा होने के लिए? है न ! दो हजार ढीले करो तो रास्ता सड़क, मार्ग सारे दिख जाएंगे। इसे कहते हैं पंच अच्छा है न! ऐ ऑटो! रुको अपने कागजात दिखाओ। आरसी, लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन, गाड़ी का रिन्यूअल, खाकी कमीज सारा कुछ है देखें।

ड्रंक एंड ड्राइव की बात क्या है? मुझे कोई एतराज नहीं। मैं मशीन में बहुत जोरदार ढंग से फूंक सकता हूं। तुम्हारा नंबर प्लेट ठीक से दिखाई नहीं पड़ रहा है। सारे सड़क में गड्ढे हैं। कीचड़ में धंसने के कारण कभी-कभी कीचड़ उस पर पड़ गया होगा। मैं कीचड़ पोंछ देता हूं तो आपका नंबर प्लेट ठीक दिखाई पड़ेगा। यह नो पार्किंग की जगह है यहां क्यों रोका तुमने? मैं कहां रुका हूं? आप ही ने तो चेकिंग के नाम पर रोका है। अभी गाड़ी रुकी है कि नहीं। अपने रोका है तभी न रुकी है। जहां रुकी है वहां नो पार्किंग बोर्ड है न ! जुर्माना भरोजब आपने वसूली का तय कर लिया है अब कहां बचूंगा डसे जाने से।'चालान ऑनलाइन में भरना, लेकिन यहां एक हजार देकर चलते बनो।यह तो डबल धमाका है जी। सर! मेरे राशन कार्ड का क्या हुआ? तुम तो अब गरीबों की रेखा से ऊपर उठ गए हो। राशन कार्ड की क्या जरूरत है ? ऑटो वाला जंक्शन का स्टॉप लाइन ही नहीं चढ़ता। मैं कब गरीबी रेखा से ऊपर चढ़ गया भैया? तुम्हारे गरीब होने का प्रमाण चाहिए। लेकर आओ। सारा दिन सड़क पर घूमने वाले मेरे जैसे बंदे की जिंदगी ही एक बहुत बड़ा प्रमाण है सर! जवाब तुम नहीं बताओगे पेपर में बताना दिखाना होगा' फिर क्या करूं?'जब मैं बता रहा हूं कि कागजों से ही काम होगा तो तुम्हें समझ में नहीं आ रहा? आपने क्या किया है जो मैं आपको पैसे दूं ? जनता के लिए पसीना बहाकर मेहनत करने थोड़े वेतन के अलावा हमें क्या मिलता है? इतनी मेहनत करने पर घर सुविधाजनक होना चाहिए कि नहीं? घर के लिए कम से कम करोड़ खर्च करना होगा कि नहीं? बढ़िया से काम करना है तो कार में आना है कि नहीं? ऐसे सारे जिधर करते हैं ऐसे सारे चिल्हर खर्च के लिए धन तो देना ही होगा तुम्हारी तरफ से। सोच लो किसी दोस्त को तुमने चाय पिलाया।'आपकी चाय का खर्च बहुत महंगा है जी। कुछ मूल्य वैसे ही हैं वह हिसाब में पकड़ में नहीं आते। मेरे पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र चाहिए सर। मर गया है इसके लिए क्या आधार है? क्या साक्षी है? क्या सबूत है? मनुष्य के रूप में पहचान बनाने वाला आधार कार्ड, जीवन को कोई न कोई सुधारेगा ही, इस आशा से आजीवन वोट दिया वह वोटर कार्ड, अस्पताल का रिकॉर्ड कि वह मर गए हैं और अंतिम क्रियाएं करवाने का शमशान का प्रमाणपत्र सभी कुछ है सर। यह क्या अस्पताल के रिकॉर्ड में ब्राट डेड और शमशान के रिकॉर्ड में नेचुरल डेथ लिखा हुआ है, ऐसे में मुश्किल है। आसान कैसे होगा सर?मरने वाला कुछ लेकर नहीं जाता है। जो कुछ उसने छोड़ दिया उसमें थोड़ा बांटना होगा बस। रिश्वत की मार से मौत भी नहीं बच सकती है यह सिद्ध होता है सर।

# 2467 करोड़ की जालसाजी...

## पैसा कमाने की स्कीम बताकर चूना लगाया, पति-पत्नी सुरेश और अर्चना कुटे पर अब आफत



मुंबई, 6 मार्च (एजेंसियां)। जालसाजी के मामले में एक और दंपति को गिरफ्तार किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अर्चना कुटे को 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक के जालसाजी के मामले में गिरफ्तार किया है। इससे पहले उनके पति को भी गिरफ्तार किया गया था। यह जांच ज्ञानराधा मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड डीएमसीसीएसएल से कुटे ग्रुप की कंपनियों में फंड के कथित डायवर्जन से जुड़ी है।

कुटे दंपति को ईडी की ओर से 2,467 करोड़ रुपये की मनी-लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी का दावा है कि इन कंपनियों का मालिकाना हक या कंट्रोल उनके और उनके पति सुरेश कुटे के पास है। क्रेडिट सोसाइटी पर हाई-रिटर्न डिपॉजिट स्कीम के जरिए हजारों निवेशकों को ठगने का आरोप है। अर्चना को 2 मार्च को ईडी के मुंबई जोनल ऑफिस ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के नियमों के तहत गिरफ्तार किया था। उन्हें 3 मार्च को मुंबई की एक स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया, जिसने उन्हें आगे की जांच के लिए 7 मार्च तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया।

इससे पहले, जांच एजेंसी ने इस केस में उनके पति सुरेश कुटे को गिरफ्तार किया और मुंबई की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट भी फाइल की, जिसने इस गड़बड़ी की बात सामने आई। ईडी की मनी-लॉन्ड्रिंग जांच, मई और जुलाई 2024 के बीच महाराष्ट्र के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की ढेरों धाराओं के तहत दर्ज कई एफआईआर पर आधारित है। आईपीसी की इन धाराओं में सुरेश कुटे और कई अन्य लोगों पर डीएमसीसीएसएल के जरिए निवेशकों के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने का आरोप है।

**निवेशकों के पैसों का हेराफरी**

प्रवर्तन निदेशालय की जांच में आरोप लगाया गया कि क्रेडिट सोसाइटी ने निवेशकों को 12 फीसदी से लेकर 14 फीसदी के हाई रिटर्न का वादा करके हाई-यील्ड डिपॉजिट स्कीम शुरू की थीं, और इस स्कीम के प्रति बड़ी संख्या में निवेशक आकर्षित भी हुए। हालांकि, कई निवेशकों को कथित तौर पर आर्थिक रूप से भारी नुकसान हुआ क्योंकि सोसाइटी ने उनकी जमा राशि वापस नहीं की कर पाई या केवल आंशिक पेमेंट किया। ईडी जांचकर्ताओं ने अपनी जांच में पाया कि क्रेडिट सोसाइटी से करीब 2,467 करोड़ रुपये के फंड को कुटे ग्रुप से जुड़ी कंपनियों के एक ग्रुप को कथित लोन के रूप में डायवर्ट कर दिया गया, जिनका कथित तौर पर कुटे दंपति यानी सुरेश और अर्चना के पास मालिकाना हक या नियंत्रण है।

अधिकारियों ने बताया कि यह पैसा बिना सही डॉक्यूमेंटेशन, कोलैटरल सिक्योरिटी या एंड-यूज सर्टिफिकेशन के ही दिया गया था। बताया जाता है कि इस पैसे का सही बिजनेस कामों के लिए इस्तेमाल करने की जगह इन पैसों को अपने फायदे के लिए निकाल लिया गया या दूसरे फिर दूसरे बिजनेस में लगा दिया गया। अब तक, जांच एजेंसी की ओर से इस केस को लेकर कई जगह छापेमारी की गई और कई प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किए हैं, जिससे करीब 1,621.89 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति अटैच और सीज की गई है। मामले की जांच फिलहाल जारी है।

## भारत और जापान का 'धर्म गार्डियन' अभ्यास दोनों देशों के जांबाज दिखा रहे दमखम



देहरादून, 6 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड के चौबट्टिया स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड में भारत और जापान के बीच सातवां संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन' चल रहा है। यह अभ्यास 24 फरवरी को शुरू हुआ था और 09 मार्च तक चलेगा। इसका उद्देश्य साझा सुरक्षा चुनौतियों और वैश्विक आतंकवाद के बदलते खतरे के मद्देनजर भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स के बीच सैन्य सहयोग को और मजबूत करना है। इस अभ्यास में प्रत्येक देश के 120 सैनिक भाग ले रहे हैं।

जापान की ओर से 32वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट, और भारतीय सेना की ओर से लद्दाख स्काउट्स की टुकड़ी शामिल है। अभ्यास के पहले दिन एकीकरण और मार्गदर्शन गतिविधियों के साथ शुरुआत की गई। इसके बाद से अर्द्ध-शहरी परिस्थितियों में संयुक्त अभियानों की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, पारस्परिक समन्वय (इंटरआपरेबिलिटी) और वास्तविक फील्ड परिस्थितियों में समन्वित सामरिक अभ्यासों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्य गतिविधियों में अस्थायी ऑपरेटिंग बेस की स्थापना, इंटेलिजेंस-सर्विलांस-रिकानिसेंस (आइएसआर) ग्रिड का निर्माण, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट की स्थापना, शत्रुतापूर्ण वातावरण में घेराबंदी और तलाशी अभियान (कार्डन एंड सर्च आपरेशन ), हेलिबोर्न आपरेशन और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल शामिल हैं।

अभ्यास का समापन एक वैलिडेशन एक्सरसाइज के साथ होगा, जिसमें संयुक्त प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त मानकों का मूल्यांकन एक समेकित फील्ड परिदृश्य के माध्यम से किया जाएगा।

# ईसीएचएस घोटाला

## ट्राईसिटी के हॉस्पिटल में इलाज के नाम पर खेल, एक ही मरीज 4-4 अस्पतालों में भर्ती; एक्शन में सीबीआई

चंडीगढ़, 6 मार्च (एजेंसियां)। इलाज के नाम पर हुए ईसीएचएस घोटाले में दिन प्रतिदिन नए खुलासे सामने आ रहे है। सीबीआई इस मामले की पड़ताल कर रही है। सीबीआई के पास पहुंची शिकायत में सामने आया है कि इलाज के नाम पर एक ही मरीज को ट्राइसिटी के विभिन्न अस्पतालों में बार-बार एडमिट किया जाता रहा। एक दो नहीं कई ऐसे मरीज है, जो कभी धर्म हॉस्पिटल तो कभी केयर और कभी किसी अन्य हॉस्पिटल में एडमिट दिखाए गए। कई ऐसे मामलों की भी शिकायत है, जहां पति-पत्नी एक साथ हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती दिखाए गए।

एक हॉस्पिटल से छुट्टी कई बाद उन्हें कुछ समय बाद दूसरे हॉस्पिटल में एडमिट दिखा दिया जाता। इन मरीजों का एडमिशन, टेस्ट और दवा का लाखों का बिल वसूला गया। सीबीआई इस मामले में मंथन हेल्थ केयर की भूमिका की गंभीरता से जांच कर रही है। सीबीआई को मिली शिकायत में मंथन हेल्थ केयर के संचालकों की ही इस फर्जीवाड़े का केंद्र बिंदु बताया गया है। मरीजों को लाने उन्हें अस्पतालों में एडमिट करने तथा उनकी लैब रिपोर्ट तैयार करने का काम भी सेक्टर 38 वेस्ट में हो रहा था।

सीबीआई इस मामले में मंथन हेल्थ केयर के संचालकों से कड़ाई से पूछताछ करेगी। मरीजों के रिकॉर्ड को क्लेम के लिए अपलोड करने का काम भी मंथन हेल्थ केयर के संचालक कर रहे थे। इसीलिए सेक्टर 38 स्थित सेंटर में फर्जी लैब रिपोर्ट, डॉक्टरों के डिजिटल सिग्नेचर और अस्पतालों का रिकॉर्ड मिला है। सीबीआई पहले चरण में मरीजों की लैब रिपोर्ट और उनके इलाज की जांच करेगी।

# ज्योति मल्होत्रा ने जेल में सीखी सिलाई-कढ़ाई: जासूसी के आरोप में है गिरफ्तार



हिसार, 6 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में जेल में बंद ज्योति मल्होत्रा ने जेल में सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण लिया है। जेल प्रशासन की तरफ से जेल में कैदियों व बंदियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इसी के तहत जेल में महिलाओं के लिए सिलाई-कढ़ाई और ब्यूटी पार्लर का शॉर्ट टर्म कोर्स करवाया जाता है। ज्योति ने सिलाई-कढ़ाई के कोर्स में रुचि दिखाई और करीब 2 माह के इस कोर्स को पूरा किया।

हिसार पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में न्यू अग्रसेन कॉलोनी निवासी व यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को 16 मई 2025 को गिरफ्तार किया था। ज्योति ट्रेवल विद जो नाम से अपना यू ट्यूब चैनल चलाती थी। इसके बाद 14 अगस्त को पुलिस ने 2500 पेज की चार्जशीट पेश की थी। ज्योति के मामले की सुनवाई सेशन कोर्ट में चल रही है। हालांकि उसके परिवार की तरफ से ज्योति की जमानत के लिए हाईकोर्ट याचिका लगा रखी है जिस पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा हुआ है। इतने विवादों में रहने के बाद भी ज्योति के फॉलोअर्स की संख्या में कमी नहीं आई। उलटा ज्योति के फॉलोअर्स की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

18 मई 2025 को ज्योति के यू ट्यूब चैनल ट्रैवल विद जो पर फॉलोअर्स की संख्या 3.77 लाख थी जो अब बढ़कर 4.17 लाख हो गई है। गिरफ्तारी से पहले ज्योति अपने इस ट्यूब चैनल पर देश-विदेश के स्थानों की यात्रा से जुड़े संस्मरण और स्थान विशेष की जानकारी साझा करती थी। हालांकि उसका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड किया जा चुका है। इस अकाउंट पर उसके 1.31 लाख फॉलोअर्स थे।

जेल में कैदियों व बंदियों के लिए कोर्स करवाए जाते हैं ताकि जेल से बाहर वे इस प्रशिक्षण का फायदा उठा सके। पिछले दिनों महिला कैदियों व बंदियों को सिलाई-कढ़ाई और ब्यूटी पार्लर का कोर्स करवाया था। इस दौरान ज्योति ने सिलाई-कढ़ाई का कोर्स किया था।

## बारामती विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए तारीखों का ऐलान इसी महीने, अप्रैल में हो सकता है मतदान



बारामती, 6 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बारामती विधानसभा सीट पर उपचुनाव जल्द होने की संभावना है। यह सीट राज्य के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई है। भारत निर्वाचन आयोग अगले सप्ताह महाराष्ट्र की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर सकता है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इन दोनों सीटों के चुनाव की घोषणा पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, बारामती और राहुरी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा मार्च के दूसरे या तीसरे सप्ताह में हो सकती है।

बारामती सीट पर उपचुनाव दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के कारण होगा, जबकि राहुरी सीट पर चुनाव भारतीय जनता पार्टी के विधायक शिवाजीराव कर्डिले के निधन के कारण कराया जाएगा। मार्च के दूसरे सप्ताह में पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में विधानसभा चुनावों की घोषणा होने की संभावना है। इसी के साथ महाराष्ट्र की बारामती और राहुरी विधानसभा सीटों के उपचुनाव भी कराए जा सकते हैं। अजित पवार के निधन के बाद सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर उपमुख्यमंत्री पद संभाला। इसके बाद उनके लिए छह महीने के भीतर विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना अनिवार्य है। इसलिए लगभग तय माना जा रहा है कि सुनेत्रा पवार बारामती से उपचुनाव लड़ेंगी। उनके स्थान पर पार्थ पवार राज्यसभा गए हैं। कुछ दिन पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कोर कमेटी की बैठक मुंबई में हुई थी। इस बैठक में यह तय किया गया कि सुनेत्रा पवार ही बारामती उपचुनाव में पार्टी की उम्मीदवार होंगी।

# भारतीय वायुसेना का सुखोई लड़ाकू विमान असम में क्रैश, दो पायलट हुए शहीद



गुवाहाटी, 6 मार्च (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर भारत के राज्य असम से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां भारतीय वायुसेना का आधुनिक सुखोई लड़ाकू विमान क्रैश हो गया है। इस हादसे में दो पायलट भी शहीद हो गए हैं। पहले खबर सामने आई थी कि वायुसेना का सुखोई विमान अचानक से रडार से लापता हो गया है। हालांकि, अब इसके असम के कार्बी आंगलॉन्ग इलाके में क्रैश होने की खबर सामने आई है। आपको बता दें कि रूस द्वारा निर्मित सुखोई विमान को भारतीय वायुसेना की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। वायुसेना इसके उन्नत वर्जन सुखोई-30एमकेआई का इस्तेमाल करती है।

भारतीय वायुसेना इस विमान के 200 से ज्यादा यूनिट्स का इस्तेमाल करती है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, वायुसेना के सुखोई लड़ाकू विमान ने असम के जोरहाट से उड़ान भरी थी। विमान से आखिरी बार शाम 7.42 बजे संपर्क हुआ था। फाइटर जेट ने गुरुवार शाम करीब सात बजे ट्रेनिंग सेशन के लिए उड़ान भरी थी। हालांकि, कुछ ही समय बाद लड़ाकू विमान अचानक से रडार से गायब हो गया। इसके बाद अधिकारियों की ओर से मामले की जांच शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार, वायुसेना का सुखोई लड़ाकू विमान असम के कार्बी आंगलॉन्ग इलाके में क्रैश हुआ है जो कि असम के जोरहाट से करीब साठ किलोमीटर दूर है। इस इलाके में सेना और पुलिस की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है।

स्थानीय लोगों का दावा है कि उन्होंने आसमान में एक प्लेन को उड़ते देखा है जो लगातार नीचे आते हुए क्रैश हुआ है। लोगों का दावा है कि क्रैश के बाद जोर की आवाज भी सुनी। हादसे में शहीद होने वाले पायलटों के नाम स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर के रूप में की गई है।

डिफेंस पीआरओ गुवाहाटी की ओर से भी एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के रडार संपर्क से गायब होने की जानकारी दी गई है। बताया गया है कि तथ्यों का पता लगाने के लिए एयरफोर्स की टीम रवाना हो गई है। मामले में अधिक जानकारी का पता लगाया जा रहा है और खोज एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है।

## धर्मगुरु पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बवाल

खंडवा, 6 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खंडवा में मोघट रोड थाने को घेर कर मुस्लिम समाज के युवकों ने जमकर हंगामा किया। ये विवाद एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हुआ। मुस्लिम समाज के युवकों ने पुलिस थाने पर धरना दिया। पुलिस थाने के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने शिकायत दर्ज करने के बाद भी प्रदर्शन जारी रखा। इस भीड़ में एक युवती के साथ बदसलूकी भी हुई।

पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज भी किया। धर्मगुरु के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सैकड़ों युवाओं की भीड़ ने मोघट थाने के सामने धरना दिया और पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के शिकायत दर्ज करने के बाद भी भीड़ शांत नहीं हुई। भीड़ में शामिल लोग पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करती हुई थाने के अंदर घुस गए। इसके बाद पुलिस अधिकारियों से बहस शुरू हो गई। भीड़ ने थाने पर पथराव भी शुरू कर दिया।

## भारत-यूएस ट्रेड डील को लेकर भड़कीं प्रियंका चतुर्वेदी

# अमेरिकी वित्त मंत्री के ट्वीट पर साधा निशाना



मुंबई, 6 मार्च (एजेंसियां)। शिवसेना यूबीटी नेता प्रियंका चतुर्वेदी लगातार मोदी सरकार को भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को लेकर निशाना साधती नजर आई हैं। एक बार फिर उन्होंने सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल प्रियंका ने अमेरिकी वित्त मंत्री के ट्वीट पर जवाब देते हुए निशाना साधा है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने भारत को अपना उपनिवेश बताया है। जिसको लेकर प्रियंका चतुर्वेदी भड़क गई हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के परिणामस्वरूप तेल और गैस उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

वैश्विक बाजार में तेल का प्रवाह जारी रखने में सक्षम बनाने के लिए, ट्रेजरी विभाग भारतीय रिफाइनरों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट जारी कर रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि यह जानबूझकर अल्पकालिक उपाय रूसी सरकार को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ नहीं देगा, क्योंकि यह केवल समुद्र में पहले से ही फंसे तेल से जुड़े लेनदेन को अधिकृत करता है।

वित्त मंत्री ने लिखा कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका का एक आवश्यक भागीदार है, और हमें पूरी उम्मीद है कि नई दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद बढ़ाएगी। यह स्टॉप-गैप उपाय वैश्विक ऊर्जा को बंधक बनाने के ईरान के प्रयास के कारण उत्पन्न दबाव को कम करेगा। प्रियंका चतुर्वेदी ने अमेरिकी वित्त मंत्री के ट्वीट पर जवाबा देते हुए लिखा कि हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां हमारी सरकार हमें रणनीतिक स्वायत्तता पर इंस्टाग्राम रील्स दिखाती है, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि उसने एक व्यापार समझौते की आड़ में भारत के हितों को दांव पर लगा दिया है, जिसके चलते अब हमें अमेरिका से रूसी तेल खरीदने के लिए भी अनुमति लेनी पड़ती है।

उन्होंने आगे लिखा कि अमेरिकी वित्त मंत्री के एक्स के पोस्ट का लहजा और अंदाज़ ही पढ़ लीजिए, इससे पता चलता है कि वे भारत को अपने उपनिवेशों में से एक मानने लगे हैं, न कि एक समान भागीदार। यह वाकई एक बड़ा पतन है।

## मरीज ने दवा लेने से इनकार किया तो हत्या ही कर दी

सूरत, 6 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत शहर से एक परेशान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मरीज को ठीक करने के बजाय कर्मचारियों ने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। पूरी घटना यहां के एक नशामुक्ति केंद्र की है, जहां इलाज करा रहे 32 वर्षीय मरीज की चार कर्मचारियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी, क्योंकि उसने दवा लेने से इनकार कर दिया था। फिलहाल ने सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो परामर्शदाता, एक वार्ड ब्वाय और एक चालक शामिल हैं। पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह घटना डुमास क्षेत्र में स्थित रीवा व्यसन मुक्ति और पुनर्वास केंद्र में हुई। सहायक पुलिस आयुक्त श्वेता डेनियल ने बताया कि धवल राठौड़ (32) की मौत के लिए कथित तौर पर जिम्मेदार चार लोगों में दो परामर्शदाता, एक वार्ड ब्वाय और एक चालक शामिल हैं। धवल राठौड़ को 28 फरवरी को नशा मुक्ति उपचार केंद्र में भर्ती कराया गया था। डेनियल ने बताया, राठौड़ ने दवा लेने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्होंने उसकी पिटाई की।

## दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कार्यकाल पर 'आप' का हमला

# सौरभ भारद्वाज बोले- "बे-आबरू होकर गए एलजी"



नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली में नए उपराज्यपाल की नियुक्ति के बाद आम आदमी पार्टी ने वीके सक्सेना के कार्यकाल को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि उनके पूरे कार्यकाल के दौरान चुनी हुई सरकार के कामों में लगातार बाधा डाली गई और जनहित की कई योजनाओं को रोका गया। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एलजी वीके सक्सेना दिल्ली से 'बे-आबरू होकर' लद्दाख चले गए और उनके कार्यकाल को दिल्ली की जनता नकारात्मक रूप में याद रखेगी।

सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल बनते ही विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के कथित एक्साइज मामले को उठाया और अपने करीबी अधिकारियों के जरिए इसकी जांच करवाई। उन्होंने कहा कि यह जांच पूरी तरह से फर्जी थी और अदालत में इसकी पोल खुल गई। भारद्वाज के अनुसार, राऊज एवेन्यू कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे। 'आप' नेता ने कहा कि एलजी ने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे फैसले लिए, जिनसे दिल्ली के आम लोगों को परेशानी हुई।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एलजी ने यमुना नदी की सफाई को लेकर खुद को विशेषज्ञ बताया, लेकिन उनके कार्यकाल में नदी की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। भारद्वाज ने कहा कि जिन गरीबों को इस दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ा और जिनकी नौकरियां चली गईं, उनकी बद्दुआ उपराज्यपाल का पीछा नहीं छोड़ेगी। वहीं, 'आप' विधायक दल के चीफ व्हिप संजीव झा ने भी उपराज्यपाल के कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा कि दिल्ली उन्हें किसी सकारात्मक काम के लिए नहीं, बल्कि जनहित की योजनाओं में अड़ंगा लगाने के लिए याद रखेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई महत्वपूर्ण योजनाओं को रोक दिया गया या उनमें अनावश्यक जांच बैठा दी गई। संजीव झा ने कहा कि शिक्षकों की ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजने की योजना को रोक दिया गया, मोहल्ला क्लीनिकों पर आरोप लगाकर जांच बैठाई गई और 'दिल्ली की योगशाला' जैसी पहल को भी बंद कर दिया गया। इसके अलावा, 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना के फंड को लेकर विवाद खड़ा किया गया और पानी के बिलों की वन-टाइम सेटलमेंट योजना को भी अटका दिया गया।

# असम में एआईयूडीएफ के एक और विधायक ने पार्टी से दिया इस्तीफा



गुवाहाटी, 6 मार्च (एजेंसियां)। असम में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) एक बार फिर आंतरिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है। पार्टी के एक अन्य विधायक जाकिर हुसैन लस्कर ने हैलाकांडी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए इस्तीफा दे दिया है। विधायक जाकिर हुसैन लस्कर ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने पार्टी छोड़ दी है, जिससे राज्य में आने वाले चुनाव से पहले एआईयूडीएफ को लेकर राजनीतिक अनिश्चितता और बढ़ गई है। हालांकि, विधायक ने पार्टी छोड़ने के अपने फैसले के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं किया है।

जाकिर हुसैन लस्कर का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब एआईयूडीएफ पहले से ही पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में अपने दो विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना कर रही है। पार्टी की केंद्रीय समिति ने बदरपुर से विधायक अब्दुल अजीज और सोनाई विधानसभा सीट से विधायक व पार्टी के उपाध्यक्ष करीमउद्दीन बरभुइया को निलंबित कर दिया था।

दोनों नेताओं को एआईयूडीएफ से छह साल के लिए निलंबित किया गया था। अपने निलंबन आदेश में पार्टी ने कहा कि वह दोनों विधायकों की गतिविधियों पर करीब से नजर रख रही थी, जिन्हें उसने विवादास्पद और संगठन के हितों के लिए नुकसानदायक बताया। नेतृत्व ने आरोप लगाया कि उनके कार्यों ने पार्टी की छवि को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है और पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन किया है।

## एटीएस की बड़ी कार्रवाई इंजीनियरिंग छात्र आतंकी नेटवर्क से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार

मुंबई, 6 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने आतंकी गतिविधियों के ऑनलाइन नेटवर्क की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस मामले में मुंबई में छापेमारी के बाद इंजीनियरिंग छात्र अयान शेख को गिरफ्तार किया गया है। अयान पर पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और आईएसआईएस से संबंध रखने का आरोप है। एटीएस की शुरुआती जांच के अनुसार, अयान पिछले छह महीनों से मुंबई में जैश के लिए स्लीपर एजेंट के तौर पर काम कर रहा था। एजेंसी का दावा है कि संगठन ने उसे युवाओं को कट्टरपंथ की ओर मोड़ने और नए लोगों की भर्ती करने की जिम्मेदारी दी थी। इसी काम के तहत वह अपने साथ पढ़ने वाले दो छात्रों और कई करीबी दोस्तों को आतंकी संगठन के लिए काम करने के लिए लगातार ब्रेनवॉश कर रहा था। जांच में सामने आया है कि अयान शेख ने अपने दो दोस्तों को इस कदर प्रभावित कर दिया था कि वे देश छोड़कर बाहर जाने और आतंकी गतिविधियों में शामिल होने की योजना बनाने लगे थे।

# तीन किलो सोने के जेवर, आलीशान शादी

## रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा की शादी में खर्च 12 करोड



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित स्टार विजय देवरकोंडा और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना 26 फरवरी 2026 को शादी के बंधन में बंधे। यह शादी राजस्थान के उदयपुर में हुई। दोनों ने इस खास दिन के लिए 5 स्टार प्रॉपर्टी आईटीसी मीमीनटास को चुना। उनकी शादी काफी प्राइवेट थी, जिसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए। यह एक पारंपरिक तेलुगु रीति-रिवाजों के साथ हुई शादी थी, जिसमें दूल्हा और दुल्हन दोनों ने साउथ इंडियन लुक लिया था और साथ में ढेर सारे के जेवर भी पहने। इसके बाद दोनों ने 4 मार्च को हैदराबाद में एक ग्रैंड रिसेप्शन दिया, जिसमें साउथ और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारे शामिल हुए। ये कोई आम शादी नहीं थी, तमाम बड़े सितारों की तरह इन दोनों ने भी अपनी शादी में करोड़ों रुपये खर्चे।

कितना हुआ खर्च?

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी काफी शाही अंदाज में हुई थी, जिसकी भी खूब चर्चा रही। एक रिपोर्ट के मुताबिक कपल ने अपनी वेडिंग में रॉयल लुक देने के लिए भारी गोल्ड जूलरी पहनी थी। दोनों ने मिलाकर करीब 3 किलो सोने के गहने पहने थे। इनमें से लगभग 2 किलो गोल्ड जूलरी रश्मिका ने पहनी, जबकि करीब 1 किलो सोना विजय देवरकोंडा ने पहना था।

खर्च की बात करें तो इसी रिपोर्ट के अनुसार इस ग्रैंड वेडिंग पर करीब 12 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। हालांकि कुछ अन्य रिपोर्ट्स में शादी का बजट करीब 20 करोड़ रुपये तक बताया गया है। दिलचस्प बात यह भी सामने आई कि कपल को अपनी शादी के डिजिटल राइट्स ओटीटी प्लेटफॉर्म को बेचने के लिए लगभग 60 करोड़ रुपये का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया और अपनी शादी को निजी ही रखने का फैसला किया।

हालांकि शादी के कुल बजट को लेकर कपल की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि विजय-रश्मिका की शादी टॉलीवुड की सबसे महंगी शादियों में गिनी जा सकती है। इससे पहले भी साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे अपनी भव्य और आलीशान शादियों को लेकर सुर्खियों में रह चुके हैं।

**जूनियर एनटीआर की शादी भी थी शाही**

साउथ के सेलेब्स की महंगी शादियों की बात करें तो जूनियर एनटीआर की शादी भी काफी चर्चित रही थी। उन्होंने साल 2011 में शादी की थी, जिसमें करीब 3000 वीआईपी मेहमान शामिल हुए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस शाही समारोह पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। बताया जाता है कि उनकी पत्नी लक्ष्मी ने शादी में करीब 1 करोड़ रुपये की साड़ी पहनी थी। वहीं शादी के लिए करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से भव्य मंडप तैयार किया गया था, जिसे बनाने में लगभग 300 कारीगरों ने काम किया था।

# गोविंदा ने अपने करियर की तुलना अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना से क्यों की?



गोविंदा एक लंब अरसे से बड़ी हिट के लिए तरस रहे हैं। लीड रोल के बजाय वह साइड रोल में कई फिल्मों का हिस्सा भी बने हैं। हालिया एक इंटरव्यू में अपने करियर को लेकर गोविंदा ने खुलकर बात की है। इंडस्ट्री में सफलता और असफलता के मायने समझाएं।

**अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना का उदाहरण क्यों दिया?**

एक यूट्यूब चैनल पर दिए गए इंटरव्यू में गोविंदा ने कहा कि बॉलीवुड के लीजेंड एक्टर भी मुश्किल दौर से गुजरे हैं। वह कहते हैं, 'फिल्म इंडस्ट्री में हर किसी को कभी न कभी बाहर कर दिया जाता है। एक्टर की रेप्युटेशन खराब कर दी जाती है। आप लेजेंड अमिताभ बच्चन को देखिए, वह इंडस्ट्री में परफेक्ट एक्टर थे लेकिन 15 साल तक गायब रहे। क्यों? इसी तरह राजेश खन्ना साहब जी को ही लीजिए। उनके करियर के बीच में कई लोग उनके खिलाफ हो गए। कहने लगे कि वह अजीब दिखते हैं।' वह आगे कहते हैं, 'आमिर खान की बदनामी कितनी होती थी बीच में लेकिन बाद में जब हिट देने लगे तो सबके लिए परफेक्शनिस्ट हो गए।'

# शाहरुख की फिल्म का ये किरदार बना रोमांस की पहचान

## दशकों बाद भी फीका नहीं पड़ा जादू




बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में दी हैं। बी टाउन के बेस्ट रोमांटिक हीरो के रूप में उन्होंने अपनी पहचान कायम की। किंग खान का नाम उन चुनिंदा अभिनेता की लिस्ट में शामिल किया जाता है, जो एक्टिंग की बदौल लोगों के दिलों पर राज करते हैं। इतना ही नहीं, उनकी फिल्मों के कुछ किरदार हमेशा के लिए अमर हो गए। फैंस आज भी उनकी हिट फिल्मों के किरदारों के नाम याद रखते हैं। आज जिक्र उनकी रोमांटिक फिल्म के एक रोल का कर रहे हैं, जो हमेशा के लिए अमर बन गया।बॉलीवुड लवर्स के बीच अक्सर यादगार किरदारों का जिक्र होता है। शाहरुख खान की फिल्म का एक किरदार सबसे ज्यादा चर्चित है। ऐसा भी कहा जाता है कि इस रोल के जरिए शाहरुख ने लोगों के बीच अपनी अलग छवि बनाने का काम किया है।

**शाहरुख खान की फिल्म का अमर किरदार**

रोमांटिक फिल्मों की चर्चा शाहरुख की डीडीएलजे का नाम लिए बिना अधूरी मानी जाती है। इस मूवी में एक्टर ने राज मल्होत्रा का रोल निभाया, जिसे शाहरुख ने पर्दे पर जीवंत करने का काम किया था। 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' फिल्म का नाम शाहरुख की बेस्ट रोमांटिक मूवीज की लिस्ट में शामिल किया जाता है। साल 1995 की इस फिल्म में शाहरुख के किरदार को बेस्ट रोमांटिक और एवरग्रीन हीरो के रूप में याद किया जाता है।

बता दें कि मूवी में राज का किरदार एक ऐसे नौजवान का था जो मस्तीखोर भी है, दिलफेंक भी, लेकिन जब बात उसके प्यार और फैमिली की आती है, तो वह जिम्मेदारी को बखूबी निभाकर दिखाता है। राज का स्टाइल और सिमरन के लिए उसका प्यार दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए बस गया। यही कारण है कि शाहरुख की फिल्म के इस किरदार को अमर माना जाता है।

खास बात यह रही कि राज ने सिर्फ रोमांस ही नहीं सिखाया, बल्कि यह भी बताया कि प्यार में परिवार की इज्जत और रिश्तों की अहमियत कितनी जरूरी होती है। फिल्म का मशहूर डायलॉग और ट्रेन वाला सीन आज भी बॉलीवुड इतिहास के सबसे आइकॉनिक पलों में गिना जाता है।

# केन्या में कैसी रही 'वाराणसी' की शूटिंग? प्रियंका चोपड़ा ने दी जानकारी; बताया क्या रहा खास?





## रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ऑस्कर 2026 में अवॉर्ड देती नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा जल्द ही इंडियन सिनेमा में फिल्म 'वाराणसी' से वापसी कर रही हैं। यह बड़े पैमाने पर बन रही है। अभी इस फिल्म पर काम चल रहा है। ऐसे में प्रियंका चोपड़ा ने बताया है कि केन्या में फिल्म की शूटिंग का अनुभव कैसा रहा है।

**केन्या में कैसी रही शूटिंग?**

प्रियंका चोपड़ा ने जो रोजन एक्सपीरियंस पॉडकास्ट में बताया कि केन्या में शूटिंग बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा 'मैं वाराणसी के लिए अफ्रीका के केन्या में शूटिंग कर रही थी। हम जंगली जानवरों के साथ शूटिंग कर रहे थे। उसी दौरान मैं और मेरे को-एक्टर महेश बाबू इन जंगली जानवरों के बीच में थे जो माइग्रेट करते समय हमारे चारों ओर थे। मुझे यह दृश्य बहुत अच्छा लग रहा था। जब आप जंगल में इन जानवरों को देखते हैं तो आपको अच्छा लगता है।'

**घबराए थे महेश बाबू**

इससे पहले, महेश बाबू ने भी डिस्कसिंग फिल्म के साथ बातचीत में इसी शूटिंग के बारे में बात की थी। एक्टर ने माना कि पहले तो चीजें डरावनी लगीं। जंगली जानवरों से घिरे होने की वजह से शूटिंग का पहला दिन काफी टेंशन भरा था। 'वाराणसी' का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसमें प्रियंका चोपड़ा के साथ महेश बाबू हैं। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। यह फिल्म 7 अप्रैल 2027 को रिलीज होगी। प्रियंका चोपड़ा आखिरी बार भारतीय फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में नजर आई थीं।

भारत के लिए गर्व का पल है क्योंकि मशहूर एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर प्रियंका चोपड़ा 98वें ऑस्कर अवाड्र्स 2026 में अवॉर्ड देती नजर आएंगी। ऑस्कर आयोजक ने गुरुवार, 5 मार्च को उनके नाम की घोषणा की। प्रियंका के साथ इस स्लेट में विल अर्नेट, रॉबर्ट डाउनी जूनियर, एनी हैथवे, ग्वेनेथ पॉल्ट्रो और पॉल मेस्कल भी शामिल हैं। प्रियंका ने यह खुशखबरी इंस्टाग्राम पर भी शेयर की और लिखा, "The 2026 Academy Awards।" उन्होंने पहले भी 2016 और 2017 में ऑस्कर समारोह में हिस्सा लिया था।

उनका यह ऑस्कर लुक खास है क्योंकि यह गोल्डन ग्लोब्स 2026 में उनकी उपस्थिति के सिर्फ दो महीने बाद है, जहां उन्होंने K-pop स्टार लीसा के साथ टीवी सीरीज़ – ड्रामा में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया था। उस समय प्रियंका ने मिडनाइट ब्लू ड्रेस और डायमंड नेकलेस पहना था। प्रियंका इस समय अपनी एक्शन-एडवेंचर फिल्म 'द ब्लफ' की सफलता का आनंद ले रही हैं, जो ग्लोबल स्ट्रीमिंग चार्ट्स में नंबर 1 पर है और एमजोन पर ट्रेंड कर रही है।98वें ऑस्कर अवाड्र्स का समारोह हॉलीवुड में आयोजित होगा और यह भारत के समय के अनुसार ये 16 मार्च सुबह 4:30 बजे शुरू होगा।

अन्य प्रजेंटर्स में एड्रियन ब्रॉडी, मिकी मैडिसन, जो सलडाना, हविएर बार्डेम, क्रिस इवांस, डेमी मूर, और माया रूडल्फ शामिल हैं। इस साल 'सिनर्स' फिल्म को ऑस्कर में सबसे ज्यादा 16 नामिनेशन मिले हैं।

# 'चीप पीआर', कृति सेनन के खिलाफ रील लाइक करने पर यामी गौतम की हुई आलोचना तो दिया जवाब

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम हाल ही में उस समय चर्चा में आई थीं जब उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से एक रील लाइक हुई, जो अभिनेत्री कृति सेनन के खिलाफ थी। अब यामी ने इस मामले पर सफाई दी है और आलोचनाओं का करारा जवाब दिया है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कृति सेनन को फिल्म तेरे इश्क में के लिए अवॉर्ड मिलता दिखाया गया था, लेकिन वीडियो में कहा गया कि यह अवॉर्ड यामी गौतम को मिलना चाहिए था। वीडियो में कृति अवॉर्ड का जश्न मनाती दिख रही थीं, जबकि यामी का पुराना वीडियो भी इस्तेमाल किया गया था जिसमें वो अवॉर्ड शोज़ और वैलिडेशन को लेकर बात कर रही थीं।

यामी वीडियो में कहती हैं, "आप चाहे जितनी भी कोशिश करें, कभी-कभी चीजें उम्मीद के अनुसार नहीं होतीं। इसलिए मैंने दूसरों की वैलिडेशन की तलाश छोड़ दी है। अगर मुझे अवॉर्ड मिलता है तो यह मेरी अभिनय क्षमता की पुष्टि है, और अगर नहीं मिलता तो इसका मतलब यह नहीं कि मैं अच्छी एक्ट्रेस नहीं हूं।"

**वीडियो के अंत में लिखा था – "क्या ये सच है?"**





इस वीडियो पर यामी गौतम का लाइक होने के बाद सोशल मीडिया में दोनों पक्षों के फैंस ने चर्चा शुरू कर दी।

कुछ लोग यामी का समर्थन कर रहे थे, तो कुछ इसे उनके पीआर स्टंट के रूप में देख रहे थे।

यामी ने पोस्ट कर इस बात की सफाई दीः "मुझे पता चला कि मैंने एक ऐसी रील को लाइक किया है जो किसी अन्य कलाकार के प्रति अनुचित लग सकती है। हमें रोजाना कई चीजों में टैग किया जाता है, और यह रील भी किसी अवॉर्ड फंक्शन के संदर्भ में दिखी। यह जानबूझकर नहीं किया गया था, संभव है कि गलती से क्लिक हो गया हो।"

उन्होंने आगे कहाः मैंने कभी भी घटिया पीआर के तरीके अपनाए नहीं हैं। मैं हमेशा अपने काम पर फोकस करती रही हूं। क्लिकबेट की दुनिया में, प्रतिष्ठित सोशल मीडिया पोर्टल्स के लिए इसे गॉसिप बनाना आसान है, लेकिन मेरी उम्मीद है कि लोग मेरी मेहनत और रेप्यूटेशन को भी ध्यान में रखेंगे। मेरे पास कोई पीआर टीम नहीं है और मैंने हमेशा अवॉर्ड शोज़ पर अपने रुख़ को स्पष्ट किया है। अब मैं सिर्फ अपने काम पर ध्यान दे रही हूं।

# जन्मदिन पर नंगे पैर मंदिर पहुंचीं जान्हवी कपूर फैंस के साथ खिंचवाई तस्वीरें



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जान्हवी कपूर 6 मार्च को अपना जन्मदिन मनाया । उन्होंने अपने जन्मदिन का जश्न धार्मिक तरीके से शुरू किया। वह आंध्र प्रदेश के तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर में पहुंची और पूजा-अर्चना की। उन्होंने अलीपीरी से अपनी तीर्थ यात्रा शुरू की। इसके बाद मंदिर पहुंचीं। जान्हवी ने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए।

**नंगे पैर मंदिर पहुंचीं जान्हवी**

खास बात यह है कि जान्हवी कपूर नंगे पैर मंदिर पहुंचीं। उनके मंदिर पहुंचने की कई तस्वीरें सामने आई हैं। अभिनेत्री कई भक्तों से मिलीं और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

**ऑस्कर में पहुंची फिल्म**

जान्हवी कपूर ने साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'धड़क' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। यह फिल्म हिट रही थी। उन्हें फिल्म 'मिली' और 'गुंजन सक्सेना' के लिए काफी सराहा गया। उनकी फिल्म 'होमबाउंड' ऑस्कर में भी पहुंची।

**जान्हवी कपूर का वर्कफ्रंट**

वर्क फ्रंट की बात करें तो, जान्हवी कपूर 'पेद्दी' में राम चरण के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। बुची बाबू सना की लिखी और डायरेक्ट की हुई 'पेद्दी' में शिव राजकुमार, जान्हवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी हैं। यह फिल्म 30 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का प्रोडक्शन वृद्धि सिनेमाज और मैथ्री मूवी मेकर्स के तहत हो रहा है।

# 'पुष्पा' ने असल 'श्रीवल्ली' को दी शादी की सालगिरह पर बधाई, स्नेहा संग साझा की तस्वीर

अल्लू अर्जुन और पत्नी स्नेहा की प्रेम कहानी कम फिल्मी नहीं है। दोनों की मुलाकात, प्यार से लेकर शादी तक का सफर किसी फिल्म स्क्रिप्ट जैसा था। दोनों 6 मार्च 2011 को शादी के बंधे थे। आज वह अपनी शादी की 15वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस मौके पर अल्लू अर्जुन ने पत्नी स्नेहा के नाम एक प्यारी सी पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा की है।

**15 साल के सफर के लिए पत्नी को कहा शुक्रिया**

अल्लू अर्जुन ने अपने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार को एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में पत्नी स्नेहा संग एक खूबसूरत तस्वीर भी पोस्ट की। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी एनिवर्सरी, क्यूटी। 15 साल साथ में गुजर गए। तुम्हारे बिना यह सफर इतना आसान नहीं होता।' आगे उन्होंने हार्ट इमोजी पत्नी के लिए शेयर किया।

**कैसे हुआ था अल्लू अर्जुन और स्नेहा को प्यार**



अल्लू अर्जुन अपने एक दोस्त या रिश्तेदार की शादी में अमेरिका गए थे। इसी शादी में उन्होंने अपनी श्रीवल्ली यानी स्नेहा की पहली झलक देखी थी। अल्लू अर्जुन को पहली ही नजर में स्नेहा से प्यार हो गया। वो स्नेहा की खूबसूरती, व्यवहार के दीवाने बन गए। उस समय वो स्नेहा से उनका नंबर नहीं मांग पाए लेकिन बाद में किसी तरह से उनका नंबर अरेंज कर ही लिया। इसके बाद दोनों की बातचीत शुरू हुई।

**स्नेहा के पिता ने नहीं दी थी शादी की परमिशन**

जब अल्लू अर्जुन और स्नेहा के रिश्ते की खबर स्नेहा के परिवार को लगी तो उनके पिता बिजनेसमैन कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी ने इस रिश्ते से इंकार कर दिया। अल्लू अर्जुन के साथ वह अपनी बेटी की शादी करने को राजी नहीं हुए। परिवार के विरोध के बाद भी दोनों एक-दूसरे को डेट करते रहे। अंत में जब स्नेहा के पिता नहीं माने तो अल्लू ने अपने पिता अल्लू अरविंद को स्नेहा के घर उनके परिवार को मनाने के लिए भेज दिया। अल्लू को यह आइडिया काम कर गया और स्नेहा के पिता इस रिश्ते के लिए राजी हो गए। इस कपल के दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी।

**अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म कौन सी है?**

हाल ही में अल्लू अर्जुन की नई फिल्म की घोषणा की गई। अपनी 23वीं फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ आ रहे हैं। हालांकि अभी फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभी फिल्म को 'एए 23' के नाम से पहचाना जाएगा।

# पत्नी संग तलाक की खबरों के बीच अभिनेत्री तृषा कृष्णन संग शादी में पहुंचे विजय

तमिल सिनेमा के सुपरस्टार विजय इन दिनों पत्नी द्वारा तलाक की याचिका दायर किए जाने की वजह से चर्चा में हैं। तलाक की चर्चा के बीच अभिनेता हाल ही में अभिनेत्री तृषा कृष्णन के साथ एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखे। उनके इस अपीयरेंस ने सोशल मीडिया पर चर्चा बढ़ा दी है।

**चेन्नई में साथ दिखे विजय और तृषा**

गुरुवार को चेन्नई में बिजनेसमैन और फिल्म प्रोड्यूसर कलपति ए. सुरेश और मीनाक्षी सुरेश के बेटे के वेडिंग रिसेप्शन में कई फिल्मी सितारे शामिल हुए। इसी समारोह में विजय और तृषा एक साथ पहुंचे।

दोनों वेन्यू पर साथ एक ही कार से आए, साथ ही नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं और बाद में वहां से एकसाथ निकलते हुए भी दिखाई दिए। निजी जिंदगी को लेकर जहां लगातार विजय सुर्खियों में हैं वहां तृषा के साथ दिखने की वजह से वो और ज्यादा चर्चा में आ गए।

**ट्रेडिशनल लुक में दिखे दोनों स्टार**



रिसेप्शन में विजय गोल्डन रंग की सिल्क शर्ट और पारंपरिक वेष्टी में नजर आए। वहीं तृषा ने सफेद और गोल्डन रंग की प्योर सिल्क साड़ी पहनी थी, जिसके बॉर्डर पर लाल रंग की डिजाइन थी। उन्होंने इस साड़ी को स्लीवलेस रेड ब्लाउज और ग्रीन एमराल्ड स्टेटमेंट नेकलेस के साथ स्टाइल किया।

**तलाक याचिका में क्या लगाए गए आरोप**

विजय की पत्नी संगीता ने हाल ही में अदालत में तलाक की याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने आरोप लगाया है कि अभिनेता का एक अन्य अभिनेत्री के साथ कथित एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था, जिससे उन्हें गहरा इमोशनल और मेंटल ट्रॉमा हुआ।

उन्होंने यह भी दावा किया कि विजय ने पहले इस रिश्ते को खत्म करने का भरोसा दिया था, लेकिन कथित तौर पर यह संबंध जारी रहा।

याचिका में यह भी कहा गया है कि सितंबर 2021 से फरवरी 2022 और फिर अगस्त 2024 से फरवरी 2025 के बीच कानूनी और निजी बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की कोशिश की गई, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका।

संगीता ने अदालत से विवाह को "अपरिवर्तनीय रूप से टूट चुका" बताते हुए तलाक के साथ विजय की आय और हैसियत के अनुसार स्थायी गुजारा भत्ता और नीलांगरई स्थित वैवाहिक घर में रहने का अधिकार या समान आवास की मांग की है। साथ ही उन्होंने मामले की सुनवाई बंद कमरे में करने की भी अपील की है ताकि सभी की निजता बनी रहे।

**कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं विजय और तृषा**

विजय और तृषा कृष्णन की जोड़ी तमिल सिनेमा की लोकप्रिय जोड़ियों में गिनी जाती है। दोनों कई हिट फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं, जिनमें 'गिल्ली' (2004), 'थिरुपाची' (2005), 'आथी' (2006), 'कुरुवी' (2008) और हाल ही में रिलीज़ हुई 'लियो' (2023) शामिल हैं। इन फिल्मों में उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। हालांकि इस समय दोनों का एक साथ नजर आना विजय की निजी जिंदगी को लेकर चल रही चर्चाओं के कारण और भी ज्यादा सुर्खियों में है।

# ईरान का जवाबी वार: अमेरिका की 'आंख' पर हमला

## 5000 किमी रेंज वाला वार्निंग सिस्टम तबाह, कैसे बड़ा नुकसान?

दोहा, 6 मार्च (एजेंसियां)। ईरान का इजरायल और अमेरिका के खिलाफ पलटवार जारी है। अमेरिका को चोट पहुंचाते हुए ईरान खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इस बीच कथित तौर पर कतर स्थित अमेरिकी बेस पर प्रहार कर अमेरिका को ईरान ने बड़ा झटका दिया है। ईरानी मिसाइल और ड्रोन ने अरबों डॉलर की कीमत वाले रडार को नष्ट कर दिया। सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए सैन्य बेस को भारी नुकसान की जानकारी सामने आई है।

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक ऐसा हमला किया है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान ने कतर में स्थित अमेरिका के एक प्रमुख मिसाइल वार्निंग रडार सिस्टम को निशाना बनाया है, जिसकी रेंज 5000 किलोमीटर बताई जा रही है। इस हमले को अमेरिका के लिए 'बड़ा नुकसान' करार दिया जा रहा है। यह खबर ऐसे वक्त पर सामने आई है, जब अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी



पोत को डूबो दिया, जिसमें 80 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्म्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले ने कतर में तैनात अमेरिकी सेना की मिसाइल चेतावनी प्रणाली को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस प्रणाली को क्षेत्र में अमेरिका की 'आंख' के रूप में देखा जाता था, और यह अमेरिकी मिसाइल रक्षा नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत वाला यह रडार सिस्टम, संभावित मिसाइल हमलों का समय रहते पता लगाने की अमेरिका की क्षमता को कमजोर कर सकता है।

अंतरिक्ष से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों ने अमेरिकी सैन्य ढांचे को हुए नुकसान की पुष्टि की है। प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी इन तस्वीरों में अमेरिकी स्पेस फोर्स के एएन/एफपीएस-132 (ब्लॉक 5) बैलिस्टिक मिसाइल अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम के आसपास क्षति और आग बुझाने की गतिविधियां दिखाई दी हैं। यह मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित सबसे बड़ा मिसाइल चेतावनी रडार माना जाता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला संभवतः कम लागत वाले हमलावर ड्रोन, शायद शाहेद जैसे से किया गया होगा। मिसाइलों और ड्रोन के एक साथ बड़े हमले के दौरान, यह ड्रोन रक्षा तंत्र को भेदने में सफल रहा।

यह रडार सिस्टम अमेरिकी रक्षा कंपनी रेथियॉन द्वारा अपग्रेडेड अर्ली वार्निंग रडार (यूईडब्ल्यूआर) कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया था। इसकी 5000 किलोमीटर तक की दूरी पर बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य हवाई खतरों को ट्रैक करने की क्षमता इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में मिसाइल लॉन्च का शुरुआती अलर्ट देने में यह प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कतर में इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण, यह ईरान, इराक, सीरिया, तुर्किये, मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और हिंद महासागर तक की निगरानी कर सकता था।

# ईरान के शिराज शहर पर हमले में 20 की मौत

## ईरान ने इजराइल-अमेरिका का ड्रोन गिराया फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे

तेल अवीव/तेहरान, 6 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। इजराइल और अमेरिका ने आज ईरान के शिराज शहर पर हमला किया। ईरानी मीडिया के मुताबिक इस हमले में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए।

ईरानी अधिकारियों के मुताबिक यह हमला शहर के जीबाशहर इलाके के रिहायशी क्षेत्र में हुआ, जिसमें कई आम लोग मारे गए। इस हमले में दो मेडिकल कर्मचारियों की भी मौत हो गई।

वहीं ईरानी सेना ने लोरेस्तान इलाके में अमेरिका का एमक्यू-9 ड्रोन और इजराइल का हरमीस-900 ड्रोन को मार गिराया है।

जंग की वजह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के रास्ते भी प्रभावित हुए हैं। फ्रांस के परिवहन मंत्री ने कहा कि फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे हुए हैं और 8 जहाज रेड सी में रुके हुए हैं।

**इजराइल-ईरान जंग**

ट्रम्प ने खामेनेई के बेटे को उनका उत्तराधिकारी मानने से इनकार किया।

अमेरिका-इजराइल हमलों में



ईरान में 1332 लोगों की मौत।

ईरान में अब तक 1300 हमले हुए, 14 मेडिकल सेंटर निशाना बने।

ईरान में कई जगह पानी और बिजली सप्लाई ठप हुई।

इजराइल ने ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर तबाह किए।

ईरान बोला- कुवैत-बहरीन और यूएई में 20 अमेरिकी बेस को नुकसान हुआ।

**ट्रम्प बोले- ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुने**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी।

एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है, लेकिन वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नया नेता भी पुराने नेतृत्व की नीतियां जारी रखता है तो अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले वर्षों में फिर टकराव हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ऐसा नेता चाहता है जो ईरान में शांति और स्थिरता ला सके।

भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। खामेनेई के निधन के बाद दुनियाभर के कई देशों से शोक संदेश भेजे जा रहे हैं।

# रायसीना डायलॉग, ईरानी उप-विदेश मंत्री बोले- आखिरी गोली तक लड़ेंगे

## ट्रम्प न्यूयॉर्क का मेयर नियुक्त नहीं कर सकते, हमारा लीडर क्या खाक तय करेंगे



नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग 2026 में शुक्रवार को ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- तेहरान के पास अमेरिकी-इजराइली हमले के खिलाफ देश की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। हमने कसम खाई है कि देश आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक विरोध करेगा।

उन्होंने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान में नेतृत्व बदलने की बात करते हैं, जबकि वे अपने ही देश में न्यूयॉर्क के मेयर तक नियुक्त नहीं कर सकते। यह एक तरह का औपनिवेशिक नजरिया है। वे अपने देश में लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन ईरान की लोकतांत्रिक सरकार को गिराना चाहते हैं।

खतीबजादेह ने कहा- ईरान इस समय पूरी तरह से युद्ध की स्थिति से गुजर रहा है। जब हम बात कर रहे हैं, मेरे साथी नागरिकों पर अमेरिका-इजराइल का लगातार हमला हो रहा है। मुझे लगता है कि अभी ईरान के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वह हमलावर के खिलाफ पूरी तरह से विरोध करे।

अमेरिका के संभावित जमीनी हमले के सवाल पर उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी औपनिवेशिक मिशन को रोकने के लिए तैयार है। अपने देश की राजनीतिक व्यवस्था बदलने की किसी भी कोशिश का विरोध करेगा।

उन्होंने कहा कि ईरान के कुर्द समुदाय को अलगाववाद से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। ईरान के कुर्द देश की पहचान का अहम हिस्सा हैं, जबकि कुछ अलगाववादी समूहों को बाहरी एजेंसियों का समर्थन मिला है।

खतीबजादेह ने इस संघर्ष को बाहरी हमले के खिलाफ जरूरी राष्ट्रीय लड़ाई बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान होना चाहिए और इसे चुनिंदा तरीके से लागू नहीं किया जाना चाहिए। उनके अनुसार इस समय अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांत भी खतरे में हैं।

खतीबजादेह ने हिंद महासागर में डूबे ईरानी जहाज पर कहा- यह जहाज भारत के निमंत्रण पर एक अंतरराष्ट्रीय अभ्यास में भाग लेने आया था।

# लालू और पासवान के बाद जेपी के दौर की तिकड़ी का अंतिम नेता भी बिहार की राजनीति के केंद्र से बाहर

पटना, 6 मार्च (एजेंसियां)। नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के साथ बिहार में समाजवादी राजनीति के एक दौर के समापन का संकेत मिल रहा है। सन 1980 के दशक के अंत से जेपी आंदोलन से उभरे तीन नेताओं लालू प्रसाद यादव, रामविलास पासवान और नीतीश कुमार ने बिहार की राजनीति पर लंबे समय तक प्रभाव बनाए रखा। इन तीनों में नीतीश कुमार वे अंतिम नेता थे जो बिहार की राजनीति के केंद्र में लंबे अरसे से बने हुए थे।

इन तीनों नेताओं ने मिलकर बिहार में क्षेत्रीय दलों की राजनीति को मजबूत बनाए रखा, जबकि हिंदी पट्टी के दूसरे राज्यों में कभी भाजपा तो कभी कांग्रेस की सरकारें बनती रहीं। नीतीश कुमार के बिहार की सक्रिय राजनीति से हटने के साथ यहां की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, जिससे भाजपा और जदयू दोनों ही



काफी हद तक अपरिचित हैं।

जब कोई मुख्यमंत्री दो दशक तक सत्ता में रहने के बाद पद छोड़ रहा है, तो उसके उत्तराधिकारी के लिए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और गठबंधन की राजनीति को संतुलित रखना आसान नहीं होगा। वास्तव में नीतीश कुमार का हटना नई सरकार, भाजपा और जदयू , इन तीनों के लिए चुनौतियों और अवसरों का नया दौर लेकर आया है। सन 2005 में नीतीश कुमार ने बिहार के सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों को नए सिरे से गढ़ा। उन्होंने लालू प्रसाद यादव द्वारा बनाए गए पिछड़ा-दलित गठबंधन को चुनौती दी और एक नया सामाजिक समीकरण तैयार किया, जो लंबे समय तक प्रभावी रहा। करीब सात प्रतिशत आबादी वाले कुर्मी-कुशवाहा समाज के नेता के रूप में नीतीश कुमार 'लव-कुश' सामाजिक समूह के प्रमुख चेहरा बनकर उभरे।

बिहार में अब अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। ऐसे में भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह ऐसा नेता चुने जो इस सामाजिक समीकरण को बनाए रख सके या फिर ऐसा नया सामाजिक गठबंधन तैयार कर सके, जो नीतीश कुमार के सामाजिक आधार को कमजोर होने से बचा सके। हिंदी भाषी क्षेत्रों की राजनीति में जातीय समीकरण अब भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं, इसलिए भाजपा नए नेता के चयन में इन समीकरणों को ध्यान में रखेगी।

नीतीश कुमार की राजनीतिक विरासत जनता की स्मृति में गहराई से दर्ज है। 'सुशासन बाबू' के रूप में उनकी छवि ने शासन का एक मानक स्थापित किया है, जिस पर नई सरकार की तुलना स्वाभाविक रूप से होगी। नीतीश कुमार ने सामाजिक इंजीनियरिंग के जरिए अति पिछड़ा वर्ग और महादलित जैसे वर्गों को मुख्यधारा की राजनीति में लाने का प्रयास किया।

# बेंगलुरु जा रही ट्रेन से 5 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू

जामताड़ा, 6 मार्च (एजेंसियां)। जामताड़ा आरपीएफ ने बेंगलुरु जा रही साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन से पांच नाबालिग बच्चों को बचाया है। इन बच्चों को कथित तौर पर दिहाड़ी मजदूरी के लिए बेंगलुरु ले जाया जा रहा था। आरपीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। यह सूचना दिल्ली के जीआरसी हेल्पलाइन नंबर से मधुपुर की आश्रय संस्था को मिली थी। संस्था की दीपा कुमारी ने इसके बाद मधुपुर आरपीएफ से संपर्क किया, जिसके बाद 22306 नंबर की बेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन में जांच की गई। बचाए गए सभी बच्चे गोड्डा जिले के पत्थरगामा और विभिन्न प्रखंडों के निवासी हैं। उन्होंने देर रात जसीडीह से ट्रेन पकड़ी थी। दीपा कुमारी ने बताया कि इन बच्चों को बेंगलुरु की 'चुलाई' नामक कंपनी में दिहाड़ी मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा था। आरपीएफ ने बच्चों को बरामद करने के बाद इसकी सूचना जिला बाल कल्याण समिति को दी।

# फॉर्च्यूनर से 2 लोगों को रौंदने वाले की रंगबाजी

## कस्टडी में जेब में हाथ डालकर चला मंत्री संजय निषाद को बताता है फूफा

गोरखपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। गोरखपुर में फॉर्च्यूनर से एमबीबीएस छात्र समेत 2 लोगों को रौंदने वाला आरोपी पुलिस कस्टडी में रंगबाजी से चलता नजर आया। वीडियो में दिख रहा है कि दो पुलिसकर्मी उसे पकड़े हैं। वह जींस की दोनों जेबों में हाथ डालकर स्टाइल में चल रहा है।

आरोपी गोल्डेन साहनी की सोशल मीडिया पर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के साथ कई रील हैं। उसकी मंत्री के साथ एक तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें उसने कैप्शन लिखा है- कैबिनेट मंत्री (फूफा)। वह खुद को भावी ब्लॉक प्रमुख पिपरौली भी बताता था।

दरअसल, होली यानी बुधवार की रात फॉर्च्यूनर चला रहे गोल्डेन साहनी ने ओवरब्रिज पर एमबीबीएस छात्र आकाश पांडेय और उमेश शर्मा (50) को टक्कर मार दी थी। आकाश पांडेय की मौके पर मौत हो गई। जबकि उमेश शर्मा ने गुरुवार देर रात एम्स में दम तोड़ दिया।

हादसे के एक घंटे बाद पुलिस



ने आरोपी को ट्रेस करके पकड़ लिया और थाने ले गई। उस समय उसने ब्लैक शर्ट और जींस पहनी हुई थी। अगले दिन यानी गुरुवार को जब पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, तो वह सफेद शर्ट में नजर आया। यानी, हिरासत में उसने कपड़े भी चेंज किए।

आरोपी गोल्डेन साहनी का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें एक लड़की छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए गोल्डेन साहनी को गालियां दे रही है। इस पर गोल्डेन साहनी भी गालियां देते हुए धमकी दे रहा है। इस दौरान लड़की सैंडल से मारने की बात भी कह रही है।

होली के दिन बुधवार रात करीब 10 बजे गोरखपुर में मोहद्दीपुर-कौवाबाग ओवरब्रिज पर हादसा हुआ था। फॉर्च्यूनर ने तीन-चार गाड़ियों को टक्कर मार दी। दूसरी गाड़ियों को हल्की टक्कर लगी, जबकि आकाश और उमेश शर्मा की स्कूटी में जोरदार टक्कर हुई। टक्कर लगते ही आकाश हवा में उछलकर करीब 15 मीटर दूर ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराकर औंधे मुंह लटक गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, उमेश शर्मा घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और ओवरब्रिज पर भीड़ लग गई। लोग वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने छात्र को रेलिंग से नहीं उतारा। राहगीरों की सूचना पर करीब 30 मिनट बाद पुलिस पहुंची और आकाश को रेलिंग से उतारा।

इसके बाद पुलिस उमेश और आकाश को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। यहां डॉक्टरों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उमेश कोमा में चले गए थे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें गोरखपुर एम्स रेफर कर दिया, जहां गुरुवार देर रात इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

# कॉन्स्टेबल की वर्दी फाड़ी, महिला आरक्षक संग धक्का-मुक्की

## बदमाशों ने पुलिस-पार्टी पर हमला किया, एक्सीडेंटल कार जब्त करने पर विवाद

बिलासपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में होली के दिन ड्यूटी के दौरान पुलिस टीम पर हमला हुआ। बीच सड़क पर कार से एक्सीडेंट करने वाले युवक को पकड़ने और गाड़ी जब्त करने को लेकर बदमाशों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। इस घटना में एक कॉन्स्टेबल घायल हो गया। जबकि दूसरे कॉन्स्टेबल की वर्दी फाड़ दी गई। टीआई की कलाई पर भी चोट आई है। इसके अलावा बदमाशों ने महिला कॉन्स्टेबल के साथ भी धक्का-मुक्की की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

इस मामले में पुलिस का कहना है कि कार सवार ने दोस्तों को बुलाकर टीम के साथ मारपीट की और सरकारी काम में बाधा डाला। 8 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# आज जेडीयू जॉइन करेंगे निशांत कुमार

## सीएम हाउस में मीटिंग खत्म, नाराज विधायकों से नीतीश बोले- विरोध मत कीजिए, मैं वहां से सब देखता रहूंगा

पटना, 6 मार्च (एजेंसियां)। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री की विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक खत्म हो गई है। बताया जा रहा है कि बैठक में मौजूद कई विधायकों ने मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने के फैसले का विरोध किया है। इस पर सीएम ने कहा- विरोध मत करिए मैं राज्यसभा जा रहा हूं। मैं वहां से सब देखता रहूंगा।

निशांत को राजनीति में लाने के पर सभी विधायकों ने हाथ उठाकर अपनी सहमति जताई है। सूत्रों की माने तो मीटिंग के अंदर संजय झा ने कहा कि कल निशांत कुमार जेडीयू जॉइन करेंगे।

बैठक में मंत्री अशोक चौधरी, विजय चौधरी और संजय झा मौजूद रहें। निशांत इस मीटिंग में शामिल नहीं हुए। इससे पहले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने बारी से बारी से मुख्यमंत्री मुलाकात की।

इस बीच जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार की इच्छा



के खिलाफ कोई कुछ भी नहीं कर सकता हैं। बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा? ये भी नीतीश कुमार ही तय करेंगे।

मुख्यमंत्री के राज्यसभा के लिए नामांकन करने के बाद से जेडीयू कार्यकर्ताओं में भी गुस्सा है। वो इसे साजिश बता रहे हैं।

इसको लेकर जदयू दफ्तर के बाहर लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। शुक्रवार को जदयू कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के पोस्टर पर कालिख पोती। इसके साथ ही पटना में जगह-जगह पोस्टर लगाए हैं। जिस पर लिखा है, 'नीतीश सेवक कर रहा पुकार, नेता करें अपने निर्णय पर विचार।'

जेडीयू विधायक विनय चौधरी ने कहा कि, सीएम का राज्यसभा जाने का फैसला हमें मंजूर नहीं है। निशांत को पहले ही राजनीति में आ जाना चाहिए था।

जदयू दफ्तर में एक बच्चे ने नीतीश कुमार से राज्यसभा नहीं जाने की गुहार लगाई।

सीएम नीतीश कुमार से सम्राट चौधरी-विजय सिन्हा ने मुलाकात की है।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि नीतीश के चेहरे पर जनादेश मिला है। जनता को धोखा देना ठीक नहीं है।

# यूपीएससी 2025: रायपुर की वैभवी अग्रवाल को 35वां रैंक

## मनेंद्रगढ़ की दर्शना बनेंगी आईपीएस, धमतरी के डीएसपी को मिला 623वां रैंक

रायपुर/मनेंद्रगढ़/धमतरी, 6 मार्च (एजेंसियां)। यूपीएससी ने सिविल सर्विस एग्जाम 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ के कई युवाओ ने इस परीक्षा में बाजी मारी है। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी की रहने वाली वैभवी अग्रवाल ने 35वां रैंक हासिल किया है। ये उनका तीसरा प्रयास था।

वहीं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जनकपुर की दर्शना सिंह बघेल ने दूसरे प्रयास में 383वीं रैंक हासिल किया है। वे आईपीएस



वैभवी अग्रवाल

बनेंगी। वैभवी और दर्शना दोनों इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से हैं।

धमतरी जिले के डीएसपी डायमंड सिंह ने 623 रैंक लाया है। बताया जा रहा है ये भी आईपीएस बन सकते हैं। डायमंड सिंह छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस सेवा के 2024 बैच के अधिकारी हैं।

यूपीएससी के नतीजे आते ही वैभवी अपने परिवार के साथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंची। जहां उन्होंने कहा कि मै पहले 2 प्रयास में असफल रही। जब पहली बार में प्री क्लीयर नहीं हुआ तो वो मुश्किल समय जरुर था लेकिन अगली बार मेंस की तैयारी के लिए भी साल भर मिल गया। बचपन से ही मुझे समाज सेवा का सपना था।

यूपीएससी के लिए चयनित दर्शना सिंह शुरू से मेधावी छात्रा रही हैं। वर्ष 2017-18 में उन्होंने 97 प्रतिशत अंकों के साथ डीएवी स्कूल भगवानपुर से बारहवीं की परीक्षा पास की थी। उनका चयन आईआईटी कानपुर के लिए हुआ था। आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू की।

# किराना दुकानदार का बेटा बना आईएएस, टॉप-10 में 2 बिहारी

## ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती का भी यूपीएससी में सिलेक्शन, इंस्पेक्टर की बेटी ने भी किया क्वालिफाई



आयुष कुमार

समस्तीपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। यूपीएससी ने सिविल सर्विस एग्जाम 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में रावतभाटा के अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया टॉप किया है। 958 कैंडिडेट्स अलग-अलग सर्विसेज के लिए क्वालिफाई हुए हैं। पूरा रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर उपलब्ध है।

टॉप-10 में बिहार के 2 कैंडिडेट्स हैं। मुजफ्फरपुर के सरैयागंज इलाके के रहने वाले राघव झुनझुनवाला ने इस परीक्षा में चौथी रैंक हासिल की है। उन्होंने शुरुआती पढ़ाई मुजफ्फरपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल से पूरी की। इसके बाद आगे की पढ़ाई उन्होंने दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से पूरी की है। पटना के रहने वाले उज्जवल प्रियांक को 10वीं रैंक मिली है। सारण के यशस्वी राजवर्धन ने 11वीं रैंक हासिल की है। रणवीर सेना के सुप्रीमो रहे ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती आकांक्षा सिंह ने 301वां स्थान हासिल किया है।

समस्तीपुर के दो छात्रों ने भी इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसमें एक किराना दुकानदार का बेटा है और दूसरा यूनिवर्सिटी के कुलपति का बेटा है।



# सरकारी फाइलों में अटक गया सबसे बड़ा आईपीओ!

## कब होगी जियो प्लेटफॉर्म्स की लिस्टिंग?



नई दिल्ली,6 मार्च(एजेंसियां)। मुकेश अंबानी की कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि यह आईपीओ 4 अरब डॉलर (36,679 करोड़ रुपये) का हो सकता है। लेकिन लिस्टिंग के नियमों में बदलाव में देरी के कारण यह अटक सकता है। अंबानी ने पिछले साल अगस्त में कहा था कि जियो का आईपीओ 2026 की पहली छमाही में आ सकता है। इसके लिए कंपनी की वैल्यूएशन 150 अरब डॉलर हो सकती है। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल आर्म है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक जियो का आईपीओ टाइमलाइन मिस कर सकता है। सेबी में लिस्टिंग के नियमों में कुछ बदलाव किए थे लेकिन सरकार ने अब तक इन्हें मंजूरी नहीं दी है। सूत्रों का कहना है कि रिलायंस लिस्टिंग से जुड़े नियमों में बदलाव के लिए सरकारी मंजूरी का इंतजार कर रही है ताकि आईपीओ के लिए बैंकरों की नियुक्ति की जा सके और आईपीओ का ड्राफ्ट दाखिल किया जा सके।

**जियो का आईपीओ**

सूत्रों का कहना है कि कंपनी अप्रैल से पहले ड्राफ्ट दाखिल करने की योजना बना रही है। हालांकि यह सरकारी नोटिफिकेशन पर निर्भर करेगा। जियो का आईपीओ करीब 20 साल में रिलायंस के लिए पहली बड़ी लिस्टिंग होगी। इनवेस्टमेंट बैंकर्स ने जियो के लिए 170 अरब डॉलर वैल्यूएशन का प्रस्ताव रखा है। कंपनी इस आईपीओ के जरिए मिनिमम स्टेक सेल से 4.3 अरब डॉलर जुटा सकती है। इससे यह मार्केट कैप के हिसाब से देश की बड़ी कंपनियों में शामिल हो जाएगी। मेटा प्लेटफॉर्म्स और अल्फाबेट इंक ने 2020 में जियो प्लेटफॉर्म्स में 10 अरब डॉलर से अधिक निवेश की घोषणा की थी। सूत्रों का कहना है कि जियो के आईपीओ के साइज और टाइमिंग पर बातचीत चल रही है और इसमें बदलाव हो सकता है। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने तत्काल इस पर कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। फाइनेंस मिनिस्ट्री के प्रतिनिधियों ने भी इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

**नियमों में बदलाव?**

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने सितंबर लिस्टिंग से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किया था। इसमें 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक मार्केट कैप वाली कंपनियों को आईपीओ के तहत न्यूनतम 2.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की अनुमति दी गई है। अभी यह सीमा 5 फीसदी है। लेकिन इसे अब तक सरकार से मंजूरी नहीं मिली है।

# शहबाज सरकार के तेल भंडार पर बड़े-बड़े दावों की खुली पोल

## डीलर्स बोले– बचा सिर्फ 14 दिनों का स्टॉक

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान में पेट्रोलियम उत्पादों के भंडार को लेकर नया विवाद सामने आया है। पाकिस्तान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने ऑयल एंड गैस रेगुलेटरी अथॉरिटी के आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश में पेट्रोलियम भंडार को लेकर जनता को गुमराह किया जा रहा है।पीपीडीए के चेयरमैन अब्दुल सामी खान ने कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों का स्टॉक केवल 14 दिनों के लिए ही पर्याप्त है, जो ओजीआरए के दावों से बिल्कुल अलग है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आपूर्ति में बाधा जारी रही तो देशभर के पेट्रोल पंपों पर स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**डीलर्स एसोशिएशन ने क्या बताया?**

डीलर्स एसोसिएशन ने यह भी कहा कि अगर हालात में सुधार नहीं हुआ तो पूरे पाकिस्तान में पेट्रोल पंप बंद करने की नौबत आ सकती है। अब्दुल सामी खान के मुताबिक ईरान से पेट्रोल और डीजल के आयात पर रोक लगने से तेल विपणन कंपनियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। इसके साथ ही पेट्रोलियम उत्पादों के वितरण के लिए लागू कोटा प्रणाली ने भी आपूर्ति संबंधी समस्याओं को और बढ़ा दिया है।हालांकि ओजीआरए ने लोगों से घबराने से बचने की अपील की है। प्राधिकरण का कहना है कि




देश में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार मौजूद है और लोगों को अनावश्यक रूप से ईंधन की खरीदारी नहीं करनी चाहिए। संभावित संकट को देखते हुए पेट्रोलियम डीलरों ने सिंध के पुलिस महानिरीक्षक से पेट्रोल पंपों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था से बचा जा सके और संचालन सामान्य बना रहे। इसी बीच ऑयल मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ पाकिस्तान ने भी देशभर में ईंधन आपूर्ति बाधित होने की आशंका जताई है। लाहौर से जारी एक पत्र में ओएमएपी ने कहा कि स्थानीय रिफाइनरियां पहले से तय आपूर्ति प्रतिबद्धताओं से पीछे हट रही हैं।एसोसिएशन के अनुसार, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने अपनी आपूर्ति योजना इस भरोसे पर बनाई थी कि घरेलू रिफाइनरियां प्रोडक्ट रिव्यू बैठक में तय मात्रा के अनुसार पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध कराएंगी। लेकिन रिफाइनरियों ने उस प्रतिबद्धता के अनुसार आपूर्ति नहीं की।

# पश्चिम एशिया में तनाव से बाजार धड़ाम

## सेंसेक्स 1097 अंक टूटा, निफ्टी का भी बुरा हाल

मुंबई,6 मार्च(एजेंसियां)। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के सातवें दिन में पहुंच जाने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसके चलते शुक्रवार को एक दिन की राहत के बाद शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी शेयर बाजारों में कमजोरी, यूरोपीय बाजारों में सुस्त रुझान और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने भी बाजार की भावनाओं को प्रभावित किया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,097 अंक या 1.37 प्रतिशत गिरकर 78,918.90 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 1,203.72 अंक या 1.50 प्रतिशत गिरकर 78,812.18 पर आ गया था।

50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 315.45 अंक या 1.27 प्रतिशत गिरकर 24,450.45 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल थे। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, एनटीपीसी, इंफोसिस और एचसीएल टेक को लाभ हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 2.53




प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 87.57 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी-ईरान तनाव बढ़ने से मध्य पूर्व के प्रमुख तेल और गैस स्रोतों की आपूर्ति बाधित हुई, जिससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं। इसके चलते भारतीय शेयर बाजारों में पिछली सत्र की राहत रैली के बाद गिरावट जारी रही। तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि से निवेशकों की भावना पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और भारत के दोहरे घाटे, मुद्रास्फीति की स्थिति और आरबीआई की मौद्रिक नीति पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में गिरावट देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

# 35 साल में सबसे कम टारगेट!

## जापान की तरह गर्त में फंस चुकी है चीन की इकॉनमी?

नई दिल्ली,6 मार्च(एजेंसियां)। करीब तीन दशक से दुनिया की ग्रोथ का इंजन रहे चीन की इकॉनमी अब थकने लगी है। चीन ने 2026 के लिए 4.5-5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का लक्ष्य रखा है जो 1991 के बाद सबसे कम है। चीन की इकॉनमी पिछले कुछ साल से संघर्ष कर रही है और देश के नेतृत्व इसमें बड़े बदलाव की तैयारी में है। चीन की इकॉनमी में एक्सपोर्ट का बड़ा हाथ रहा है। लेकिन देश की इकॉनमी अब ऐसे मॉडल की तरफ बढ़ रही है जो विदेशी झटकों से बच सके।

देश के प्रधानमत्री ली कियांग ने नेशनल पीपल्स कांग्रेस के ओपनिंग सेशन में 2026 के लिए ग्रोथ टारगेट की घोषणा की। साथ ही 15वीं पंचवर्षीय योजना का ड्राफ्ट भी जारी किया गया जिसमें 2026 से 2030 तक देश की इकॉनमी की दिशा और दशा के बारे में बताया गया है। इसमें खपत और इनोवेशन बढ़ाने पर जोर दिया गया है। देश का जोर अब हाई-क्वालिटी ग्रोथ पर है। इसमें हाई-टेक इंडस्ट्रीज और स्ट्रक्चरल रिफॉर्म पर जोर दिया जाएगा। अब तक देश की इकॉनमी में निर्माण और निर्यात की अहम भूमिका थी।जानकारों का कहना है कि 2035 तक विकसित देश बनने के लिए चीन को अगले दशक में 4.3 फीसदी ग्रोथ हासिल करनी होगी। लेकिन चीन की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है। देश में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, प्रॉपर्टी सेक्टर कई साल से संकट से जूझ रहा है, घरेलू डिमांड कमजोर बनी हुई है और आर्थिक रफ्तार सुस्त है। इस कारण देश इनकम स्केल में तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। हालांकि कुछ जानकारों का कहना है कि हाई-टेक इंडस्ट्रीज पर जोर देने से देश में लाखों लोगों के बेरोजगार होने का खतरा है। चीन की इकॉनमी 11 तिमाहयों से डिफ्लेशन की स्थिति में फंसी हुई है।

# सोना 3 दिन में 8,000 सस्ता, 1.59 लाख पर आया

## चांदी 26,000 गिरकर 2 .63 लाख पर आई, 36 दिन में 1.23 लाख सस्ती हुई

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। सोने और चांदी के दामों में आज यानी 6 मार्च (शुक्रवार) को लगातार तीसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,177 रुपए घटकर 1,59,409 पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 1,60,586 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 3 दिन में 8,000 सस्ता हुआ है। वहीं एक किलो चांदी 902 रुपए गिरकर 2,63,210 पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,64,212 लाख रुपए प्रति किलो थी। ये 3 दिन में 26,000 रुपए सस्ती हुई है। सोना-चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है।

**ऑल टाइम हाई से चांदी 1.23 लाख रुपए सस्ती**

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

# भारत में नहीं होगी रसोई गैस की किल्लत, सरकार ने दिया बड़ा आदेश

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी का प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश दिया है. सरकार ने कहा है कि वे एलपीजी का उत्पादन ज्यादा से ज्यादा करें और सबसे पहले देश के अंदर इसकी सप्लाई सुनिश्चित करें. यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि दुनिया के ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता बढ़ रही है और सरकार चाहती है कि लोगों को खाना बनाने वाली गैस की कमी न हो.

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को जारी एक सरकारी आदेश में रिफाइनरियों को निर्देश दिया गया है कि वे एलपीजी का उत्पादन बढ़ाएं और यह गैस सिर्फ तीन सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को ही बेचें.

**समुद्री रास्तों पर बढ़ गई चिंता**

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा सप्लाई और समुद्री रास्तों में बाधा आने की चिंता बढ़ गई है. खासकर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से तेल और गैस की बड़ी मात्रा दुनिया भर में भेजी जाती है, इसलिए वहां कोई भी समस्या सप्लाई को प्रभावित कर सकती है.

**सरकार ने दिया ये आदेश**

सरकारी आदेश में यह भी कहा गया है कि एलपीजी बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले दो मुख्य पदार्थ प्रोपेन और ब्यूटेन को पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री में इस्तेमाल करने के लिए नहीं मोड़ा



जाए. इसके अलावा तीनों तेल कंपनियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि एलपीजी की सप्लाई केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही दी जाए. एलपीजी गैस भारत के ज्यादातर घरों में खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होती है. यह मुख्य रूप से प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का मिश्रण होती है. सरकार का यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि अगर वैश्विक सप्लाई में कोई रुकावट आती है तो भी देश में घरों के लिए एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे.

**सुरक्षित रहेगी घरेलू सप्लाई**

भारत में एलपीजी का उत्पादन बढ़ रहा है, फिर भी देश को अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से मंगाना पड़ता है. भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60% आयात करता है. इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव या समुद्री रास्तों में बाधा आने पर देश की सप्लाई प्रभावित हो सकती है. इसी कारण रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और प्रोपेन-ब्यूटेन को पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री में भेजने से रोकने का फैसला लिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर घरेलू गैस की सप्लाई सुरक्षित रखी जा सके.

# 550 लाख करोड स्वाहा, ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध से क्रिप्टो मार्केट धड़ाम, पाई नेटवर्क में आई तेजी

नई दिल्ली,6 मार्च(एजेंसियां)। ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध का असर क्रिप्टोकरेंसी बाजार पर भी पड़ रहा है। पिछले कई दिनों में इसमें गिरावट बनी हुई है। शुक्रवार सुबह 10:30 बजे तक पिछले 24 घंटे में क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप 2.46 फीसदी गिरकर 2.40 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया है। वहीं पिछले 24 घंटे में बिटकॉइन समेत कई क्रिप्टो लाल निशान पर कारोबार कर रही हैं। इसके उलट पाई नेटवर्क में तेजी आई हुई है। शुक्रवार सुबह 10:30 बजे क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप 2.40 ट्रिलियन डॉलर पर कारोबार कर रहा था। पहले 24 घंटे पहले यह 2.46 ट्रिलियन डॉलर था। ऐसे में इसमें 24 घंटे में करीब 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। इस गिरावट के कारण क्रिप्टोकरेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 0.06 ट्रिलियन डॉलर (करीब 5.50 लाख करोड़ रुपये) गिर गया। इससे निवेशकों को 24 घंटे में भारी नुकसान हुआ।



**बिटकॉइन में कितनी गिरावट?**

पिछले 24 घंटे में दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टो बिटकॉइन में बड़ी गिरावट आई है।

एक दिन में बिटकॉइन 3 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गई है। इस गिरावट के साथ इसकी कीमत करीब 70,500 डॉलर पर आ गई है। दूसरी बड़ी क्रिप्टो ईथेरियम भी करीब 3 फीसदी फिसल गई है। बाइनेंस में से डेढ़ फीसदी से ज्यादा और रिपल में करीब 2 फीसदी गिरावट आई है।वहीं सोलाना करीब ढाई फीसदी लुढ़क चुकी है।

**पाई नेटवर्क में कितना उछाल?**

एक तरफ जहां बड़ी-बड़ी क्रिप्टो गिर रही हैं, वहीं पाई नेटवर्क कॉइन में तेजी बनी हुई है।

पिछले 24 घंटे में इसमें 8 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है। इस तेजी के साथ पाई नेटवर्क 0.1985 डॉलर पर कारोबार कर रहा है।

पिछले 7 दिनों में पाई नेटवर्क में 17 फीसदी से ज्यादा तेजी आई है। पाई नेटवर्क कॉइन पिछले साल लॉन्च हुआ था और इसे भविष्य की बिटकॉइन कहा जाता है।

**इन क्रिप्टो में भी आई तेजी**

पिछले 24 घंटे में सिर्फ पाई नेटवर्क में ही नहीं, बल्कि दूसरी क्रिप्टो में भी तेजी आई है। केंटन क्रिप्टो 2 फीसदी से ज्यादा उछल गई है। ट्रोन ने भी मामूली बढ़त बनाई है। बिटगेट टॉकन भी 1 फीसदी से ज्यादा उछल गया है। घिबलिफिकेशन में भी आधा फीसदी से ज्यादा तेजी आई है।डिस्क्लेमरः क्रिप्टोकरेंसी में 24 घंटे कारोबार होता है। ऐसे में इनकी कीमत पल-पल बदलती रहती है। कुछ ही मिनटों में क्रिप्टोकरेंसी की कीमत काफी गिर जाती है और निवेशकों को बड़ा नुकसान हो जाता है।

# महंगा हुआ खाने का तेल, 1 लीटर पर 5 रुपए बढ़ गया दाम

## क्या मिडिल ईस्ट की जंग बनी वजह?

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका-ईरान और इजराइल-ईरान के बीच गहराते युद्ध के संकट, कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने भारतीय बाजारों में उथल-पुथल मचा दी है। इसका सबसे पहला और सीधा प्रभाव हमारे रोजमर्रा के खाने के तेल (एडिबल ऑयल) पर पड़ा है। पिछले कुछ ही दिनों में खाद्य तेलों की कीमतों में 3 से 5 रुपये प्रति लीटर (करीब 5 फीसदी) का उछाल दर्ज किया गया है। ग्लोबल टेंशन की वजह से सप्लाई चैन बाधित हुई है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ गया है।

ऐसे में सूरजमुखी, सोयाबीन, पाम ऑयल और ब्लेंडेड तेलों के दाम तेजी से ऊपर जा रहे हैं। विदेशी बाजारों में कच्चे तेल के महंगे होने और मुद्रा बाजार में रुपये के कमजोर पड़ने से आयात का खर्च बढ़ गया है। व्यापारी साफ तौर पर कह रहे हैं कि सप्लाई को लेकर चिंताएं गहरी हो गई हैं। युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर जोखिम बढ़ा है, जिसके कारण माल ढुलाई (फ्रेट चार्ज) में भारी इजाफा हुआ है। इसी वजह से देश के भीतर तेल की कीमतें अचानक से बढ़ने लगी हैं। सूरजमुखी और



सोयाबीन तेल के साथ-साथ आम घरों में बहुतायत से इस्तेमाल होने वाले पाम तेल पर इस महंगाई की सबसे ज्यादा मार पड़ी है।भारत में खाने के तेल की खपत बहुत विशाल है, लेकिन उस अनुपात में हमारा घरेलू उत्पादन काफी कम है। सूरजमुखी तेल का ही उदाहरण लें, तो देश में इसका सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कर्नाटक है। इसके अलावा महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में भी इसकी पैदावार होती है। लेकिन यह उत्पादन देश की कुल मांग को पूरा करने के लिए नाकाफी है। यही वजह है कि भारत को अपनी जरूरत का एक बहुत बड़ा हिस्सा यूक्रेन, रूस, अर्जेंटीना और बुल्गारिया जैसे देशों से आयात करना पड़ता है। वर्तमान वैश्विक युद्ध की परिस्थितियों ने इन्हीं देशों से आने वाले आयात की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। जब विदेशों से माल आने में रुकावट पैदा होती है, तो घरेलू बाजार में कीमतें अपने आप उछाल मारने लगती हैं।

# 640 अरब के पनीर बाजार में मिलावटखोरों की सेंध, क्या बताते हैं डेरी इंडस्ट्री एक्सपर्ट

नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। पनीर का नाम लेते ही जेहन में एक मुलायम, सफेद, स्पंजी टुकड़े की तस्वीर उभरती है। जिसे खाने के लिए बच्चे से लेकर बूढ़े तक लालायित रहते हैं। तभी तो हाल के वर्षों में पनीर का बाजार तेजी से बढ़ा है। भारत में हर साल पनीर की डिमांड में 14% की बढ़ोतरी हो रही है। लेकिन, इन दिनों हर तरफ से आ रही मिलावटी पनीर की खबर ने ग्राहकों को झकझोड़ दिया है। लोग पनीर खरीदने से डरने लगे हैं। हालांकि, डेरी सेक्टर के जानकार बताते हैं कि सोशल मीडिया पर चल रही बहस शत-प्रतिशत सही नहीं है।

**मिलावट की समस्या कहां?**

नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से जुड़े अधिकारी बताते हैं कि



पनीर में मिलावट की समस्या संगठित क्षेत्र में नहीं है। खुले पनीर की जहां बिक्री होती है, वहां ही ऐसा हो सकता है। उनका कहना है कि पनीर को बनाना तो बेहद आसान है। पनीर को उबालिए, उसमें फूड ग्रेड साइट्रिक एसिड डालिए या नींबू गाड़िए। बस तैयार हो गया आपका पनीर। लेकिन असंगठित क्षेत्र में कुछ लोग ज्यादा मुनाफे के लालच में मिलावटी पनीर बना कर बाजार में भेज देते हैं।

**पनीर बनाने का है स्टेंडर्ड प्रोसेस**

वह बताते हैं कि आर्गेनाइज्ड डेरी प्लांट में पनीर बनाने का एक स्टेंडर्ड प्रोसेस है। इसी का पालन कर दूध से छेना और पानी को अलग किया जाता है। फिर उसका ब्लॉक बनाया जाता और ठंडा कर पैक कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया में यह ध्यान रखा जाता है कि स्ट्रिक्ट टेम्परेचर कंट्रोल रहे और माइक्रोबियल टेस्टिंग कर ही प्रोडक्ट को बाजार में भेजा जाए। यही नहीं, क्वालिटी को बनाए रखने के लिए कई स्तर पर टेस्टिंग भी होती है।साल 2024 में भारत के संगठित क्षेत्र में पनीर का बाजार 640 अरब रुपये का था। जिस हिसाब से इसका बाजार बढ़ रहा है, उम्मीद है कि साल 2030 तक यह बढ़ कर 1,848 करोड़ रुपये का हो जाएगा। अगले दशक में यह दो ट्रिलियन रुपये से अधिक का होगा।

# दैनिक पंचांग

### गृह गोचर




| गृह स्थिति | | | लग्नारभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सुर्य | कुंभ | मे | कुंभ.... | 05-20 बजे |
| चंद्र | तुला | मे | मीन.... | 06-58 बजे |
| मंगल | कुंभ | मे | मेष..... | 08-34 बजे |
| बुध | कुंभ | मे | वृष.... | 10-19 बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | मिथुन.. | 12-20 बजे |
| शुक्र | मीन | मे | कर्क... | 14-32 बजे |
| शनि | मीन | मे | सिंह--- | 16-44 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | कन्या-- | 18-51 बजे |
| केतु | सिंह | मे | तुला---- | 20-56 बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 23-06 बजे |
| | | | धनु..... | 01-20 बजे |
| | | | मकर... | 03-25 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082

शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे /दक्षिण , ऋतु- बसंत

महावीर निर्वाण संवत् -2551

कलियुग अवधि - 432000 सूर्योदय 06-33

भोग्य कलि वर्ष. - 426874 सूर्यास्त. 18-20

कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,

कल्पारंभ संवत् - 1972949126

सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले

मास - चैत्र कृष्ण पक्ष शनिवार 07 March 2026

तिथि - चतुर्थी 19-17 तक उपरान्त पंचमी

नक्षत्र - चित्रा 11-15 तक उप स्वाति

योग - वृद्धि 06-52 तक उप धुव्र

करण - बालव 19-17 तक. कौलव

**सर्वार्थ सिद्धि योग 11-16 से**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 09-29 से 10-58 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 06-33 - 08-00 | अशुभ |
| शुभ | 08-00 - 09-29 | शुभ |
| रोग।। | 09-29 - 10-58 | अशुभ |
| उत्पात | 10-58 - 12-27 | अशुभ |
| चंचल | 12-27 - 13-56 | शुभ |
| लाभ | 13-56 - 15-25 | शुभ |
| अमृत | 15-25 - 16-54 | शुभ |
| काल | 16-54 - 18-20 | अशुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| लाभ | 18-20 - 19-54 | शुभ |
| उत्पात | 19-54 - 21-25 | अशुभ |
| शुभ | 21-25 - 22-56 | शुभ |
| अमृत | 22-56_ - 00-27 | शुभ |
| चंचल | 00-27 - 01-58 | शुभ |
| रोग | 01-58 - 03-29 | अशुभ |
| काल | 03-29 - 04-59 | अशुभ |
| लाभ | 04-59 - 06-33 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे हैं लेकिन आपको उनके लिए पूरे तौर पर समर्पित कोशिशें करनी होंगी,जोकि इस समय आपके लिए कुछ मुश्किल लग रहा है । किसी ख़ास निजी समारोह के लिए इन मौकों को रोके रखना आपके लिए सही है । आप साधारणतया बहुत अच्छे हैं और इसीलिए आपके दोस्त आपसे लगाव रखते हैं ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आपके किसी करीबी के जीवन में कुछ समस्याएँ चल रही हैं और आज आपको उनकी बात सहानुभूति से सुननी पड़ेंगी । ऐसा हो सकता है की आप इस आदमी की बातों से निराश और बेचैन सा अनुभव करें ,लेकिन आपको बिना किसी आलोचना के इस आदमी की सहायता करनी चाहिए । इससे आपके जीवन की बहुत महत्वपूर्ण दोस्ती या साझेदारी भी प्रभावित होगी ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज का दिन अपने जीवन की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने और अपनी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बांटने के लिए बिलकुल उपयुक्त है । अगर आप पिछले कुछ समय से आलसी महसूस कर रहे हैं और काफी सारा काम इकठ्ठा हो गया है,आज अपने अन्दर असीमित ऊर्जा अनुभव करेंगे जिससे आपके ये अधूरे काम संतोषजनक ढंग से पूरे हो पायेंगे ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
अपने सब विचारों को एक साथ रखकर सोचें,इससे जो निष्कर्ष निकलेगा ,उससे आपको स्थितियों से निपटने में काफी मदद मिलेगी । अपने आप को उन चीजों में ना फंसने दें जिनमे आप विश्वास नही रखते । इन्हें छोड़कर आगे बढ़ जाएँ । इधर –उधर की हांकना आपकी आदत नही है ,लेकिन कई बार आपको ना चाहते हुए भी यह करना पड़ता है ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आपकी सफलता हासिल करने की इच्छा आज और बलवती होती जायेगी । आप आज अपनी लिखित और वक्ता कला में सुधार के लिए कोशिश कर सकते हैं । सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स पढ़ें या किसी कुशल आदमी से मार्गदर्शन ले लें । हालाँकि इन सबके चक्कर में उनकी भी उपेक्षा ना करें जो लम्बे समय से आपके ध्यान और समय की प्रतीक्षा में हैं ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
छोटी छोटी परेशानियां और असहमतियां दिन भर सामने आती रहेंगी । आपको इन छोटी छोटी बातों की उपेक्षा कर देनी है,नही तो आप अपनी मानसिक शांति को नष्ट कर लेंगे । अपनी समस्याएँ किसी के साथ बांटने की कोशिश करें,आपको अच्छा अनुभव होगा । एकांत की गतिविधियाँ आज बहुत अच्छी रहेंगी ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आज चलते हुए सावधान रहें । हलकी खरोचें आ सकती हैं । न चाहते हुए भी आप किसी करीबी को बातों-बातों में नाराज कर सकते हैं । आज केवल अपने काम से ही मतलब रखना उपयुक्त रहेगा । सिनेमा या किसी और मनोरंजक कार्यकलाप में समय बिता सकते हैं । आप अपने व्यस्त जीवन में भी सही तरीके से व्यवस्था बनाये रखने की अपनी काबिलियत को तभी तक बनाये रख सकते हैं।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
प्रयास करने वाले भी पहले व्यक्ति बनें और उसका श्रेय लेने में भी आगे रहें । अपने आप को ज्यादा ना थकाएं और कम महत्वपूर्ण विषयों के लिए अधिक मेहनत ना करें । दूसरों को अच्छी ना लगने वाली बातें कहकर उनका दिल ना दुखाएं । आज आप ख़ुशी मनाने के मूड में अधिक रहेंगे लेकिन आपको यह भी समझना चाहिए।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आपकी जीवन में कोई ऐसी स्थिति आने वाली है जब आपको सीधे ,तुरंत और अति सक्रिय रहकर फैसले लेने होंगे । यह स्थिति देखने में बहुत मुश्किल लग सकती है परन्तु आप इसे आसानी से संभाल पायेंगे । आपको बस दृढ़ता पूर्वक डटे रहना है । लेकिन चिंता ना करें,एक बार जब यह समस्या ख़तम हो जायेगी तो लोग इसे सुलझाने में आपकी भूमिका की भी प्रशंसा करेंगे ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
गृहों की स्थिति ऐसी है कि आपको अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है ,पिछले कुछ समय से आप बहुत अच्छी स्थिति में हैं और फिलहाल ऐसा कुछ भी नही है जो परेशानी पैदा करने वाला दीखता हो । लेकिन आज ऐसी बढ़ाएं और परेशानियां पैदा होने वाली हैं जो आपके काम और मूड दोनों को ही प्रभावित करेंगी।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज बोलने में सावधानी रखें । आप जिसे अपना करीबी समझते हैं,वो आपकी गुप्त बात को उजागर कर सकता है । बोलने से पहले सोच लें,अपनी बातचीत का विषय अपने और सामने वाले तक ही सीमित रखें । किसी तीसरे के बारे में बात करने से बचें । किसी दूसरे शहर की यात्रा और इसके दौरान किसी पुराने दोस्त से मुलाकात की सम्भावना है,पुराने पलों को याद करेंगे ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आप अपने विस्तृत होते हुए परिवेश के बारे में बहुत अच्छा अनुभव करेंगे लेकिन आपके परिजन इसी को लेकर निराश होंगे । जो आप करना चाहते हैं ,उसके लिए स्वयम को समर्पित कर दें । पर्दे के पीछे काम न करें,आप जो भी कर रहे हैं,उसके बारे में जानने दें । अपनी जीवन में आये किसी नए दोस्त से आपको काफी लगाव का अनुभव होगा ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र



# हम बंटे हैं, इसलिए आक्रमण हो रहे हैं : भागवत

## > भेद और स्वार्थ को तिलांजलि दें > संत ने कहा-जैनों को हिंदुओं से अलग न समझें

जैसलमेर, 6 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा- आक्रमण भी इसलिए चल रहे हैं क्योंकि हम सोए और बंटे हुए हैं। हम वास्तव में एक ही हैं, पंथ-संप्रदाय से अलग हैं। संस्कृति, देश, समाज के नाते हम एक हैं। ज्ञान नहीं है तो वह भेद मानता है। आज से सद्भावना की शुरुआत कर देनी चाहिए। मेरा एक-एक मित्र कुटुम्ब होगा, उनका मेरा यहां आना-जाना, सुख-दुख, खाना-पीना सभी रहेगा। क्योंकि समय बड़ा कठिन है।

मोहन भागवत ने यह बात शुक्रवार को जैसलमेर में जैन समाज के चादर महोत्सव कार्यक्रम में कही। इससे पहले भागवत ई-रिक्शा में बैठकर सोनार दुर्ग गए। जहां पर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में दर्शन-पूजन कर जिनभद्र सूरी ज्ञान भंडार और दादा गुरुदेव की पावन चादर के दर्शन किए। इसके बाद वे देदांसर मेला ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय चादर महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने सभा को संबोधित किया। भागवत ने कहा- हम सभी भेद और स्वार्थ को तिलांजली दें और देश के लिए जीने-मरने को उतारूं हो जाएं तो हमारा समाज अच्छा बनेगा। कलह और भेद खत्म हो जाएंगे तो भारत विश्वगुरु बनकर एक सुखी-सुंदर दुनिया को जन्म देगा। जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी महाराज ने सभा में कहा- जैनों को हिंदुओं से अलग समझने का प्रयास कभी मत करना। हम हिंदुस्तान में रहने वाले और यहां रहने वाले का पहला धर्म हिंदू हैं। जैन धर्म परमात्मा महावीर की शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का उपदेश है।



**झगड़े इसलिए होते हैं क्योंकि हम एकत्व को नहीं पहचानते**

मोहन भागवत ने कार्यक्रम के दौरान एक कहानी सुनाई। उन्होंने कहा- ट्रेन में सीट को लेकर झगड़ा हुआ, लेकिन तंबाकू खाने की बात पर दोनों में बातचीत शुरू हुई। बातचीत में पता चला कि दोनों भाई थे, जो एक बचपन में गुम हो गया था। इसके बाद दोनों गले मिलकर रोने लगे। ये इसलिए है क्योंकि हम हमारे एकत्व को नहीं पहचानते। इसलिए झगड़े होते हैं। क्योंकि एक नहीं है तो अलग हैं। अलग हैं तो अलग-अलग स्वार्थ है। यदि अपने लोग हैं तो आधी रोटी भी बांटकर खाएंगे। सभी एक-एक टुकड़ा खाएंगे और सभी की भूख मिट जाएगी। यदि अपने लोग नहीं हैं तो कोई किसी को नहीं देगा। अपना खाकर समाधान नहीं होगा और दूसरे के पास मिठाई है तो वह अपने पास कैसे आ जाए ये भी सोचेगा। एकता का अनुभव करने के लिए जो जीवन है उसे पूर्ण व्यवस्थित करना और फल की इच्छा से मुक्त करना। ये कुछ भी मेरा नहीं, कुछ भी सत्य नहीं है। एक प्रवृति और दूसरा निवृति मार्ग है।

**मंच पर बैठकर ऊंचा समझने लग जाएं तो बुद्धि मारी गई**

भागवत ने कहा- सभी व्यवस्थाओं में अलग-अलग होता है। सभा में बोलने वाला सभी को दिखना चाहिए इसलिए वो ऊपर बैठता है। सुनने वाला नीचे बैठते है। जितने ज्यादा सुनने वाले, ऊतनी यहां ऊंचाई ज्यादा। यदि मैं ऊंचाई पर बैठा हूं यदि मैं ये समझने लग जाऊं कि मैं आपसे ऊंचा हो गया और आप नीचे हो गए तो ये मेरी बुद्धि मारी गई है, इसलिए मैं ऐसा सोच रहा हूं। ये तो व्यवस्था का भेद है। काम होना चहिए। किसी को कहां बैठाया इसमें ऊंच-नीच नहीं होता। सब समान हैं, सभी का मूल एक है।

**जन्म से सब मनुष्य हैं, जाति बाद में आती है**

भागवत ने कहा- हमारे यहां सभी पंथ-संप्रदाय इसी बात से शुरू होते है कि एक से सब अनेक हुआ है। अनेक कैसे होता है ये उसके दर्शन है। ये अलग-अलग है उसके परस्पर विरोधी नहीं है। सभी का उपदेश एक है। इसलिए संप्रदाय और जातियों में कोई भेद नहीं है। जन्म से सब मनुष्य है, जाति बाद में आती है। कई बच्चों को तो जाति पता नहीं होती, स्कूल में फॉर्म भरते वक्त पता चलती है। इसलिए सभी प्रकार के भेदों को छोड़कर हमें एक होना है।

**सद्भावना से निकलेगा हल**

भागवत बोले- दुनियाभर में जो बातें चल रही है उसका उपाय हमारे पास है। हम लोगों को आपस में सद्भावना से व्यवहार करना है। विवाद को सुलझाना है तो समझौता, तर्क रास्ता नहीं होता है। उसका हल सद्भावना से निकलता है। सद्भावना से हमें पूरे समाज को तैयार करना है, बैठाना है। सभी कलह मिट जाए, हम सभी खड़े हो जाएं। हमें अपना जीवन बदलकर चलना है। आज से हम इसकी शुरुआत कर सकते हैं। सभी ये सोचे कि जहां तक मैं घूमता हूं, जहां मेरा सर्किल है, परचित प्रदेश, उस सर्किल में जितने प्रकार के हम हिंदू माने जाते हैं।

# बहरोड़ में केमिकल फैक्ट्री में लगी आग

**8 दमकल बुझाने में जुटी बचाव के लिए पड़ोसी कंपनी ने केमिकल के डिब्बों पर डाला पानी**



बहरोड़, 6 मार्च (एजेंसियां)। बहरोड़ के केशवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित एरोमेटिक अलाइड केमिकल फैक्ट्री में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने तुरंत दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। 8 दमकल की मदद से फैक्ट्री के बाहरी क्षेत्र में आग पर काबू पा लिया गया है। अभी भी फैक्ट्री की 5वीं मंजिल से लपटे दिखाई दे रही है।

आग केमिकल से भरे एक हिस्से में लगी, जिसके कारण कुछ ही देर में लपटें तेज हो गईं और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। आग बुझाने के लिए बहरोड़, कोटपूतली, पावटा, नीमराना, बानसूर से दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची है। फैक्ट्री परिसर के आसपास से लोगों को दूर किया गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। बचाव के लिए पड़ोसी कंपनी श्रीनाथ लाइफ साइंस के अंदर रखे हुए केमिकल के ड्रम पर भी पानी का छिड़काव किया जा रहा है। ताकि यहां आग लगने की घटना ना हो। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। प्रशासन का कहना है कि आग पूरी तरह बुझने के बाद ही नुकसान और कारणों की जांच की जाएगी। कोटपूतली बहरोड कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई, एडिशनल एसपी नाजिम अली खान, पनियाला थाना पुलिस, तहसीलदार मौके पर मौजूद है।

## जयपुर में नमाज के दौरान दीवार गिरी 10 लोग दबे

जयपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। जयपुर के भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र में नमाज के दौरान दीवार गिरने से 10 युवक मलबे के नीचे दब गए। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। सभी 10 युवकों को मलबे से बाहर निकाला। घायलों को कांवटिया अस्पताल ले जाया गया, 2 की हालत गंभीर होने पर उन्हें एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# 8 मार्च को फिर महिलाओं की बल्ले बल्ले

## राजस्थान सरकार ने लिया फ्री बस यात्रा का बड़ा फैसला

जयपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान सरकार ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए विशेष सुविधा की घोषणा की है। 8 मार्च को राज्यभर में महिलाएं राजस्थान रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। सरकार के इस फैसले से बड़ी संख्या में महिलाओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

**राजस्थान में करीब 8.50 लाख महिलाओं को मिलेगा लाभ**

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, महिला दिवस के दिन राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) की बसों में महिलाओं और बालिकाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। अनुमान है कि इस योजना का लाभ लगभग 8.50 लाख महिलाएं और बालिकाएं उठा सकती हैं। यह सुविधा केवल राज्य की सीमा के भीतर यात्रा करने पर ही लागू रहेगी।

**रोडवेज की इन बसों में मिलेगी मुफ्त यात्रा**

जारी निर्देशों के मुताबिक, यह सुविधा राजस्थान रोडवेज की सभी श्रेणी की साधारण बसों में लागू रहेगी। यानी प्रदेश के भीतर संचालित सामान्य श्रेणी की बसों में महिलाएं और बालिकाएं बिना किराया दिए सफर कर सकेंगी। महिला दिवस के अवसर पर यह पहल महिलाओं के सम्मान और उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**एसी और वोल्वो बसों में नहीं मिलेगी सुविधा**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि यह व्यवस्था वातानुकूलित और वोल्वो बसों में लागू नहीं होगी। इसके अलावा अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्रों के तहत संचालित बसों में भी मुफ्त यात्रा की सुविधा नहीं मिलेगी।

**महिलाओं के सम्मान का प्रतीक**

हर वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनके योगदान और समाज में उनकी भूमिका को सम्मान देने के लिए समर्पित होता है। राजस्थान सरकार की ओर से दी गई यह सुविधा भी महिलाओं के सम्मान और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का एक प्रयास माना जा रहा है। इस दिन देश और दुनिया में महिलाओं की उपलब्धियों को याद किया जाता है और उन्हें विशेष सम्मान दिया जाता है। महिला दिवस के अवसर पर दी गई यह विशेष सुविधा राज्य की हजारों महिलाओं के लिए राहत और सम्मान दोनों का संदेश लेकर आई है।

## राजस्थान में अप्रैल में 60 से अधिक ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

**चूरू-सादुलपुर सेक्शन पर डबल लाइन का काम; 29 का बदला रूट, पूरी डिटेल**

जयपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर पश्चिम रेलवे से चलने वाली 60 से ज्यादा ट्रेनें 14 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच प्रभावित रहेंगी। बीकानेर मंडल में चूरू से सादुलपुर के बीच डबल लाइन का काम किया जा रहा है।

दुधवाखारा, हड़याल, डोकवा और सादुलपुर स्टेशनों के बीच यह काम होगा। इस कारण इस रूट से गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द, आंशिक रद्द, मार्ग परिवर्तित और रीशेड्यूल किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया- बीकानेर मंडल में चूरू से सादुलपुर के बीच डबल लाइन का काम किया जा रहा है।

# भीलवाड़ा में एएसआई महावीर सिंह ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी

**हाइलाइट्स**

- > भीलवाड़ा में एएसआई ने किया सुसाइड
- > सर्विस रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली
- > हाल ही में हुआ था प्रमोशन
- > पुलिस मामले की जांच में जुटी

भीलवाड़ा, 6 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में शुक्रवार सुबह एक पुलिसकर्मी द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है।

कोतवाली थाने में तैनात एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ने अपने ही घर में सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बता दें कि हाल ही महावीर सिंह का पुलिस विभाग में प्रमोशन हुआ था। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे हुई। एएसआई महावीर सिंह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान उन्होंने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घर की ओर दौड़े और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया और वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।



**एसपी समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे**

घटना की जानकारी मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह और कोतवाली थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पूरी स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान मौके की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी करवाई गई ताकि मामले से जुड़े सभी पहलुओं को सुरक्षित रखा जा सके। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवा दिया।

**कुछ दिन पहले ही हुआ था प्रमोशन**

पुलिस के अनुसार महावीर सिंह हाल ही में हेड कॉन्स्टेबल से पदोन्नत होकर एएसआई बने थे और वर्तमान में कोतवाली थाने में ही तैनात थे। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से वह मानसिक तनाव में भी चल रहे थे। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह क्या रही, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**पुलिस कर रही है मामले की जांच**

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पुलिस विभाग और स्थानीय क्षेत्र में शोक और स्तब्धता का माहौल है।

## बच्चा चोरी के शक में महिला की पिटाई

**पुलिस जांच में निकली नशे की आदी; सखी सेंटर भेजा गया**

चित्तौड़गढ़, 6 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में बच्चा चोरी की अफवाह के चलते एक महिला को भीड़ द्वारा पीटने का मामला सामने आया है। हालांकि, पुलिस की प्रारंभिक जांच में बच्चा चोरी का कोई ठोस सबूत नहीं मिला है और महिला नशे की हालत में पाई गई है। घटना बुधवार शाम करीब 6:30 बजे की है, जब एक महिला और एक युवक एक घर के बाहर खाना मांगने पहुंचे थे। आरोप है कि वे घर के बाहर खेल रही 4 साल की बच्ची को अपने साथ अगली गली की ओर ले जाने लगे। बच्ची के भाई द्वारा सूचना देने पर मां ने शोर मचाया, जिसके बाद मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। बच्ची को सुरक्षित छुड़ाने के बाद आक्रोशित भीड़ ने महिला को घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। घटना के वीडियो में लोग महिला के बाल खींचते और उसे पकड़कर खड़े नजर आए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हिरासत में लेकर भीड़ से छुड़ाया। पुलिस ने जब महिला का मेडिकल करवाया, तो वह भारी नशे की हालत में मिली। पूछताछ में महिला ने बताया कि नशे के कारण उसे होश नहीं था और उसने किसी युवक के साथ होने की बात से भी इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच में बच्चा चोरी का कोई मामला सिद्ध नहीं हुआ है। सुरक्षा की दृष्टि से महिला को फिलहाल 'सखी सेंटर' भेज दिया गया है।

## अजमेर में स्लीपर बस पलटी, ड्राइवर की मौत

अजमेर, 6 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के अजमेर शहर में शुक्रवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां आदर्श नगर थाना क्षेत्र में थाने के सामने हाईवे पर एक स्लीपर बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में बस ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार 20 से अधिक यात्री घायल हो गए। सभी यात्री अहमदाबाद से सीकर जा रहे थे और दुल्हन के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सीओ मनीष बडगूजर के नेतृत्व में आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को अजमेर के जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

## पति ने पत्नी को मौत के घाट उतारा

सीकर, 6 मार्च (एजेंसियां)। सीकर के रानोली थाना इलाके में महिला के मर्डर का मामला सामने आया है। महिला का शव अंडरपास के नजदीक पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। महिला के शव को पलसाना हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। जहां उसका मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम होगा। जानकारी के मुताबिक घटना रानोली थाना इलाके में गोरिया रेलवे अंडरपास के नजदीक की है। यहां आज सुबह महिला का शव मिला। सूचना मिलने पर डीएसपी कैलाश कंवर, रानोली एसएचओ रामलाल, एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और मौके से साक्ष्य जुटाए।

# फलोदी के खीचन गांव की हवेली में बड़ी चोरी

## 1 किलो सोना और 100 किलो चांदी लेकर फरार हुए चोर

जोधपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के फलोदी थाना क्षेत्र के खीचन गांव में एक हवेली में हुई बड़ी चोरी की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। अज्ञात चोर हवेली से करीब एक किलो सोने के आभूषण और लगभग 100 किलो चांदी के सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।



**राजस्थान पुलिस और एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य**

घटना की सूचना मिलने के बाद वृताधिकारी अचलसिंह देवड़ा और फलोदी थानाधिकारी भंवराराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने हवेली का निरीक्षण कर घटनास्थल की बारीकी से जांच की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जोधपुर से एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट, पदचिह्न और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं, जिनके आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

**सोने की तलवार और कटार भी चुरा ले गए चोर**

हवेली मालिक के भतीजे वैभव गुलेच्छा ने फलोदी थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार उनकी बड़ी मम्मी निर्मला देवी गुलेच्छा गुरुदेव महाराज के यहां गई हुई थीं। गुरुवार सुबह करीब सात से साढ़े सात बजे के बीच जब वह वापस लौटीं और घर का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर हैरान रह गईं। कमरों के ताले टूटे हुए थे और घर का सामान बिखरा पड़ा था। घर के ऊपर लगे जंगले का ताला भी टूटा मिला।

चोरों ने कमरों में रखी अलमारियों और संदूकों के ताले तोड़ दिए और वहां रखे कीमती सामान को समेट लिया। चोरी हुए सामान में सोने की तलवार, दो सोने की कटार, दो सोने के कड़े, करीब दस अंगूठियां, पांच जोड़ी बालियां, दो सेट सोने के बटन और आठ सोने की चूड़ियां शामिल हैं। इनके अलावा चोर करीब एक किलो सोने के अन्य आभूषण भी अपने साथ ले गए।

**100 किलो चांदी का सामान भी ले गए**

सोने के साथ-साथ चोरों ने बड़ी मात्रा में चांदी के सामान पर भी हाथ साफ किया। जानकारी के अनुसार करीब 10 किलो की चांदी की पेटी, स्टैंड सहित चार चांदी के गिलास, लगभग सौ चांदी के सिक्के, चांदी के खिलौने, छह चांदी के लोटे और एक बड़ी चांदी की थाली सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया। कुल मिलाकर चोर करीब 100 किलो चांदी का सामान भी अपने साथ ले गए। घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए गए हैं। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों को जल्द पकड़ने का प्रयास जारी है।

## राजस्थान विधानसभा में गैरहाजिर विधायकों पर स्पीकर देवनानी नाराज

**सदन में रहने के दिए निर्देश**

जयपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वसु देव देवनानी ने प्रश्नकाल के दौरान सवाल पूछने वाले कई विधायकों के सदन में मौजूद न रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जो विधायक सवाल लगाते हैं, उनका जवाब सुनने के समय सदन में मौजूद रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऐसा ही मामला एक दिन पहले भी सामने आया था, जब तीन-चार विधायक अपने सवाल सूची में होने के बावजूद सदन में मौजूद नहीं थे।

यह मुद्दा शुक्रवार को फिर से सामने आया, जब भाजपा विधायक जगत सिंह का चंबल-धौलपुर-भरतपुर मेगा पेयजल परियोजना से संबंधित प्रश्न चर्चा के लिए आया। अध्यक्ष ने बार-बार जगत सिंह का नाम पुकारा, लेकिन विधायक सदन में उपस्थित नहीं थे। जगत सिंह ने पूछा था कि नदबई क्षेत्र के उन गांवों को कब तक पीने का पानी मिलेगा, जो अभी भी इस परियोजना से वंचित हैं। शुक्रवार को देवनानी ने कहा कि जब भी कोई विधायक प्रश्नकाल या शून्यकाल में मुद्दा उठाए, तो उसे सदन में जरूर मौजूद रहना चाहिए। उन्होंने सभी विधायकों को इस बारे में निर्देश भी दिए।

इस दौरान सदन में नेताओं के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। विपक्ष के उपनेता रामकेश मीणा ने अंबेडकर केंद्र और आधुनिक पुस्तकालय स्थापित करने की पिछली सरकार की घोषणा की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाया। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि चूंकि वर्तमान में कोई आधुनिक पुस्तकालय परियोजना चल ही नहीं रही है, इसलिए आगे की प्रगति का कोई सवाल ही नहीं उठता।

## वैन-ट्रेलर की भिड़ंत में 2 लोगों की मौत

भीलवाड़ा, 6 मार्च (एजेंसियां)। भीलवाड़ा जिले के आसींद कस्बे में नेशनल हाईवे-158 पर वैन और ट्रेलर की टक्कर में 2 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बार थाना इलाके में बदनोर और बार के बीच शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे हुआ। हादसे में 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ब्यावर की ओर से आ रही एक मारुति वैन और भीलवाड़ा की तरफ से आ रहे ट्रेलर के बीच रॉन्ग साइड में आमने-सामने की टक्कर से हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**बार अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाये दोनों शव**

मृतकों की पहचान कावलाश, आसींद निवासी परशुराम वैष्णव (56) पुत्र बालूदास वैष्णव और लाछुड़ा, आसींद निवासी सुरेश चंद (38) पुत्र नंदलाल तेली के रूप में हुई है। परशुराम वैष्णव एक होटल संचालक थे। हादसे के बाद दोनों शवों को बार अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। इस दुर्घटना में आसपे-बोरेड़ा निवासी कैलाश बलाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय ब्यावर में भर्ती कराया गया है।

## हिस्ट्रीशीटर महेश गुर्जर की जयपुर में इलाज के दौरान मौत, 22 आपराधिक मामलों में था नामजद

जयपुर, 6 मार्च (एजेंसियां)। अलवर जिले के बानसूर थाना क्षेत्र के मुगलपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर महेश गुर्जर की शुक्रवार को जयपुर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। महेश को गंभीर हालत में गोली लगने के बाद इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया था, जहाँ उसने दम तोड़ दिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मृतक महेश गुर्जर के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट और रंगदारी जैसे अलग-अलग संगीन अपराधों के तहत करीब 22 आपराधिक मामले दर्ज थे। वह इलाके का नामी हिस्ट्रीशीटर था।

बानसूर डीएसपी मेघा गोयल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महेश गुर्जर की मौत की सूचना मिली है। पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि गोली किन परिस्थितियों में चली और इस घटना के पीछे किसका हाथ है। क्या यह आपसी रंजिश का मामला है या कुछ और, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। शव परिजनों को सौंपने के साथ ही पुलिस ने इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात बरतनी शुरू कर दी है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 'प्रजा पालन' कार्यक्रम से शहर में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद : कर्णन



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के आयुक्त आर.वी. कर्णन ने कहा कि राज्य सरकार के प्रतिष्ठित 99-दिवसीय 'प्रजा पालन-प्रगति प्रणालिका' कार्यक्रम से शहर में कई सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। शुक्रवार को कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर आयुक्त ने राजेंद्रनगर जोन के अत्तापुर सर्किल में निर्माणाधीन शास्त्रीपुरम रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को एप्रोच रोड और अन्य लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि पुल का जल्द उद्घाटन किया जा सके। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था और घर-घर कचरा संग्रहण प्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ ऑटो चालकों को निर्देश दिया कि घरों से कचरे का 100 प्रतिशत संग्रह सुनिश्चित किया जाए और सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा दिखाई न दे। आयुक्त ने कोतवालगुडा के पास स्थित इको हिल पार्क में चल रही तैयारियों का भी निरीक्षण किया, जिसका उद्घाटन जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना है। कर्णन ने कहा कि 99-दिवसीय 'प्रजा पालन -प्रगति प्रनालिका' कार्यक्रम के तहत जीएचएमसी शहर में ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली को और मजबूत करेगा तथा घर-घर कचरा संग्रहण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में कचरा जमा होने वाले स्थानों को समाप्त करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और हर दिन सुबह 9 बजे से पहले कचरे को उठाकर प्रसंस्करण इकाइयों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पार्कों का विकास, झीलों की सफाई और पुनरुद्धार, स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाना, नगर नियोजन, संपत्ति कर अनुपालन में सुधार और सड़क सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों को भी शामिल करेगा।

# मुद्दडा रविचंद्र ने टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी का पद संभाला



तिरुमला, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आईएएस अधिकारी मुद्दडा रविचंद्र ने शुक्रवार सुबह 7:34 बजे तिरुमला स्थित श्रीवारी मंदिर में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य सचिव के रूप में भी शपथ ली। उन्हें यह शपथ टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी च. वेंकैया चौधरी ने दिलाई। पदभार ग्रहण करने के बाद रविचंद्र और उनकी पत्नी ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने रंगनायकुला मंडपम में उन्हें वैदिक आशीर्वाद दिया। अतिरिक्त ईओ ने उन्हें तीर्थ प्रसाद भी भेंट किया। मंदिर के बाहर मीडिया से बातचीत में ईओ ने कहा कि पिछले एक महीने के दौरान उन्होंने तिरुमला से जुड़े कई पहलुओं को समझा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक भक्त के रूप में श्री वेंकटेश्वर के श्रद्धालुओं की सेवा करेंगे। उन्होंने बताया कि भक्तों से कई सुझाव और सिफारिशें प्राप्त हुई हैं, जिनकी वे व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करेंगे और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रूप से संतोषजनक अनुभव दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

# आरपीएफ के अधिकारी और कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

## आईजी आरपीएफ सुश्री अरोमा सिंह ठाकुर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। मौहलाली स्थित आरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में आरपीएफ की आईजी एवं प्रिंसिपल चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर सुश्री अरोमा सिंह ठाकुर ने रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (डीजी), आरपीएफ के प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर कुल 26 अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इनमें 2024 के गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 आरपीएफ कर्मी और 2025 के गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले 13 कर्मी शामिल हैं। इसके अलावा महाकुंभ मेला 2025 के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले दो अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। हैदराबाद की वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त सुश्री देबाश्मिता सी. बनर्जी को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री सिल्वर कप केस स्टडी जीतने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा दक्षिण मध्य रेलवे के छह आरपीएफ अधिकारियों को हाल ही में आयोजित 26वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए महानिदेशक की प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस आयोजन के संचालन के लिए अरोमा सिंह ठाकुर को भी डीजी का प्रशस्ति पत्र मिला। पुरस्कार प्रदान करते हुए अरोमा सिंह ठाकुर ने सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और यात्रियों तथा रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके समर्पण, पेशेवर दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि अनुशासन, टीमवर्क और कर्तव्यनिष्ठा ही बल की ताकत हैं, जो नई सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में मदद करती हैं। समारोह में आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे और उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वालों को बधाई दी। इस अवसर पर 204 प्रशिक्षु सब-इंस्पेक्टर कैडेट्स ने भी परेड के माध्यम से समारोह का साक्षात्कार किया।


दक्षिण मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.जीएनटी/एसजी/36/369, 370, 371, दि.27-02-2026

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु दि.23-03-2026 के 16.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

आयडी नं. 369 कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजन पर बहुत पुराने टेलिकाम एक्सचेंजेस का रिप्लेसमेन्ट या प्रतिस्थापन।
विज्ञापित निविदा मूल्य रु 3,74,20,700.00, अग्रधन/बोली सुरक्षा रु. 3,37,100.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रु. शून्य

आयडी नं. 370 कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजन पर एक्सचेंजेस की स्थापना या कमीशनींग से संबंधित दूर संचार व्यवस्थाएं।
विज्ञापित निविदा मूल्य रु 1,35,93,546.60, अग्रधन/बोली सुरक्षा रु. 2,18,000.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रु. शून्य

आयडी नं. 371 कार्य विवरणः जीएनटी डिवीजन के 71 संख्यक इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग & पैनल इन्टरलाकिंग स्टेशनों/गूमटीज पर एस्पायरेशन टाइप स्मोक डिटेक्शन सिस्टम का प्रावधान।
विज्ञापित निविदा मूल्य रु 6,80,77,319.24, अग्रधन/बोली सुरक्षा रु.4,90,400.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रु. शून्य

यदि निविदाएं खोलने की तिथि को तदनंतर छुट्टी घोषित होती हो तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा।
ई-बोलियों की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 23-03-26 के 16.00 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु हमारे वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।
किसी भी अधिक संचार/ शुध्दिपत्र को ई-पोर्टलः www.ireps.gov.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूर संचार अभियंता/गुंटूर

निविदा सूचना

वैध ए ग्रेड 11केवी या अधिक, इलेक्ट्रिक कान्ट्रैक्टर्स लाईसेंसधारी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।
भारत के राष्ट्रपति, बिजली शाखा की ओर से, चीफ वर्कशाप मैनेजर, दक्षिण मध्य रेलवे, वैगन वर्कशाप, गुन्टुपल्ली-521241 द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.30-03-2026 के 14-45 बजे तक मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं. जीआर/इ.29/1/212,** दि.02-03-2026, कार्य विवरणः डब्ल्यूडब्ल्यूएस/जीटीपीएल पर प्रोटेक्टिव रिले मेकानिज्म सहित बिजली संपत्ति अर्थात् वैक्युम सर्कूट ब्रेकर्स के साथ एचटी 4 पोल स्ट्रक्चर्स का रिप्लेसमेन्ट या प्रतिस्थापन। मात्राः 01, कार्य पूरा करने की अवधिः 6 महिने, निविदा मूल्य रु.70,63,768.34 (रु.सत्तर लाख तिरसठ हजार सात सौ अडसठ व चौंतीस पैसे मात्र), बोली सुरक्षा/जमा किया जानेवाला अग्रधन रु.1,41,300.00 (रु.एक लाख इकत्तालीस हजार तीन सौ मात्र), निविदा दस्तावेज मूल्य रु. निःशुल्क, वैध आफरः निविदा खोलने की तिथि से लेकर 60 दिन, निविदा का प्रकारः आईआरजीसीसी-2022 द्वारा अधिशासित कार्य निविदा, निविदा प्रणालीः खुली निविदा-एकल पैकेट, तत्समान स्वभाव का कार्यः लागू , बोली बंद करने की तिथि व समयः 30-03-2026 के 15.00 बजे, बोली खोलने की तिथि व समयः 30-03-2026 के 15.15 बजे, निविदा दस्तावेज एवं शुध्दिपत्र व परिवर्तन यदि कोई हो तो, वेबसाइटःhttps://www.ireps.gov.in देखें।

यदि निविदा खोलने की तिथि को छुट्टी घोषित होती है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा।

विभागीय बिजली अभियंता, वैगन वर्कशाप, गुन्टुपल्ली

निविदा सूचना सं.- सीआरएस-ई-13-25-26

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय. सीएमइ/सीआरएस/टीपीटीवाय द्वारा तत्संबंधित निविदा संख्या की निम्न विवरित बंद करने की तिथि की 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियों को केवल बंद तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य है तथा किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे दुर्लक्ष किया जायेगा।

**क्रम सं.1,** कार्य विवरणः निविदा सं.-सीआरएस-ई-13-25-26, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति पर वर्कशाप के भीतर विविध स्थानों पर एलटी पैनल्स (एमपीसीसी & एसपीसीसी) का रिप्लेसमेन्ट या प्रतिस्थापन। अनुमानित मूल्य रु.1,39,36,083.48, बोली सुरक्षा रु.2,19,700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 90 दिन, बंद करने की तिथिः23-03-26 के 11.00 बजे

**वेबसाइट विवरण**:www.ireps.gov.in

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति
निविदा शर्ते/अधिक जानकारी (निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध) तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग, शुध्दिपत्र हेतु कृपया हमारा वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in देखें।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

खुली ई-निविदा सूचना सं. डीआरएम/वर्क्स/बीजेडए/09/2026, दि.05-03-2026

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु तत्संबंधित तिथिनुसार 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित है।

**क्रम सं. 1,** निविदा सं.-ई-06-पूर्व-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः विजयवाडा डिवीजनः बीजेडए-जीडीवी व जीडीवी-एमटीएम सेक्शन्स (अप एण्ड डाउन)- (I) टीएफटीआर कार्य- कुल लम्बाई 2.000 किमी हेतु विविध स्थानों पर, चौडा करना/सेस्स मरम्मत, पानी के जमावडा को रोकने हेतु टो आफ बैंक के पास नीचले क्षेत्रों को भरना यथावत रूप से टो बैंक, प्रि कास्ट/कास्ट इनसिटु की व्यवस्था करते हुए, आरसीसी सेंट्रल एण्ड क्रास ड्रेन्स सीमित लम्बाई के प्रति जहां कहीं भी बाजू के ट्रैक्स के बीच अंतर ज्यादा हो (अप एण्ड डाउन), फार्मेशन में उंचाई 3 एम से कम हो या बराबर हो तत्संबंधित टीएफटीआर कार्य। (II) कुल लम्बाई 1.00 किमी हेतु विविध स्थानों पर, चौडा करना/सेस्स मरम्मत, पानी के जमावडा को रोकने हेतु टो आफ बैंक के पास नीचले क्षेत्रों को भरना यथावत रूप से टो बैंक, प्रि कास्ट/कास्ट इनसिटु की व्यवस्था करते हुए, आरसीसी सेंट्रल एण्ड क्रास ड्रेन्स सीमित लम्बाई के प्रति जहां कहीं भी बाजू के ट्रैक्स के बीच अंतर ज्यादा हो (अप एण्ड डाउन), फार्मेशन में उंचाई 3 एम से कम हो या बराबर हो तत्संबंधित टीएफटीआर कार्य। (अनुलग्नकनुसार संलग्न अनुमोदित स्थान)

कार्य पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, निविदा मूल्य रु. 1,35,92,326.00, अग्रधन रु.2,18,000.00, बंद करने की तिथिः 26-03-2026

**वेबसाइटः**www.ireps.gov.in
पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजो में निविदा शर्ते या अन्य कार्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य का नाम, उपरोक्त कार्य का तत्समान स्वभाव का कार्य, अर्हता मानदंड आदि उपलब्ध है।
भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के परिवर्तनों या शुध्दिपत्र को नोट करने हेतु निविदा बंद करने की तिथि से पहले वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।
इस निविदा सूचना को, विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), दमरे, विजयवाडा कार्यालय तथा विजयवाडा डिवीजन के एडीइएन उप विभागीय कार्यालयों पर भी दर्शाया गया है, जिसे देखा जा सकता है।

विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), विजयवाडा

A2605

संख्याः जी/ई.29/टीआर/ टेंडर्स/ 2025-26 दि.05-03-2026

निविदा सूचना संख्याः जी/ई.29/टीआर/टेंडर नोटिस/59/2025-26

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुन्टकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-91-2025-26 कार्य विवरणः जीटीएल डिवीजन आरयु-जीवाय-डीएमएम सेक्शन में सुरक्षा संबंधित नई ओएचइ स्ट्रक्चर सहित ट्रैक की वृध्दि या रेजिंग के कारण लीनिंग/क्रिटिकल एवं लेस्स कान्टैक्ट वायर हाइट ओएचइ स्ट्रक्चर्स का रिप्लेसमेन्ट या प्रतिस्थापन। अनुमानित मूल्य रु.1,66,77,604.00, अग्रधन रु.2,33,400.00

**निविदा बंद करने की तिथि व समयः** 26-03-2026 के 15.00 बजे

टिप्पणीः 1. निविदाकार, निविदा दस्तावेज को मुफ्त में www.ireps.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।
निविदा की बोली लगाने या टेंडर बिड्डिंग तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें।
शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुन्टकल

निविदा शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।


# केरल में विज्ञापनों पर तेलंगाना का पैसा खर्च करने का आरोप

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएसएलपी के उपनेता टी. हरीश राव ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह महंगे अखबारों के विज्ञापनों के जरिए केरल में पार्टी के चुनाव अभियान को वित्त पोषित करने के लिए सार्वजनिक धन का दुरूपयोग कर रही है।

उन्होंने कहा कि केरल चुनाव से पहले राज्य सरकार की उपलब्धियों को दिखाने के लिए मलयालम समाचार पत्रों में पूरे पृष्ठ के विज्ञापन दिए गए, जिन पर तेलंगाना के खजाने से करोड़ों रुपये खर्च किए गए। हरीश राव ने कहा, एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं कि योजनाओं को लागू करने के लिए खजाना खाली है, वहीं दूसरी तरफ तेलंगाना का पैसा दूसरे राज्य में राजनीतिक प्रचार पर खर्च किया जा रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों की तस्वीरों वाले विज्ञापनों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे साफ है कि तेलंगाना को कांग्रेस पार्टी के चुनाव अभियानों के लिए एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। बीआरएस नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राज्य के बाहर राजनीतिक प्रचार को प्राथमिकता दे रही है और तेलंगाना के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छह गारंटी और 420 से अधिक वादों के साथ सत्ता में आई थी, लेकिन अब तक कई प्रमुख वादे पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक सहायता, छात्रों के लिए कल्याणकारी योजनाएं और युवाओं के लिए रोजगार संबंधी वादे अभी तक पूरे नहीं किए गए हैं। हरीश राव ने आरोप लगाया कि जिन योजनाओं का तेलंगाना में जमीन पर अस्तित्व ही नहीं है, उनका केरल में इस तरह प्रचार किया जा रहा है मानो वे लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हों।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और कल्याण के लिए आवंटित धन को प्रचार अभियानों और विदेश यात्राओं पर खर्च किया जा रहा है, जबकि स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है और नौकरी की मांग कर रहे छात्रों पर सड़कों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। उन्होंने किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि निवेश सहायता में देरी हो रही है और फसल बोनस व कर्ज माफी के वादे भी प्रभावी ढंग से लागू नहीं किए गए हैं। इसके अलावा बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए बढ़ी हुई पेंशन जैसी कल्याणकारी घोषणाएं भी अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। हरीश राव ने कहा कि केरल में विज्ञापनों पर किया गया खर्च उस व्यापक पैटर्न का हिस्सा है, जिसमें तेलंगाना के संसाधनों का उपयोग अन्य राज्यों में कांग्रेस पार्टी को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र, बिहार और दिल्ली जैसे राज्यों में भी कांग्रेस के राजनीतिक अभियानों के लिए तेलंगाना के पैसे का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने मांग की कि कांग्रेस पार्टी विज्ञापनों पर खर्च किए गए सार्वजनिक धन की भरपाई करे और भविष्य में इस तरह के खर्च से बचे। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को तेलंगाना के फंड को राज्य के बाहर पार्टी प्रचार पर खर्च करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है और केरल के लोगों से कांग्रेस के जाल में न फंसने की अपील की।



कुमावत समाज उप्पल काचवानी सिंगारम समाज बन्धुओं द्वारा आयोजित होली महोत्सव के पावन अवसर पर रंगारंग गैर नृत्य, होली दहन, बच्चों की ढूंढ, भोजन-प्रसादी कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक अमरचन्द अडाणीया, परामर्शदाता श्रवणकुमार मालीवाड़, अध्यक्ष भींयाराम मंगलोडा, उपाध्यक्ष लिख्माराम मनावत, सचिव रमेश अडाणीया, कोषाध्यक्ष नोरतमल एकलीया, सहसचिव हड़मान बाकरेचा, प्रचार मंत्री हरजी बाकरेचा, पदाधिकारी व समाज बन्धु।



दम्माईगुडा स्थित श्री वैष्णव धाम राम मंदिर में तेलंगाना वैष्णव समाज बन्धुओं द्वारा आयोजित होली महोत्सव के पावन अवसर पर रंगारंग गैर नृत्य, होली दहन, बच्चों की ढूंढ, भोजन-प्रसादी कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष विष्णु रामावत, उपाध्यक्ष बाबूलाल टीलावत, महासचिव संतोष टीलावत, पदाधिकारी व समाज बन्धु।

# प्रजा पालना कार्यक्रम के तहत सूचना विभाग कार्यालय में पौधारोपण



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार द्वारा 6 मार्च से 12 जून तक 99 दिनों के लिए आयोजित किए जा रहे 'प्रजा पालना-प्रगति प्रणालिका' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मसाब टैंक स्थित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग की विशेष आयुक्त सी.एच. प्रियंका ने कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय परिसर और विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक सेक्शन में फाइलों को व्यवस्थित और साफ-सुथरे तरीके से रखा जाए तथा लंबित फाइलों का शीघ्र निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के बाद पुरानी वार्षिक फाइलों को स्टोर रूम में क्रमबद्ध तरीके से सुरक्षित रखा जाए और अलमारियों तथा डेस्क में केवल चालू फाइलें ही रखी जाएं। विशेष आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने कक्षों तथा आसपास के परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक किशोर बाबू, अतिरिक्त निदेशक डी.एस. जगन, मुख्य सूचना अभियंता वी. राधाकिशन, जनसंपर्क अधिकारी जे. रामुलु और पी. जयराम मूर्ति, उप निदेशक एम. मधुसूदन, वाई. वेंकटेश्वरलु, एस.ए. हश्मी, राजारेड्डी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# पीएम की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना ने समाज में बड़ा परिवर्तन : राव

## भाजपा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। दिल्ली की सांसद बंसुरी स्वराज मुख्य अतिथि रहीं, जबकि महबूबनगर की सांसद डी.के. अरुणा भी कार्यक्रम में मौजूद थीं। इस अवसर पर रामचंद्र राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को सम्मान और नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति' केवल भाजपा का नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण से जुड़ा एक राष्ट्रीय मिशन है। उन्होंने कहा कि पहले देश में कन्या जन्म को लेकर नकारात्मक सोच थी और कई स्थानों पर भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय घटनाएं भी होती थीं।

लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना ने समाज में बड़ा परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों परिवारों को एलपीजी कनेक्शन मिला है, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और रसोई में धुएं की समस्या कम हुई है।

रामचंद्र राव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें कई घर महिलाओं के नाम पर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं बस चला रही हैं, व्यवसाय चला रही हैं और विभिन्न संगठनों का नेतृत्व कर रही हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि द्रौपदी मुर्मू के रूप में देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिली हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हुआ है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

## पूर्व विधायक बल्का सुमन ने केसीआर से की मुलाकात

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। चेन्नूर के पूर्व विधायक बल्का सुमन ने शुक्रवार को सिद्धिपेट जिले के एर्रावेली गांव स्थित अपने आवास पर बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। हाल ही में क्यातनपल्ली नगर पालिका चुनाव के दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा दर्ज किए गए एक मामले में बल्का सुमन को हिरासत में लिया गया था। कुछ दिन पहले ही उन्हें जमानत मिल गई थी और वे रिहा हुए थे। मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी गिरफ्तारी से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में के. चंद्रशेखर राव को विस्तार से जानकारी दी।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम

## > टूर्नामेंट में 88 सिक्स भी लगाए > संजू ने कोहली की बराबरी की




मुंबई, 6 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने इंग्लैंड को हराकर चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। टीम इंडिया 4 वर्ल्ड टी-20 फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से मात दी। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में इस बार 88 छक्के भी पूरे कर लिए। टीम ने एक एडिशन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी बना दिया। वहीं संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेलते हुए टी-20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय द्वारा सबसे बड़ी पारी खेलने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली।

**भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम**

भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। इससे पहले भारतीय टीम 2007, 2014 और 2024 में फाइनल खेल चुकी थी। पाकिस्तान, श्रीलंका और इंग्लैंड ने 3-3 फाइनल खेले हैं। 2026 में फाइनल में पहुंचकर भारत ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टीम लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप (2024 और 2026) फाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी टीम भी बन गई। इससे पहले पाकिस्तान (2007, 2009) और श्रीलंका (2012, 2014) ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे। भारत आईसीसी व्हाइट बॉल टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगा। टीम 2023 में वनडे वर्ल्ड कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल भी खेल चुकी है।

**एक टी-20 वर्ल्ड कप मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगे**

भारत और इंग्लैंड ने मिलकर 34 छक्के लगाए, दोनों ने टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड बना दिया। इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे का मैच है। दोनों टीमों ने मिलकर तब 31 सिक्स लगाए थे। मुंबई में खेले गए सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड के मैच में चौकों की भी बारिश हुई। मुकाबले में कुल 73 बाउंड्री (39 चौके और 34 छक्के) लगे, जो टी-20 वर्ल्ड कप के किसी एक मैच में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले इसी मैदान पर 2016 में इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के मैच में 61 बाउंड्री लगी थीं।

**भारत-इंग्लैंड मैच में 499 रन बने**

मुंबई में खेले गए भारत और इंग्लैंड के मुकाबले में दोनों टीमों ने मिलकर 499 रन बनाए, जो टी-20 इंटरनेशनल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा मैच टोटल है। इस रिकॉर्ड में पहला स्थान 2023 में सेंचुरियन में खेले गए साउथ अफ्रीका-वेस्टइंडीज मैच (517 रन) का है।

**भारत ने एक इनिंग में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने की बराबरी की**

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच की एक पारी में 19 छक्के लगाकर टी-20 वर्ल्ड कप के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इससे पहले 2014 में नीदरलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ सिलहट में 19 छक्के लगाए थे। 2026 में ही वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मुंबई में 19 छक्के जड़े। इस रिकॉर्ड में भारत का जिम्बाब्वे के खिलाफ चेन्नई में बनाया गया 17 सिक्स का प्रदर्शन भी शामिल है।

**भारत ने छठी बार 250+ का स्कोर बनाया**

भारत टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली टीम बन गई है। टीम ने अब तक 6 बार 250+ का स्कोर बनाया है। इस मामले में दूसरे नंबर पर आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) है, जिसने 5 बार यह आंकड़ा पार किया है। वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और इंग्लिश काउंटी टीम सरे ने 3-3 बार 250+ का स्कोर बनाया है।

8. संजू ने भारत के लिए एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा सिक्स लगाए संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 16 छक्के लगाकर एक एडिशन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बनने का रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने रोहित शर्मा के 2024 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। तब रोहित ने 15 छक्के लगाए थे। 2026 में ही शिवम दुबे भी 15 सिक्स लगा चुके हैं। वहीं ईशान किशन और हार्दिक पांड्या ने 14-14 छक्के जड़े। युवराज सिंह ने 2007 वर्ल्ड कप में 12 सिक्स लगाए थे। इंग्लैंड के जैकब बेथेल ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 45 गेंदों में शतक लगाया। यह वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे तेज शतक रहा। इस रिकॉर्ड में पहला स्थान न्यूजीलैंड के फिन एलन के नाम है, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में महज 33 गेंद पर सेंचुरी लगा दी थी।

### संजू ने कोहली की बराबरी की

संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप नॉकआउट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीयों में विराट कोहली की बराबरी पर पहुंच गए। संजू ने इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन बनाए। कोहली ने 2016 के सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज के खिलाफ 89 रन बनाए थे। इस रिकॉर्ड में विराट कोहली का दबदबा दिखता है। उन्होंने 2014 और 2024 के नॉकआउट मुकाबलों में भी बड़ी पारियां खेली थीं, जबकि 2007 के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ गौतम गंभीर की 75 रन की पारी भी भारत की सबसे अहम नॉकआउट पारियों में शामिल है।

### भारत का टी-20 वर्ल्ड कप में दूसरा बेस्ट स्कोर

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर रिकॉर्ड 256 रन है, जो टीम ने इसी वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में बनाया था। ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में यह चौथा सबसे बड़ा स्कोर रहा। श्रीलंका के नाम टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड है, टीम ने केन्या के खिलाफ 2007 में 260 रन बनाए थे।

### भारत एक टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली टीम

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत ने सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में 88 सिक्स लगाए, जो किसी एक एडिशन में किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा हैं। इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज है, जिसने इसी साल 76 छक्के लगाए। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका (72 सिक्स) रही। इससे पहले 2024 में वेस्टइंडीज ने 62 और भारत ने 61 छक्के लगाए थे।

### लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल खेलने वाली टीम

| टीम | साल |
|---|---|
| पाकिस्तान | 2007, 2009 |
| श्रीलंका | 2012, 2014 |
| भारत | 2024, 2026 |

## अक्षर और दुबे के कैच ने पलटा मैच

### > ब्रूक ने सैमसन का कैच 15 रन पर छोड़ा



मुंबई, 6 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड को 7 रन से सेमीफाइनल हरा दिया। मुकाबले में कई अहम मोमेंट्स देखने को मिले।

कप्तान हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच 15 रन पर छोड़ दिया, सैमसन ने 89 रन बना दिए। ऑलराउंडर अक्षर पटेल और शिवम दुबे के शानदार पार्टनरशिप कैच ने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। स्टेडियम में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा भी यह मुकाबला देखने पहुंचे। टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत-इंग्लैंड के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। मैच से पहले रवि शास्त्री और ऑएन मोर्गन टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लेकर मैदान में आए। भारत के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान एमएस धोनी और रोहित शर्मा मैच देखने वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। भारतीय बल्लेबाजी के 19वें ओवर में तिलक वर्मा ने आर्चर की गेंद पर छक्का लगाया। इस दौरान धोनी और रोहित ने ताली बजाकर शॉट को सराहा।

### इंग्लैंड के हेड कोच की भूमिका पसंद, जारी रखना चाहता हूं : ब्रेंडन मैकुलम

मुंबई, 6 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गई है। इंग्लैंड को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ हुए सेमीफाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड टीम के विश्व कप से बाहर होने से हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम निराश हैं, लेकिन वह इंग्लैंड की कप्तानी आगे भी जारी रखना चाहते हैं। मैच के बाद ब्रेंडन मैकुलम ने कहा, उन्हें इंग्लैंड टीम के हेड कोच की भूमिका बेहद पसंद है और वह इसे जारी रखना चाहते हैं। यह काम चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में टीम ने कई अच्छी उपलब्धियां भी हासिल की हैं। अभी भी इंग्लैंड टीम के पास सभी फॉर्मेट में काफी कुछ हासिल करने का मौका है। आने वाले समय में टीम को यह समझना होगा कि क्या चीजें सही काम कर रही हैं और किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है, ताकि भविष्य में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।

## बुमराह एक जादुई जिनी हैं-डु प्लेसिस



स्पोर्ट्स डेस्क, 6 मार्च (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 7 रन से सेमीफाइनल हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। संजू सैमसन ने 89 रन बनाए, वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वहीं बॉलिंग में जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने 10 से कम की इकोनॉमी से रन खर्च करते हुए भारत को करीबी मुकाबला जिताया। भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने कहा कि भारत की फील्डिंग टर्निंग पॉइंट रही। वहीं सचिन तेंदुलकर ने कहा कि संजू सैमसन ने लगातार दूसरे मैच में भारत को बैटिंग से मजबूत शुरुआत दिलाई। वर्ल्ड कप विनिंग प्लेयर युवराज सिंह बोले कि जैकब बेथेल एक स्पेशल टैलेंट हैं।

**नॉकआउट वाला माइंडसेट नजर आया-तेंदुलकर**

सचिन तेंदुलकर बोले, आप रन, पार्टनरशिप और स्ट्राइक रेट नाप सकते हैं, लेकिन असली काम इंटेंट का है। भारत का बैटिंग में पोजिटिव अप्रोच और बॉलिंग में शांत स्वभाव पसंद आया। नॉकआउट मैचों में यही माइंडसेट काम आता है। संजू सैमसन को देखकर अच्छा लगा, जिन्होंने अपना फॉर्म जारी रखा और टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। फाइनल का इंतजार है।

**सैमसन खुद को पहचान रहे हैं- शास्त्री**

रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, सैमसन ने खुद को पहचानना शुरू कर दिया है। वे जान रहे हैं कि कंसिस्टेंट रहना बहुत जरूरी है। वे अपनी स्ट्रेंथ पर विश्वास कर रहे हैं और सही शॉट सिलेक्शन कर रहे हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने अपना माइंडसेट स्ट्रॉन्ग कर लिया है।

साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा, बुमराह एक सुपरपावर हैं, जो हर कप्तान चाहता है। वे एक जादुई जिनी की तरह हैं। आप लैंप को रगड़ो और उसमें से बुमराह निकल आएं।

**इरफान बोले-बुमराह मेरे प्लेयर ऑफ द मैच**

पूर्व भारतीय बॉलर इरफान पठान ने कहा, 500 रन के मैच में मेरे प्लेयर ऑफ द मैच तो जसप्रीत बुमराह ही हैं। उन्होंने 8.25 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, उनकी बॉलिंग ही डिफरेंस साबित हुई। अक्षर पटेल ने भी 2 बेहतरीन कैच पकड़े। युसुफ पठान बोले, भारत ने बेहतरीन टीम एफर्ट दिखाया। संजू सैमसन ने शानदार पारी खेली। अक्षर पटेल फील्ड में आउटस्टैंडिंग रहे। बुमराह के 18वें ओवर ने मैच पूरी तरह से पलट के रख दिया। शानदार जीत।

**जैकब बेथेल स्पेशल टैलेंट-युवराज सिंह**

भारत के वर्ल्ड कप विनिंग प्लेयर युवराज सिंह ने कहा, फाइनल, हम आ रहे हैं। क्या बेहतरीन क्रिकेट मैच रहा। बहुत बड़ा स्कोर, लेकिन लड़के आखिर तक शांत रहे। वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में इसी तरह की फाइट चाहिए। संजू सैमसन ने फिर एक बार बेहतरीन पारी खेली, लेकिन जैकब बेथेल की जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है।




## 'सोशल मीडिया और फोन से बनाई दूरी'

### > संजू सैमसन ने दमदार वापसी का राज बताया



मुंबई, 6 मार्च (एजेंसियां)। संजू सैमसन की प्रतिभा और क्षमता पर कभी सवाल नहीं था, लेकिन अपनी क्षमता को निरंतरता के साथ प्रदर्शित न कर पाना उनकी सबसे बड़ी कमजोरी के रूप में उभरी थी। अपनी इस कमी को संजू ने टी20 क्रिकेट के महाकुंभ टी20 विश्व कप 2026 में दूर किया है और लगातार मैचों में विस्फोटक पारियां खेलते हुए भारत को फाइनल का टिकट दिलाया है। सैमसन की पिछली मैचों में खेली गई पारियों ने उनके बारे में क्रिकेट आलोचकों की तमाम धारणाएं बदल ही हैं। अपने इस करिश्माई प्रदर्शन के लिए संजू ने खेल के साथ ही अपने दिमाग पर भी काम किया है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, टूर्नामेंट से पहले का समय उनके लिए आसान नहीं था। टीम में जगह न मिलना मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान वह टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए काफी कोशिश कर रहे थे और शायद इसी वजह से वह थोड़ा ज्यादा दबाव में खेल रहे थे।

उन्होंने कहा, पीछे मुड़कर देखने पर महसूस हुआ कि उन्हें खेल को थोड़ा शांत दिमाग से लेना चाहिए था। टी20 क्रिकेट भले ही तेज और आक्रामक फॉर्मेट है, लेकिन इसमें भी धैर्य और बेसिक्स का उतना ही महत्व है। दुनिया के कई बड़े बल्लेबाज भी इस फॉर्मेट में लगातार रन बनाने के लिए संघर्ष करते हैं, इसलिए खेल के मूल सिद्धांतों का सम्मान करना जरूरी है। सैमसन ने कहा, मैंने खेल की बुनियादी बातों पर फिर से काम किया और खुद को बेहतर तरीके से तैयार किया। इसी बदलाव की वजह से टूर्नामेंट में अब तक सफलता मिली है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, मुझे लगता है कि जब मुश्किल समय आ रहा था, तो मेरे करीबी लोग, जिन लोगों से मैं प्यार करता हूं, जिन्हें मैं सपोर्ट करता हूं, वे मेरे साथ थे। मैंने अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया पर नहीं था, अभी भी नहीं हूं, इसलिए कम लोग मुझसे इंटरैक्ट कर रहे थे। मुझे लगता है कि इससे मुझे सही दिशा में फोकस करने में सच में मदद मिली और मैं बहुत खुश हूं कि मैं जैसा कर रहा हूं। वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला गया मुकाबला नॉकआउट मुकाबले की तरह था। पारी की शुरुआत करने आए सैमसन ने इस मैच में 50 गेंदों पर नाबाद 97 रन की पारी खेल भारतीय टीम को जीत दिलाई और सेमीफाइनल में पहुंचाया। सेमीफाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से था। सैमसन ने 42 गेंदों पर 89 रन की विस्फोटक पारी खेली और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दोनों पारियां दबाव वाले ऐसे समय में खेली गईं जब टीम को उसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

### ब्रेंडन मैकुलम से प्रेरणा लेती है टीम, कोच के रूप में उन्हें मेरा समर्थन : हैरी ब्रूक

मुंबई, 6 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गई है। गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को भारत से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की हार के बाद सबसे ज्यादा आलोचना का शिकार टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम हैं।

बतौर कोच मैकुलम के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। आलोचना के बीच ब्रेंडन मैकुलम को इंग्लैंड टीम के कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन मिला है। ब्रूक मैकुलम को इंग्लैंड का हेड कोच बनाए रखने के पक्ष में हैं। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के बाद हुए प्रेस कांफ्रेंस में हैरी ब्रूक ने कहा कि अगर ईसीबी ब्रेंडन मैकुलम को हेड कोच बनाए रखने के बारे में उनकी राय पूछेगी तो वह निश्चित रूप से उनके पक्ष में अपनी राय रखेंगे। ब्रूक ने कहा, जिस तरह से वह सबसे बात करते हैं, जिस तरह से ड्रेसिंग रूम में उनका एक औरा है, हर कोई उनसे प्रेरणा लेता है।

## फाइनल में बारिश बनी बाधा तो भारत-न्यूजीलैंड में कौन बनेगा चैंपियन



नई दिल्ली, 6 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में 7 रन के करीबी जीत दर्ज की। अब इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड के साथ रविवार यानी 8 मार्च को खेला जाएगा। अब अगर फाइनल में बारिश बाधा बनती है तो दोनों में से कौन टीम चैंपियन बनेगी और क्या फाइनल के लिए रिजर्व डे का प्रावधान है, आइए इसके बारे में आपको बताते हैं।

**फाइनल के लिए रखा गया है रिजर्व डे**

आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल के लिए भी रिजर्व डे रखा हुआ है। 8 मार्च को फाइनल मुकाबले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा, और अगर ये मैच बारिश की वजह से नहीं हो पाता है तो फिर 9 मार्च यानी सोमवार को ये मैच खेला जाएगा। यहां ये बात गौर करने वाली है कि अगर 8 मार्च को कुछ देर मैच खेला गया और उसके बाद बारिश हो गई तो फिर 9 मार्च को मैच वहीं से शुरू होगा। अगर 8 को बारिश की वजह से मैच नहीं हुआ तो 9 मार्च को इसे नए सिरे से खेला जाएगा।

फाइनल मैच में नतीजा निकालने के लिए दोनों टीमों को कम से कम 10-10 ओवर का मैच खेलना जरूर होगा। हालांकि अन्य टी20आई मुकाबले में 5-5 में ही नतीजा निकल जाता है, लेकिन आईसीसी के वर्ल्ड कप नियम के मुताबिक फाइनल में कम से कम दोनों टीमों के लिए 10-10 ओवर खेलना जरूरी होता है।

**अगर नहीं हुआ मैच तो दोनों टीमें बनेंगी संयुक्त विजेता**

फाइनल मैच के लिए आईसीसी ने कट ऑफ टाइम के लिए 90 मिनट अतिरिक्त दिए हुए हैं। वहीं रिजर्व डे में कट ऑफ टाइम 120 मिनट होगा। वहीं रिजर्व डे के दिन भी बारिश आ जाती है तो मैच का नतीजा नहीं निकल पाता है तो दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर दिया जाएगा।

# एसएचजी महिला सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : पोन्नम



## मंत्री ने ई-वेस्ट संग्रह केंद्र का उद्घाटन किया

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के परिवहन मंत्री और हैदराबाद जिला प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। शुक्रवार को मसाब टैंक स्थित चाचा नेहरू पार्क में जीएचएमसी सीमा के अंतर्गत 'प्रजा पालन-प्रगति प्रणालिका' 99-दिवसीय कार्य योजना कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में यह पहल राज्य के गांवों, वार्डों और नगरों से लेकर राजधानी तक विकास कार्यों को तेज करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले मंत्री ने पार्क में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि यह 99-दिवसीय कार्यक्रम तेलंगाना के लगभग 12,000 गांवों, वार्डों और नगरपालिकाओं में चलाया जाएगा, जिसमें विकास, जनभागीदारी और सामाजिक सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर ई-वेस्ट संग्रह केंद्र का उद्घाटन भी किया गया। मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे पुराने टीवी, फ्रिज, कंप्यूटर और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान घरों में रखने के बजाय निर्धारित केंद्रों पर जमा कर सुरक्षित रीसाइक्लिंग में सहयोग करें। पार्क में करीब 1500 वर्ग गज क्षेत्र में स्थापित 'मिरर लाइब्रेरी' का भी उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय लोगों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना है। इसके लिए नागरिकों को पुस्तक दान करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम के तहत 'इंदिरा महिला शक्ति कैंटीन' की शुरुआत भी की गई, जिसका संचालन महिला स्वयं सहायता समूह करेंगे, जिससे महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड, बारीक चावल की आपूर्ति और पात्र परिवारों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने महिलाओं से अधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे शून्य ब्याज ऋण का उपयोग कर स्वरोजगार शुरू करने का आह्वान किया। साथ ही, सिटविन जैसी प्रशिक्षण एजेंसियों के माध्यम से सिलाई मशीन वितरण सहित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से भी लाभ उठाने की अपील की। इस कार्यक्रम में सांसद अनिल कुमार यादव, एमएलसी बालमुरी वेंकट, हैदराबाद ग्रंथालय समिति के अध्यक्ष के. उपेंद्र रेड्डी, जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन, हैदराबाद जिला कलेक्टर हरिचंदना दासरी सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# यूपीएससी परीक्षा में पेद्दापल्ली की सृजना को 55वीं रैंक



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणामों में तेलंगाना की गुडेली सृजना ने 55वीं रैंक हासिल की है। पेद्दापल्ली जिले की रहने वाली सृजना वर्तमान में डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं और हैदराबाद स्थित पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। आंध्र प्रदेश के जीनु श्री जसवंत चंद्र ने 23वीं रैंक प्राप्त कर तेलुगु भाषी राज्यों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। बताया जा रहा है कि तेलुगु भाषी राज्यों से लगभग 30 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य सफल उम्मीदवारों में बनोथ लक्ष्मी रचना (178), डीएसके प्रचेत (193), एस वर्शित रेड्डी (259), मसम्मगरी पवन कुमार रेड्डी (297), सोरोतु रामू (463), वेलिमिनेटी विक्रम सिम्हा रेड्डी (541), धनंजय आर (554) और स्वेता गुम्माला (573) शामिल हैं। हैदराबाद और वारंगल से कुल 47,817 उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 28,209 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें हैदराबाद से 25,787 और वारंगल से 2,422 उम्मीदवार थे। कुल 14,161 उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए योग्य घोषित किया गया। यूपीएससी ने आईएएस, आईएफएस, आईपीएस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की है। ये परिणाम अगस्त 2025 में हुई लिखित परीक्षा और दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच आयोजित साक्षात्कार के आधार पर घोषित किए गए हैं। आयोग के अनुसार 348 उम्मीदवारों की उम्मीदवारी अस्थायी रखी गई है, जबकि दो उम्मीदवारों के परिणाम रोक दिए गए हैं। यूपीएससी ने कुल 1,087 रिक्तियों की अधिसूचना जारी की थी, जिनमें 180 आईएएस, 55 आईएफएस और 150 आईपीएस पद शामिल हैं।

# महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए : डॉ. ज्योतिर्मयी

## एमजीआईटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। महात्मा गांधी इंस्टीट्यट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमजीआईटी) की महिला विकास समिति (डब्ल्यूडीसी) ने शुक्रवार को संस्थान परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में उप-प्राचार्य प्रो.के. सुधाकर रेड्डी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि प्राचार्य डॉ.जी. चंद्रमोहन रेड्डी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लड़कियां लड़कों के बराबर ही नहीं, बल्कि कई मामलों में उनसे आगे हैं। डब्ल्यूडीसी की अध्यक्ष डॉ.जी. माधवी ने समिति द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएसएस के सहयोग से महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इसके अलावा महिला संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्राओं के कल्याण और सशक्तिकरण पर केंद्रित कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनसे आत्मविश्वास बढ़ाने, आपसी सहयोग और सकारात्मक माहौल बनाने में मदद मिलती है।

मुख्य अतिथि डॉ.टी. ज्योतिर्मयी (एमएससी, पीएचडी-बायोकेमिस्ट्री), जो सीएसआईआर-सीएफटीआरआई संसाधन केंद्र, हैदराबाद की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और प्रमुख रह चुकी हैं, ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने पर्याप्त नींद और आराम के महत्व पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को उद्यमिता के लिए प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत जैसे गुण विकसित करने की सलाह दी।

साथ ही उन्होंने कहा कि केवल 'ऑर्गेनिक फूड', 'कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल' और 'रिफाइंड फूड' जैसे शब्दों से प्रभावित न हों, बल्कि मौसमी और स्थानीय खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दें। विशिष्ट अतिथि अरुणा रागु, हेड-व्हीकल सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर, एल्सटॉम, बेंगलुरू ने कहा कि महिलाओं को जीवन में कई बाधाओं को तोड़ना होगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि परिवार का सहयोग, अच्छा कार्य वातावरण और कार्य-जीवन संतुलन जैसी सुविधाएं मिलने पर महिलाएं असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं।

# मेडिकल डिवाइसेस पार्क के विस्तार की योजना ठप

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के दो साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद सुल्तानपुर स्थित मेडिकल डिवाइसेस पार्क के विस्तार की योजना में अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी है। सरकार ने जीवन विज्ञान क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए तेलंगाना नेक्स्ट-जेन लाइफ साइंसेज पॉलिसी 2026-2030 की घोषणा भी की है, लेकिन जमीनी स्तर पर विस्तार योजना आगे नहीं बढ़ पाई है। सुल्तानपुर में मेडिकल डिवाइसेस पार्क की स्थापना वर्ष 2017 में तत्कालीन बीआरएस सरकार ने मेड इन तेलंगाना उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी। लगभग 300 एकड़ में फैले इस पार्क में वर्तमान में 65 कंपनियां काम कर रही हैं और यहां से 89 से अधिक देशों को उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। बताया जाता है कि यह सुविधा एशिया का सबसे बड़ा स्टेंट निर्माण केंद्र है, जिसकी उत्पादन क्षमता लगभग 10 लाख स्टेंट और 12 लाख बैलून कैथेटर की है। यहां स्थित कंपनियां न्यूनतम चीर-फाड़ वाली कोरोनरी प्रणाली, सर्जिकल उत्पाद, नेत्र उपकरण, कॉस्मेटिक और दंत चिकित्सा उपकरण तथा मेडिकल ड्रेसिंग जैसे उत्पाद बनाती हैं। पिछली सरकार ने इस पार्क को और 300 एकड़ तक विस्तार देने की योजना बनाई थी। इसके लिए रंगारेड्डी जिले के चंदनवेल्ली में जमीन की पहचान भी की गई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बदलने से यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। बाद में सुल्तानपुर के पास भी जमीन का निरीक्षण किया गया, लेकिन निजी स्वामित्व और पत्थर की खदानों के कारण उसे उपयुक्त नहीं पाया गया। तेलंगाना औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (टीजीआईआईसी) के अधिकारियों के अनुसार लगभग 300 एकड़ जमीन की तलाश जारी है। भारत फ्यूचर सिटी और जहीराबाद के औद्योगिक क्षेत्र में कुछ स्थानों पर विचार किया गया है, लेकिन प्रशासनिक कारणों से प्रक्रिया अभी रुकी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा पार्क लगभग पूरी तरह भर चुका है, इसलिए इसके विस्तार या नए पार्क की स्थापना पर चर्चा जारी है।

# एयरपोर्ट रोड पर एसयूवी पलटने से चार लोग घायल

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को शमशाबाद के पास एयरपोर्ट रोड पर एक एसयूवी के पलटने से कम से कम चार लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार वाहन कथित तौर पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क के डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर के बाद वाहन पलट गया, जिससे चालक और उसमें सवार यात्री घायल हो गए। सूचना मिलने पर शमशाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को उपचार के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए व्यस्त सड़क पर यातायात भी बाधित रहा। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चारमीनार पर ईरान के समर्थन में विरोध प्रदर्शन



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में शहर में प्रदर्शन जारी हैं। इसी क्रम में तेलंगाना संयुक्त कार्रवाई समिति ने शुक्रवार को चारमीनार पर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार की नमाज के बाद चारमीनार क्षेत्र में सैकड़ों लोग एकत्र हुए और उन्होंने अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या तथा इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने ईरान पर हो रहे हमलों को तुरंत रोकने की मांग की और स्कूली बच्चों की हत्या को बर्बर कृत्य बताया। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को लंगर हाउज़ क्षेत्र में भी एक अन्य समूह द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।

## परीक्षा में असफलता से परेशान छात्र ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके कीसारा के चिर्याला गांव में गुरुवार को 17 वर्षीय इंटरमीडिएट के एक छात्र ने कथित तौर पर अपने घर में आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गौतम रेड्डी के रूप में हुई है, जो चिर्याला के एसएलएनएस कॉलोनी का रहने वाला और इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष का छात्र था। पुलिस के अनुसार वह भवन कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। बताया गया है कि परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे, तभी गौतम रेड्डी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्र तीन परीक्षाओं में अच्छे अंक नहीं ला पाने के कारण तनाव में था। माना जा रहा है कि पढ़ाई को लेकर निराशा के चलते उसने यह कदम उठाया। सूचना मिलने पर कीसारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## मौसम विज्ञान केंद्र को बम से उड़ाने की झूठी सूचना

हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को बेगमपेट स्थित मौसम विज्ञान केंद्र को बम से उड़ाने की झूठी सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी और कई स्थानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को सुबह करीब 6 बजे एक अज्ञात व्यक्ति की ओर से ईमेल मिला, जिसमें परिसर के अंदर विस्फोटक उपकरण होने की चेतावनी दी गई थी। कर्मचारियों ने सुबह करीब 9:30 बजे ईमेल देखा और तुरंत उच्च अधिकारियों तथा स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद एहतियात के तौर पर कर्मचारियों को इमारत से बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और खोजी टीमों को मौके पर बुलाया गया और पूरे परिसर की गहन जांच की गई। बेगमपेट पुलिस के अनुसार जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और यह सूचना झूठी साबित हुई। फिलहाल पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और ईमेल भेजने वाले शरारती तत्वों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

# यातायात जागरूकता के लिए सड़कों पर उतरे 'यमराज'



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने एक अनोखी पहल शुरू की है। इसके तहत शहर के व्यस्त ट्रैफिक चौराहों पर यमराज के रूप में सजे कलाकारों को तैनात किया गया है, जो नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को चेतावनी देते हैं। हाल के दिनों में शहर के कई प्रमुख चौराहों पर वाहन चालकों का सामना यमराज के वेश में खड़े एक व्यक्ति से हो रहा है, जो पारंपरिक पोशाक और हाथ में गदा लेकर लोगों को लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों के बारे में सचेत करता है।

ट्रैफिक पुलिस ने यह अभियान सर्वेजना फाउंडेशन जैसे गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से शुरू किया है। इसका उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उल्लंघन करने वालों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालना है। इस दौरान कलाकार वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, शराब पीकर वाहन न चलाने, गति नियंत्रित रखने और सीट बेल्ट लगाने की सलाह देते हैं। साथ ही गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने के लिए भी जागरूक किया जाता है। ट्रैफिक अधिकारियों के अनुसार यह अभियान दुर्घटना संभावित चौराहों और व्यस्त मार्गों पर चलाया जा रहा है। पुलिस कर्मी इस दौरान लोगों को पर्चे भी बांट रहे हैं, जिनमें यातायात नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले दंड की जानकारी दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जागरूकता और सख्ती के जरिए सड़क हादसों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# आईजीबीसी ग्रीन तेलंगाना शिखर सम्मेलन का आयोजन



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, वास्तुकारों, शहरी योजनाकारों और स्थिरता विशेषज्ञों की भागीदारी के साथ सीआईआई इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) ने शुक्रवार को आईजीबीसी ग्रीन तेलंगाना शिखर सम्मेलन 2026 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। 'स्मार्ट, ग्रीन और नेट जीरो: तेलंगाना के निर्मित पर्यावरण को एक साथ रूपांतरित करना' विषय पर आयोजित इस शिखर सम्मेलन में टिकाऊ निर्माण प्रथाओं, जलवायु अनुकूल शहरी नियोजन, नेट-जीरो इमारतों और स्मार्ट तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य तेलंगाना को कम कार्बन और पर्यावरण के अनुकूल निर्माण व्यवस्था की ओर आगे बढ़ाना है। दिन भर चले इस कार्यक्रम में कई सत्र, पैनल चर्चा और तकनीकी प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें टिकाऊ शहरों के विकास के लिए वैश्विक अनुभव, नीतिगत ढांचे और नई तकनीकों पर विचार किया गया। उद्घाटन सत्र में अमेरिका के डेलावेयर राज्य के गवर्नर मैट मेयर, एएसएचआरएई के अध्यक्ष बिल मैकक्केड, आईजीबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी. शेखर रेड्डी, नारेडको तेलंगाना के अध्यक्ष विजय साई मेका, आईजीबीसी हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष श्रीनिवास मूर्ति और आईजीबीसी के उप कार्यकारी निदेशक एम. आनंद मौजूद रहे।

# जंगलों में बढ़ रही वन्यजीवों की संख्या



खम्मम, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। वन विभाग द्वारा पर्यावास संरक्षण और वन संपदा बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के कारण खम्मम जिले के जंगलों में वन्यजीवों की संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है। आरक्षित वन क्षेत्रों में लगाए गए कैमरा ट्रैप में हाल ही में एक तेंदुआ अपने शावक के साथ, एक स्लॉथ भालू और चित्तीदार हिरण की गतिविधियां कैद हुई हैं। इससे जंगलों में वन्यजीवों की स्वस्थ मौजूदगी का संकेत मिलता है। जिला वन अधिकारी सिद्धार्थ विक्रम सिंह ने बताया कि कैमरा ट्रैप रिकॉर्डिंग वन्यजीवों की वैज्ञानिक निगरानी और जैव विविधता के अध्ययन के लिए की जा रही है। इन प्रजातियों की मौजूदगी से खम्मम के जंगलों में पर्यावरणीय स्थिति बेहतर होने का संकेत मिलता है।

वन विभाग ने पिछले एक वर्ष में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावास प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें गर्मियों के दौरान वन्यजीवों के लिए जलकुंड प्रबंधन, संवेदनशील क्षेत्रों में 360 डिग्री निगरानी कैमरे लगाना और शिकार विरोधी अभियान तेज करना शामिल है। इसके अलावा वन क्षेत्रों की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है, जिससे निगरानी और जैव विविधता के दस्तावेजीकरण में सुधार हुआ है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे रात के समय जंगलों में जाने से बचें, वन्यजीवों के आवास को नुकसान न पहुंचाएं और बस्तियों के पास वन्यजीव दिखने पर तुरंत अधिकारियों को सूचना दें। विभाग ने बताया कि पुलिगंडाला इको-टूरिज्म परियोजना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ाए जा रहे हैं।

# दिवंगत पत्रकार के परिवार को केटीआर ने दी आर्थिक सहायता



हैदराबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने वरिष्ठ वीडियो पत्रकार दामोदर के परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। दामोदर का पिछले वर्ष 5 दिसंबर को जीदीमेटला में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। बताया गया है कि के. टी. रामाराव पहले भी शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दे चुके थे। अपने वादे को निभाते हुए उन्होंने यह आर्थिक सहायता दी। उनकी ओर से कुकाटपल्ली के विधायक माधवराम कृष्ण राव दामोदर के घर पहुंचे और परिवार को 5 लाख रुपये का चेक सौंपा।

उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि पार्टी आगे भी हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रहेगी। दामोदर को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी स्थिति की जानकारी मिलने पर के. टी. रामाराव ने बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के लिए विधायकों माधवराम कृष्ण राव, के. पी. विवेकानंद और एमएलसी शंबीपुर राजू को अस्पताल भेजा था। हालांकि इलाज के दौरान उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और उनका निधन हो गया।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.